✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

● पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



होली पर बिहार के लिए चलेंगी 200 स्पेशल बस

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :230 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# धरती से आकाश तक दिखा भारतीय सेना का पराक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर**। राजस्थान की राजधानी में अपने आप में एक अनूठा इतिहास रचा गया। सेना दिवस की परेड का आयोजन पहली बार सैन्य छावनी से बाहर जयपुर की महल रोड पर किया गया, जहां धरती से आकाश तक सेना का शौर्य दिखाई दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने वाले हथियारों को जब लोगों ने सड़क पर उतरे हुए देखा, तो उनके रोमांच का कोई ठिकाना नहीं रहा। नवगठित भैरव ब्रिगेड के जवानों ने भी परेड में भाग लिया।

परेड की शुरुआत परमवीर चक्र और महावीर चक्र विजेताओं तथा उनके परिजनों को मेडल प्रदान करने के साथ हुई। सबसे आगे नेपाल आर्मी बैंड का विशेष दस्ता आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, 61 कैवलरी के घुड़सवारों ने लहरिया साफा पहनकर राजस्थानी व सैन्य परंपरा की झलक दिखाई। इस मौके पर सीडीएस अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, मिजोरम के राज्यपाल व पूर्व सेनाध्यक्ष वी।के। सिंह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी मौजूद रहे। टैंक, मिसाइल और एंटी-मिसाइल सिस्टम की झलकः प्रदर्शनी में भीष्म टैंक, अर्जुन टैंक, के-9 वज्र, धनुष तोप, बीएमपी, शिल्का और 155 एमएम अमोघ जैसे अत्याधुनिक हथियारों और बख्तरबंद वाहनों का प्रदर्शन किया गया। वहीं, पिनाका लॉन्चर सिस्टम, भीम मिसाइल, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, नाग और ब्रह्मोस मिसाइल भी प्रदर्शनी में शामिल रहीं। सीमा के मूक सैनिकों के रूप में डॉग स्क्वाड ने भी परेड में हिस्सा लिया, जिसमें जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियन तथा स्वदेशी हाउंड डॉग शामिल रहे। प्रदर्शनी में 13 प्रकार के स्वदेशी ड्रोन, तीन प्रकार के जैमर, मोबाइल ड्रोन ऑपरेटर सिस्टम और कम्युनिकेशन वाहनों का भी प्रदर्शन किया गया। परेड देखने आए दर्शक हुए अभिभूतः पहली बार जयपुर में हुई आर्मी डे परेड को देखने महल रोड पर बड़ी संख्या में आमजन भी पहुंचे। इनमें से कई लोगों को भारतीय सेना के आधुनिक हथियार देखने का पहला बार मौका मिला।

## थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर**। बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस कस्टडी के दौरान एक युवक के साथ की गई कथित बर्बरता ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ताजपुर थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ताजपुर बाजार स्थित एक आभूषण दुकान में हुई भीषण चोरी के मामले में भेरोखड़ा गांव निवासी मनीष कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था।

आरोप है कि हिरासत के दौरान युवक के साथ न केवल बेरहमी से मारपीट की गई, बल्कि उसके निजी अंगों पर अत्यंत अमानवीय व्यवहार भी किया गया। पुलिस अधीक्षक से दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक अरबिंद प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो और पूरे घटनाक्रम की जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद ताजपुर थानाध्यक्ष शंकर शरण दास, कांड के अनुसंधानकर्ता सह अवर निरीक्षक राजवंश पासवान तथा आरक्षी राहुल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# भ्रष्टाचार के आरोप में राजस्व कर्मचारी बर्खास्त, उपमुख्यमंत्री का सख्त संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की मुहिम एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर दिखी है। भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग ने मसौढ़ी अंचल कार्यालय में पदस्थापित तत्कालीन राजस्व कर्मचारी राजा कुमार को गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के तहत की गई है।

**निगरानी विभाग की कार्रवाई से खुला मामला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 दिसंबर 2025 को निगरानी विभाग की धावा दल ने मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय परिसर से राजा कुमार को गिरफ्तार किया था। उन पर परिमार्जन आवेदनों के निष्पादन के बदले एक लाख रुपये की अवैध मांग करने का आरोप था। विभागीय जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने जानबूझकर आवेदनों को लंबित रखा और न तो संतोषजनक स्पष्टीकरण दिया, न ही अनुशासनिक कार्रवाई के दौरान सहयोग किया।





**जांच में आरोप पूरी तरह प्रमाणित**

अपर समाहर्ता-सह-संचालन पदाधिकारी, पटना द्वारा की गई विभागीय जांच में सभी आरोप पूर्णतः प्रमाणित पाए गए। जांच रिपोर्ट और जनहित को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकार ने यह निष्कर्ष निकाला कि आरोपी को सेवा में बनाए रखना लोकहित के प्रतिकूल है। इसी आधार पर बर्खास्तगी का आदेश जारी किया गया। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस विभागीय कार्रवाई से आरोपी के विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**उपमुख्यमंत्री का कड़ा संदेश**

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी आम लोगों को परेशान करेगा या भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, "राजस्व विभाग में रिश्वतखोरी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग की पहल पर रिकॉर्ड समय में बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है, ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है।"

# मकर संक्रांति पर सत्ता और विपक्ष के बीच बढ़ी राजनीतिक मेलजोल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार में मकर संक्रांति के मौके पर दही-चूड़ा भोज के बहाने सियासी मेल-मुलाकातों का दौर लगातार तेज होता जा रहा है। राजधानी पटना से लेकर सत्ता और विपक्ष के गलियारों तक, यह पारंपरिक भोज अब राजनीतिक संदेशों का सॉफ्ट पावर बन चुका है। इसी कड़ी में गुरुवार को लोजपा (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की ओर से दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विशेष रूप से शामिल हुए। चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया, जबकि मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर एनडीए के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भोज में आनंद मोहन के पुत्र चेतन आनंद की उपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। पूरे आयोजन को एनडीए के भीतर बढ़ती सहजता, आपसी संवाद और राजनीतिक तालमेल के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले 14 जनवरी को बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू नेता रत्नेश सदा ने भी दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया था, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के अनेक दिग्गज नेताओं ने शिरकत की थी। दूसरी ओर, मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा की सियासत में विपक्ष भी पीछे नहीं रहा। लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र तेजप्रताप यादव द्वारा आयोजित दही-चूड़ा भोज ने खासा ध्यान खींचा। इस कार्यक्रम में स्वयं लालू प्रसाद यादव, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की मौजूदगी ने इस आयोजन को और राजनीतिक रंग दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले

## आइएएस 2022 बैच के पांच अधिकारियों को संयुक्त सचिव स्तर में प्रोन्नति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के वर्ष 2022 बैच के पांच अधिकारियों को संयुक्त सचिव स्तर में प्रोन्नति प्रदान की है। यह प्रोन्नति एक जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। प्रोन्नत अधिकारियों में मुजफ्फरपुर पश्चिम की अनुमंडल पदाधिकारी श्रेया श्री का नाम प्रमुख है, जो वर्तमान में अवकाश पर हैं। इसके अलावा भागलपुर नगर निगम के नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, कैमूर जिले के भभुआ स्थित उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिव्या शक्ति, खगड़िया की उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्वेता भारती तथा सहरसा के उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गौरव कुमार को भी संयुक्त सचिव स्तर में प्रोन्नत किया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर नगर निगम के नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह को भी इस सूची में शामिल करते हुए संयुक्त सचिव स्तर का दायित्व सौंपा गया है।

# मोदी-नीतीश विजन को जमीन पर उतारा किसान नरेश कुमार ने : राम कृपाल यादव

### बंजर जमीन से करोड़ों की कमाईः नरेश कुमार बने बिहार की बागवानी क्रांति की पहचान

### शून्य से शिखर तकः अमरूद की खेती ने बदली प्रगतिशील किसान की किस्मत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि औरंगाबाद जिले के प्रगतिशील किसान नरेश कुमार ने अदम्य साहस, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी योजनाओं के समुचित उपयोग से बंजर भूमि को समृद्ध बागवानी क्षेत्र में बदलकर बिहार में कृषि नवाचार की प्रेरक मिसाल पेश की है। उन्होंने 125 एकड़ बंजर भूमि को फलों के बाग में परिवर्तित कर यह सिद्ध किया कि सही तकनीक, प्रशिक्षण और परिश्रम से खेती अत्यंत लाभकारी बन सकती है। कृषि मंत्री के अनुसार नरेश कुमार ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, देव प्रखंड के तकनीकी सहायकों और कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीकों को अपनाया। अभिकरण से प्राप्त प्रशिक्षण के दौरान उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी मिली, जिसके आधार पर उन्होंने योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उद्यम को सशक्त बनाया। सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद नरेश कुमार ने 20 प्रगतिशील किसानों का समूह बनाकर 125 एकड़ भूमि मात्र 6 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से लीज पर प्राप्त की। प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत पूरे क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई। कृषि विभाग की संरक्षित खेती योजना से पॉली हाउस का निर्माण कराया गया। साथ ही क्लस्टर आधारित बागवानी योजना के अंतर्गत 25 एकड़ क्षेत्र के लिए 25 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। नरेश कुमार ने ताइवान पिंक किस्म के अमरूद की सघन बागवानी की, जिससे लगभग 6 हजार क्विंटल उत्पादन हुआ। औसतन 3 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक्री कर उन्होंने उल्लेखनीय आय अर्जित की। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 50 लाख रुपये रही, जिसमें से 35 लाख रुपये सरकारी अनुदान के रूप में मिले। इससे उन्हें करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपये की शुद्ध आय हुई, जो बागवानी की व्यापक संभावनाओं को दर्शाती है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का साझा दृष्टिकोण कृषि को परंपरागत सीमाओं से आगे ले जाकर आधुनिक, तकनीक आधारित और आयवर्धक उद्यम के रूप में विकसित करना है, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। उन्होंने बताया कि इस सफलता में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, कृषि उद्यान निदेशालय तथा मृदा एवं जल संरक्षण निदेशालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह मॉडल किसानों को स्वरोजगार, आयवृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए प्रेरित करता है।

# अवैध लॉटरी का भंडाफोड़, सात धंधेबाज गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी**। शहर में अवैध लॉटरी के साए में पल रहे काले कारोबार पर नगर थाना पुलिस ने निर्णायक प्रहार किया है। हिन्द्री बाजार में छिपे संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने सात आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह कार्रवाई कानून की उस सख्त धड़कन का संकेत है, जो अब खामोशी से नहीं, पूरे भरोसे के साथ धड़क रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हिन्द्री बाजार में रोजाना हजारों रुपये का अवैध सट्टा संचालित हो रहा है। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। कई दिनों की गुप्त निगरानी के बाद बुधवार रात अचानक छापेमारी की गई, जहां लॉटरी टिकटों का वितरण और सट्टेबाजी चल रही थी। मौके से लॉटरी टिकट, रजिस्टर, नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए गए।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह पिछले कई महीनों से सक्रिय था और शहर के विभिन्न हिस्सों में इसका नेटवर्क फैला हुआ था। आरोपी अधिकांशतः स्थानीय निवासी हैं, जिनमें कुछ का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस का आकलन है कि यह धंधा खासकर गरीब और मजदूर वर्ग को निशाना बनाकर चलाया जा रहा था, जिससे कई परिवार कर्ज के दलदल में फंस गए। सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अवैध लॉटरी के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच में अहम सुराग मिले हैं और कथित सफेदपोशों की भूमिका की भी पड़ताल जारी है।

# 2 फरवरी से सदन की कार्यवाही 3 फरवरी को पेश होगा बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार विधानसभा और विधान परिषद के बजट सत्र 2026 का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आगामी बजट सत्र की शुरुआत 2 फरवरी से होगी और यह 27 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सदन में पेश करेगी। यह नीतीश सरकार के वर्तमान कार्यकाल का पहला पूर्णकालिक बजट होगा, जिस पर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों की विशेष नजर बनी हुई है। विधान परिषद सचिवालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक 2 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की औपचारिक शुरुआत करेगी। इसी दिन सरकार की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण भी सदन के पटल पर रखा जाएगा, जिसमें राज्य की आर्थिक स्थिति, विकास दर और विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति का खाका प्रस्तुत किया जाएगा। अगले दिन, मंगलवार 3 फरवरी को वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करेंगे। इसी दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की प्रक्रिया भी आरंभ होगी।

# पतंगबाजी विवाद में चली गोलियां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर**। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खुशियों की पतंगें जिस आसमान में उड़नी थीं, वहीं वैशाली में गोलियों की गूंज सुनाई दी। पतंग उड़ाने को लेकर दो किरायेदार परिवारों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। यह घटना हाजीपुर नगर के हथसारगंज ओपी क्षेत्र अंतर्गत बाबू टोला की है। गोली लगने से घायल व्यक्ति की पहचान दिलीप राम के रूप में हुई है, जो हाजीपुर नगर परिषद में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है। दिलीप राम मूल रूप से महुआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सिंघाड़ा का निवासी है और पिछले एक वर्ष से बाबू टोला में किराये के मकान में परिवार के साथ रह रहा था। आरोपी भी उसी मोहल्ले में किराये के मकान में रहता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दिलीप राम के बच्चों और आरोपी के बच्चों के बीच पतंग उड़ाने को लेकर पहले कहासुनी हुई। यह विवाद देर रात बढ़ गया और आरोपियों ने दिलीप राम पर गोली चला दी। गोली उसकी जांघ में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी जब्त कर ली है। साथ ही घटनास्थल से दो खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पतंगबाजी को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था, जो हिंसा में बदल गया। फिलहाल घायल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# महिला और तीन बच्चों की अपहरण के बाद हत्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर**। बिहार के मुजफ्फरपुर से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला और उसके तीन मासूम बच्चों के शव नदी किनारे बरामद किए गए हैं। चारों बीते कई दिनों से लापता थे। घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के चंदवारा की है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक महिला और उसके तीन बच्चे—एक बेटी और दो बेटे—10 जनवरी से लापता थे। सोमवार को चंदवारा पुल के समीप नदी किनारे चारों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृत महिला के पति ने अपहरण के बाद हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शादी की नीयत से पहले पत्नी का अपहरण किया गया और फिर साजिश के तहत उसकी व बच्चों की हत्या कर दी गई। मृतका के पति कृष्ण मोहन कुमार ने बताया कि 12 जनवरी को उन्होंने अहियापुर थाने में लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने कहा कि शनिवार को वह काम पर गए थे और शाम को लौटने पर पता चला कि पत्नी बच्चों के साथ बाजार गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान एक अनजान कॉल आई, जिसमें एक महिला ने अपहरण की बात स्वीकार की थी। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी उन्होंने लगाया है। पुलिस के अनुसार, महिला और बच्चों के शव दुपट्टे से बंधे हुए मिले हैं, जिससे यह मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का प्रतीत होता है। शव पानी में तैरते पाए गए, जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। एसएसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि 12 जनवरी को आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# साइबर अपराधियों ने 4.42 लाख हजार रुपये उड़ाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया**। साइबर अपराधियों ने इनरवा थाना क्षेत्र के इनरवा बाजार निवासी उमेश भगत के बैंक खाता से चार लाख 42 हजार 490 रुपये व मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के पिपरपाती निवासी संजय कुमार वर्मा के बैंक खाते से दो बार में 70 हजार रुपये गायब कर दिया है। मामले में दोनों ने साइबर थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराया है। उमेश भगत ने पुलिस से बताया है कि 12 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल फोन पर उनके एचडीएफसी बैंक अकाउंट से संबंधित एक ओटीपी आया। तब उन्होंने बैंक में फोन किया, जहां से उन्हें बताया गया कि उनका खाता बिल्कुल सुरक्षित है। यह सुन वे निश्चिंत होकर अपने व्यवसायिक काम में लग गए। चार दिन बाद 29 दिसंबर को पैसा जमा करने के लिए बैंक में गए तो पता चला कि 25 से 29 दिसंबर 2025 के बीच उनके बैंक खाता से 25 बार में चार लाख 42 हजार 490 रुपये ट्रांजैक्शन कर लिया गया है। इधर साइबर अपराधियों ने मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के पिपरपाती निवासी संजय कुमार वर्मा के बैंक खाते से दो बार में 70 हजार रुपये गायब कर दिया। दर्ज प्राथमिकी में संजय कुमार वर्मा ने बताया है कि उनका बैंक खाता





भारतीय स्टेट बैंक शाखा मैनाटांड़ में है। इस खाता पर जारी एटीएम वर्ष 2018 में ही निरस्त हो गया था। इसके बावजूद विगत वर्ष 23 दिसंबर को दो बार में 50 हजार और 20 हजार कुल 70 हजार रुपये रुपये की निकासी कर ली गई। अवैध निकासी की जानकारी होने पर संजय कुमार वर्मा ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। इस बावत साइबर डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय चेतना के प्रेरक स्तंभ थे बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरूवार को बिहार विद्यापीठ के संस्थापक सदस्य और स्वतंत्रता सेनानी बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विद्वानों तथा गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम में बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वे बिहार निर्माता होने के साथ राष्ट्रीय चेतना के प्रेरक स्तंभ थे। उन्होंने उनके विचारों और संघर्ष को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर बिहार



विद्यापीठ के सचिव राणा अवधेश, निदेशक आर. बी. एन. सिन्हा, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, जेपी संस्था के अध्यक्ष एम. पी. सिन्हा तथा महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके बहुआयामी योगदान पर प्रकाश डाला। राणा अवधेश ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया जबकि अवधेश के नारायण ने उनके सादे, सरल और प्रभावी व्यक्तित्व पर चर्चा की। एम. पी. सिन्हा ने अपने वक्तव्य में जेपी और बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद के जीवन से जुड़े कई अल्पज्ञात पहलुओं को सामने रखते हुए ऐतिहासिक स्थलों को पुनर्जीवित कर राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की आवश्यकता बताई। शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय की निदेशक मृदुला प्रकाश ने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए महिला चरखा समिति से अपने जुड़ाव को गौरवपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद की भूमिका पर आधारित एक वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों का स्वागत पूनम वर्मा ने किया। मंच संचालन चंद्रकांत आर्य ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में प्रतिमा कुमारी, रिंपल कुमारी, कमलेश कुमार, चंद्रकांत आर्य और कुमारी प्रेरणा की सक्रिय भूमिका रही।

# राष्ट्रमंडल सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार और उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन समारोह में भारत सहित राष्ट्रमंडल देशों के विधानमंडलों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रमंडल देशों के बीच संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना, आपसी संवाद को बढ़ावा देना और विधायी प्रक्रियाओं में सहयोग को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय आचरण, विधायी अनुभवों के आदान-प्रदान और समकालीन चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में भारत की समृद्ध संसदीय परंपराओं और मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे को रेखांकित



किया गया। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवाद, सहमति और सहयोग आवश्यक है। विभिन्न सत्रों के माध्यम से राष्ट्रमंडल देशों के बीच साझा मुद्दों, विधायी नवाचारों और संसदीय संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की इस सम्मेलन में सहभागिता से राज्य की विधायी संस्थाओं की सक्रिय भूमिका और अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंचों पर सहभागिता को बल मिला है। इससे बिहार विधानसभा के अनुभवों को साझा करने और अन्य देशों की संसदीय प्रक्रियाओं से सीखने का अवसर भी प्राप्त होगा। सम्मेलन के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को प्राथमिकता देना आवश्यक है। आगामी सत्रों में इन विषयों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

# स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बड़े बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में मुख्यमंत्री के सात निश्चय-3 (2025 -2030) के विजन के तहत प्रथम चरण में राज्य के 11 जिला अस्पतालों और 180 प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसूति शल्य कक्षों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में



विकसित कर क्रियाशील किया जाएगा। श्री पांडेय ने बताया कि प्रथम चरण में 11 जिला अस्पतालों का चयन किया गया है जिसमें बेगूसराय, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, सीवान, सीतामढ़ी, वैशाली, अररिया, बांका, मुजफ्फरपुर, नालंदा और सहरसा शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य के सभी जिलों के कुल 180 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी चिन्हित किया गया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को उनके घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) के अनुरूप 36 प्रकार के आधुनिक और हाई-टेक चिकित्सीय उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में सभी सिविल सर्जनों को चिन्हित केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और कमी का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री पांडेय ने कहा कि इन केंद्रों को विशिष्ट बनाने के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणालियों को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन केंद्रों पर एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और डिफिब्रिलेटर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से की जाएगी। ताकि आपातकालीन स्थिति का बेहतर प्रबंधन हो सके। इस पहल से न केवल बड़े अस्पतालों पर भार कम होगा, बल्कि राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में एक ऐतिहासिक और दीर्घकालिक सुधार भी देखने को मिलेगा।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया झाझा-मोकामा-पटना रेलखंड का निरीक्षण

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित लखीसराय स्टेशन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा फतुहा-दनियावां-बिहारशरीफ-बरबीघा-शेखपुरा-लक्खीसराय-झाझा रेलखंड तथा वापसी में झाझा-मोकामा-पटना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव एवं संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम



उठाने का निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित लक्खीसराय जंक्शन का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त है। इसके उपरांत महाप्रबंधक लक्खीसराय से झाझा पहुंचे जहां उन्होंने झाझा स्थित रनिंग रूम एवं रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे कॉलोनी स्थित आवासों का गहन जायजा लिया तथा कॉलोनीवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनके समस्याओं के निदान हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने झाझा स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण कर रनिंग कर्मचारियों के लिए उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार तथा मुख्यालय, निर्माण विभाग एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बौद्ध महोत्सव के दौरान कालचक्र मैदान में 24 घंटे चलेगा स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** कालचक्र मैदान में 21 से 24 जनवरी तक आयोजित होनेवाले बौद्ध महोत्सव को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने 10 बजे से रात 10 बजे तक दो शिफ्टों में डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बज से कार्यक्रम समाप्ति तक चलेगी। शिविर में एक डॉक्टर के साथ पैरामेडिकल स्टाफ, आवश्यक एवं आपातकालीन दवाएं व प्राथमिक उपचार किट तथा ऑक्सीजन सेटअप की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कालचक्र मैदान में 24 घंटे एम्बुलेंस तैनात रहेगी। ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके। सीएचसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क रहेगा। ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# होटल मौर्या के बॉलीवुड ट्रीट्स में हुई सिजलर फेस्टिवल 2026 की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हर मौसम में अपने अलग-अलग फूड फेस्टिवलों से ग्राहकों को स्वाद का मजा देने के बाद अब होटल मौर्या का बॉलीवुड ट्रीट्स रेस्टोरेंट सिजलर फेस्टिवल 2026 के साथ हाजिर हो रहा है। गांधी मैदान स्थित बॉलीवुड ट्रीट्स में 16 जनवरी से सिजलर फेस्टिवल 2026 की शुरुआत की जा रही है जो 26 जनवरी, 2026 तक चलेगी। उक्त बात की जानकारी गुरुवार को होटल मौर्या के जनरल मैनेजर अपूर्व गौर ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल के दौरान हमारे ग्राहक विभिन्न प्रकार के लजीज सिजलर व्यंजनों का स्वाद ले



सकेंगे। इस फेस्टिवल का आयोजन पटनावासियों के इच्छाओं व सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। इस फेस्टिवल के दौरान वीकेंड पर ग्राहक लाइव म्यूजिक का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं अपने संबोधन में होटल मौर्या के एफ एन बी मैनेजर निशीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सिजलर लवर्स के लिए ये फेस्टिवल बहुत ही खास होगा क्योंकि इसमें वेज और नॉन-वेज दोनों ही आइटम्स को शामिल किया गया है। इस फेस्टिवल का आयोजन बॉलीवुड ट्रीट्स में दोपहर 1 बजे से लेकर रात 11 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि होटल द्वारा आयोजित यह फेस्टिवल ग्राहकों को बेहद पसंद आएगा। मीडिया को संबोधित करते हुए होटल के रेस्टोरेंट मैनेजर नागेश कुमार ने कहा कि ग्राहक हमारे होटल के बेहतर साज-सज्जा और मनमोहक वातावरण के बीच अपने परिवार संग बेहतरीन खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। यह होटल ग्राहकों को इस फेस्टिवल बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार शेफ दिलीप ने बताया कि इस फेस्टिवल में सिजलर फूड की ढेर सारी भेराईटिज रखी गयी है जिसमें तंदूरी सिजलर, पनीर टिक्का, चिकन टिक्का, मेक्सिकन सिजलर, कॉर्न पेटी, चिकन स्ट्रिप्स, एशियन सिजलर, ग्रिल्ड प्रॉन सहित अन्य सिजलर फूड एवं ड्रिंक्स एंड डेजर्ट शामिल है।

# होली पर दिल्ली समेत कई शहरों से बिहार के लिए चलेंगी 200 स्पेशल बस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होली के अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे बिहार के लोगों को घर आने और वापस जाने की सुविधा देने के लिए 200 स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम 200 होली स्पेशल बसों का संचालन करेगा। इन्हें 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच एक महीने चलाया जाएगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, पश्चिम बंगाल, झारखंड समेत अन्य राज्यों में रह रहे प्रवासी बिहारियों को त्योहार पर घर आने-जाने में सुविधा होगी। यात्री एडवांस में इसका टिकट बुक कर सकते हैं। ऑनलाइन टिकट बुकिंग 1 फरवरी 2026 से शुरू होगी। बीएसआरटीसी का दावा है कि लोगों को इन बसों में सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा की सुविधा मिलेगी। इनमें एसी डीलक्स और नॉन-एसी डीलक्स श्रेणी की बसें शामिल की गई हैं जिनमें 50-60 सीटों की क्षमता होगी। यात्रियों को सुविधा देने के लिए राज्य सरकार इन बसों पर विशेष छूट भी देगी। बिहार सरकार द्वारा इन बसों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर चलाया जाएगा। इनमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, पश्चिम बंगाल और झारखंड से बिहार के लिए प्रमुख रूटों पर संचालित किया जाएगा।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया भगवान शीतलनाथ का जन्म व तप कल्याणक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में पूरे श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों सहित सभी जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आगमन प्रारंभ हो गया। विधि-विधान से



भगवान का अभिषेक, तत्पश्चात शांतिधारा, अर्घ्य समर्पण, आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर भक्ति, मंत्रोच्चार एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। इस अवसर पर भगवान शीतलनाथ के जीवन से प्रेरणा लेते हुए श्रद्धालुओं को अहिंसा, सत्य, संयम एवं तप के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान शीतलनाथ का जन्म बिहार के गया जिले स्थित बद्धिलपुर में हुआ था। वहां स्थापित भगवान की लगभग सात फुट ऊंची पद्मासन प्रतिमा पर सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा शांतिधारा, पूजन एवं आरती की गई तथा विशेष पूजन-पाठ का आयोजन किया गया।

# स्वयंसेवक युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में कटिहार के लिए चयनित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत की ओर से 17 से 21 जनवरी तक कटिहार में आयोजित युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक का चयन हुआ है। स्वयंसेवक सपना सिंह ने बताया कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी है। इससे हम युवाओं को एक्सपोजर विजिट का अवसर मिलता है। पांच दिनों तक युवा आपस में विमर्श करेंगे साथ ही श्रम संस्कार, योगा, वौद्धिक सत्र, भाषा ज्ञान, संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे तथा एक दूसरे के रहन-सहन, खान पान से अवगत होंगे। वही फाउंडेशन के संयोजक शिशुपाल कुमार ने कहा कि भारत विश्व का युवा देश है युवा ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना साकार करेगा। देश के नौजवान नशा मुक्त होकर भारत को मजबूत बनाने में जुट जायें।

# आइसीआइसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पेश किया प्रू वेल्थ फॉरएवर-विरासती योजना बनाने के लिए आसान उत्पाद

## 3 पॉलिसी वर्ष के बाद नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा करता है प्रदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक आसान और कर मुक्त लाभ प्रदान करने वाला विरासती योजना (लिगेसी प्लानिंग) से जुड़ा समाधान प्रदान करने वाला उत्पाद-आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर लॉन्च किया है। यह उत्पाद, उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो अपने प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं। लाइफ कवर की राशि हर महीने तब तक बढ़ती रहती है जब तक ग्राहक 99 साल की उम्र तक नहीं हो जाते। ग्राहक की दुर्भाग्य से मृत्यु हो जाने पर, पूरी लाइफ कवर राशि, कर-मुक्त लाभ के रूप में लाभार्थियों को दी जाती है। आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर को विशेष रूप से ग्राहकों को आसान और समग्र विरासती योजना से जुड़े समाधान के तौर पर तैयार किया गया है। यदि ग्राहक पॉलिसी अवधि तक जीवित रहता है तो भुगतान की गई पूरी प्रीमियम राशि वापस कर दी जाती है। उदाहरण के लिए एक 55 वर्षीय व्यवसायी, जो इस उत्पाद में सात साल के लिए सालाना 30 लाख रुपए का निवेश करता है, उसका लाइफ कवर 1.5 करोड़ रुपए से शुरू होता है जो कि बढ़ता रहता है। पॉलिसीधारक की 85 साल की उम्र में मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति को कर-मुक्त लाभ के रूप में 10 करोड़ रुपए मिलेंगे जिससे उस व्यवसायी की विरासत को बनाए रखने में मदद मिलेगी और परिवार को भी वित्तीय निरंतरता मिलती रहेगी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा देश में बढ़ती आय और जीवन प्रत्याशा के बीच लोग अब विरासती योजना के महत्व को समझने लगे हैं।

# आग लगने से चार फुटपाथी दुकानें जली, हजारों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरीचट्टी बाजार में आग लगने से चार फुटपाथी दुकानें जल गई। इसमें हजारों का नुकसान हुआ है। इन दुकानों में असामाजिक लोगों द्वारा आग लगाए जाने की बात बताई गई है। यह घटना बुधवार की रात करीब डेढ़ की है। बताया गया कि आधी रात के बाद सड़क किनारे स्थित इनकी दुकानों से आग की लपटें तेज उठने लगी तो आसपास के ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी। इसके बाद हल्ला होने पर ग्रामीण और दुकानदार वहां पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। उनके अथक प्रयास से आग बुझ पाया जिस कारण अगल-बगल की दुकानें आग के चपेट में आने से बच गई।

# मकर संक्रांति पर प्रभु आहार फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन ने रेनबो होम में बच्चों को कराया भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा निरंतर जरूरतमंदों की सेवा का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आज रेनबो होम, कुम्हरार, पटना में निवासरत छोटे बच्चों के बीच विशेष रूप से तैयार किया गया दोपहर का भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को मकर संक्रांति के पारंपरिक भोजन के रूप में चूड़ा, भूरा, दही, तिलकुट एवं सब्जी परोसी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया जिससे वातावरण में उल्लास और अपनत्व का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष धर्मराज



केशरी ने कहा कि मेरा मानना है कि यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति अपनी खुशियों का एक हिस्सा जरूरतमंदों तक पहुंचाए तो समाज और अधिक सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय बन सकता है। इस सेवा कार्य में राकेश कुमार, मुकेश जैन, एम.पी. जैन, डॉ. गीता जैन, धर्मराज केशरी, राकेश पाराशर, दुर्गा राय एवं आदित्य राज की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रभु आहार फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन ने भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरेगी पांच नई अमृत भारत एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से होकर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 5 नई अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा-आनंद विहार-हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 03065 संतरागाछी-आनंद विहार अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह उद्घाटन स्पेशल संतरागाछी से 14.45 बजे खुलकर दुर्गापुर-आसनसोल के रास्ते 20.55 बजे धनबाद, 21.18 बजे नेसुब गोमो, 21.33 बजे पारसनाथ, 22.25 बजे कोडरमा, 23.50 बजे गया तथा 19.01.2026 को 00.38 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 00.51 बजे डिहरी ऑन सोन, 01.10 बजे सासाराम, 01.35 बजे भभुआ रोड, 02.50 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 21.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। गाड़ी सं. 22587/22588 सियालदह-बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 03141 संतरागाछी-बनासर अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह उद्घाटन स्पेशल संतरागाछी से 14.45 बजे खुलकर 16.34 बजे दुर्गापुर, 16.57 बजे आसनसोल, 17.50 बजे मधुपुर, 18.11 बजे जसीडीह, 21.58 बजे पटना तथा अगले दिन 01.25 बजे डीडीयू स्टेशनों पर रूकते हुए 03.15 बजे बनारस पहुंचेगी। गाड़ी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस- इस ट्रेन का 17.01.2026 को गाड़ी सं. 01032 सिलीगुड़ी-पनवेल अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह उद्घाटन स्पेशल सिलीगुड़ी से 13.45 बजे खुलकर 18.45 बजे कटिहार, 19.40 बजे नौगछिया, 20.40 बजे मानसी, 21.00 बजे खगड़िया, 21.55 बजे हसनपुर रोड, 23.15 बजे समस्तीपुर, दूसरे दिन 00.30 बजे मुजफ्फरपुर, 01.25 बजे हाजीपुर, 01.45 बजे सोनपुर, 02.30 बजे पाटलिपुत्र, 03.00 बजे दानापुर, 03.35 बजे आरा, 04.25 बजे बक्सर एवं 06.40 बजे डीडीयू स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 11.30 बजे पनवेल पहुंचेगी। गाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 05949 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। गाड़ी सं. 15671/15672 कामाख्या-रोहतक-कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 05671 कामाख्या-रोहतक अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्यमियों के साथ गहन विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में चेम्बर ऑफ कॉमर्स रोहतास एवं अन्य उद्यमियों के साथ गुरुवार को उद्योग वार्ता एवं इज ऑफ डूइंग बिजनेस पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, उद्योग महाप्रबंधक रोहतास, कार्यपालक पदाधिकारी डिहरी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष बबल कश्यप एवं जिले के विभिन्न उद्यमी शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोहतास जिले में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, निवेश को बढ़ावा देना तथा उद्यमियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। बैठक के दौरान उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से संबंधित विभिन्न विषयों पर




उद्यमियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2015 में राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय-01, वर्ष 2020 में सात निश्चय-02 तथा वर्ष 2025 में सात निश्चय-03 लागू किया गया है। सात निश्चय-03 के अंतर्गत एक प्रमुख निश्चय निश्चय संख्या-02 : समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार है। इस निश्चय के माध्यम से राज्य में उद्योगों के तीव्र विकास, बिहार को पूर्वी भारत के एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र एवं विश्व स्तरीय कार्यक्षेत्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित उद्योगपतियों के साथ-साथ बिहार के युवाओं को भी राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु उद्योग विभाग के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग निदेशालय का गठन किया गया है। कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं अन्य व्यवसायियों ने विभिन्न कठिनाइयों की जानकारी जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को दी। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। व्यवसायियों ने सासाराम की तरह डिहरी एवं बिक्रमगंज शहर में पिंक टॉयलेट बनाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए कहा कि आने वाले कुछ माह के अंदर यहां भी पिंक टॉयलेट बनाया जाएगा, इसे लेकर उन्होंने संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। सीसीटीवी की मांग पर कार्यपालक पदाधिकारी डिहरी द्वारा बताया गया कि डिहरी शहर में लगाए गए हैं जो कार्यरत है। बैठक में व्यवसायियों ने सासाराम शहर में जाम की समस्या में निजात एवं वेंडिंग जोन को लेकर धन्यवाद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जाम को लेकर तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। व्यवसायियों की सवाल पर कहा कि धर्मशाला रोड में जाम की समस्या को लेकर जल्द निजात निकाला जाएगा। सवाल के जवाब पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रोहतास पुलिस द्वारा करीब डेढ़ करोड़ साइबर फ्रॉड की राशि वापस कराए गए हैं। उद्योग महाप्रबंधक आशीष रंजन ने बताया कि डिहरी में 238 एकड़, शिवसागर में 491 एकड़ जमीन अधिग्रहण का काम किया गया जो जल्द बियाडा को सौंपा जाएगा। आने वाले समय में 1770 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर उद्योग के लिए दिया जाएगा।

# डालमियानगर में 14 वर्षों से मैच कराना ऐतिहासिक कार्य : शम्भू राम

## वार्ड 29 ने पांचवां लीग मैच जीतकर दर्ज की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर मैदान में हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर क्लब के तत्वावधान में आयोजित 14वें नगर चैंपियनशिप टूर्नामेंट के चौथे लीग मैच में वार्ड 29 ने वार्ड 39 को 53 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मैच से पूर्व आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी अनुज कुशवाहा, नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद शम्भू राम, सीपीआई जिला सचिव कामरेड रघुनाथ सिंह, अमियावर के पूर्व मुखिया सुनील सिंह सहित अन्य अतिथियों मनोज पासवान, विनय, मुकेश एवं आदित्य पाण्डेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शम्भू राम ने कहा कि डालमियानगर में लगातार 14 वर्षों से नगर चैंपियनशिप टूर्नामेंट का आयोजन करना एक ऐतिहासिक कार्य है। यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों को मंच देता है बल्कि पूरे एक महीने तक लोगों को खेल और मनोरंजन का अद्भुत अनुभव भी प्रदान करता है। वहीं समाजसेवी अनुज कुशवाहा ने आयोजन समिति के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर ऐसे आयोजन कराना प्रशंसनीय है। टॉस वार्ड 29 ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। वार्ड 29 के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 ओवर में 187 रन बनाए और वार्ड 39 के सामने 188 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 39 की टीम 134 रनों पर सिमट गई और वार्ड 29 ने मैच 53 रनों से अपने नाम कर लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वार्ड 29 के संटू को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल की ओर से दिए गए इस पुरस्कार को संटू ने 58 रन बनाने और 4 विकेट लेने की शानदार उपलब्धि के साथ सही साबित किया।

# मकर संक्रांति पर सोन आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ऐनीकट स्थित झारखंडी मंदिर हनुमान घाट के समीप सोन नदी तट पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सोन नदी में आस्था की डूबकी लगाकर पूजा-अर्चना की और महादेव मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। देर शाम मुख्य अतिथि प्रकाश गोस्वामी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ज्योति कुमारी की उपस्थिति में भव्य सोन आरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन आचार्य अनुज मिश्रा (ज्योतिष ज्यामिति जागृति फाउंडेशन, डिहरी कटार) के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा संपन्न हुआ। आचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र के साथ दिवाकर उपाध्याय, शिवेन्द्र तिवारी एवं अनिकेत तिवारी ने विधि-विधान से आरती संपन्न कराई। घंटा-डमरू की गूंज, शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न सोन गंगा आरती का दृश्य अत्यंत अलौकिक और मनमोहक रहा। इस दिव्य आयोजन के दर्शन के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु सोन नदी घाट पर उमड़ पड़े। सोन आरती की भव्यता और अनुशासन बनाए रखने के लिए आचार्य अनुज मिश्रा द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए आयोजक समिति के साथ प्रशासन की टीम भी मुस्तैद रही और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर राज पटेल उर्फ बंटी, पंकज कुमार उर्फ गुड्डू, अमित कुमार, राजन कुमार गुप्ता, संदीप तिवारी, मुन्ना पासवान, किरण पासवान, कुमारी अंजली, ज्योति गुप्ता, गायक बिजेंद्र जख्मी, पिंटू दिलवाले, राजेश कुमार, कलाकार बिनू गोपाल, विजय कुमार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नारायण युवोत्सव छात्रों को प्रदान करता है शैक्षणिक गतिविधियों का सशक्त मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार में नारायण युवोत्सव 2026 का उद्घाटन समारोह अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर के साथ विश्वविद्यालय के वार्षिक युवा महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ जिसका उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, नवाचार तथा मूल्यपरक



शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारायण युवोत्सव छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों से इतर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं नेतृत्व कौशल को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रो. डॉ. एम. के. सिंह ने छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुलसचिव कुमार आलोक प्रताप एवं नियंत्रक परीक्षा सुदीप कुमार सिंह भी उपस्थित रहे जिन्होंने युवोत्सव की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। उद्घाटन समारोह में निरूपमा सिंह, डॉ. संगीता कुमारी एवं डॉ. मोनिका सिंह, विश्वविद्यालय के निदेशकगण, विभिन्न संकायों की डीन, वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर (नॉन-टीचिंग) कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिससे विश्वविद्यालय परिसर में एकता एवं सहयोग की भावना परिलक्षित हुई। कार्यक्रम में नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, नारायण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, नर्सिंग, कृषि विज्ञान, विधि विभाग प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी आदि के छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर नारायण युवोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद एवं जागरूकता आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी भी दी गई।

# भभुआ में युवक की संदिग्ध मौत, रोड जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ में युवक विशाल चौरसिया की संदिग्ध मौत से इलाके में तनाव फैल गया था। सोनहन-भभुआ पथ पर टेढ़वा मोड़ के पास पूरब पोखरा क्षेत्र में सड़क किनारे पानी में उनकी डेड बॉडी मिली। ग्रामीणों ने उसे सदर अस्पताल भभुआ पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए एकता चौक पर शव रखकर सुबह से जाम लगा दिया। वे निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा की मांग कर रहे थे। भभुआ डीएसपी मनोरंजन भारती ने बताया कि विशाल नौजवान निजी काम से बाइक पर कहीं जा रहे थे जब उनकी डेड बॉडी मिली। परिजनों में भारी आक्रोश है। पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और सच्चाई सामने लाएगी। जाम हटा लिया गया है। भभुआ एसडीएम ने कहा कि कल रात युवक की मृत्यु हुई। परिवार ने सड़क पर डेड बॉडी रखकर जाम लगाया। उनकी मांग प्रॉपर अनुसंधान और दोषी को सजा की है। प्रथम दृष्टया पता चला कि वह बाइक से जा रहे थे। पूरा मामला जांच के दायरे में है। पूरब पोखरा के आसपास घटना घटी। परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। फिलहाल जांच जारी है, कोई आधिकारिक निष्कर्ष नहीं आया। घटना से भभुआ शहर में चर्चा है।

# आरपीएफ ने जब्त की लावारिस हालत में रखी 40 लीटर देशी शराब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक प्रभारी डिहरी ऑन-सोन रामविलास राम के कुशल नेतृत्व में आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक हरे राम कुमार, साथ सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी रमाशंकर सिंह तथा सी.पी.डी. एस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार साथ आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी राजू कुमार सभी संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 04/05 के पूरब स्थित निर्माणाधीन पानी टंकी के पास लावारिस हालत में 2 बैग जिसमें कुछ वजनी सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके पास जाकर उक्त बैग को चेक करने पर कुल 200 अदद छबीली मसालेदार देसी शराब, कुल 40 लीटर बरामद हुआ जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए लावारिस शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग सासाराम को सुपुर्द किया गया।

# मकर संक्रांति पर भाजपा का दही-चूड़ा प्रीतिभोज कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में गुरुवार को मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चूड़ा का प्रीतिभोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नगर परिषद बिक्रमगंज स्थित वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर प्रांगण में आयोजित दही-चूड़ा भोज में भाजपा के सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित आमजन काराकाट विधानसभा के भाजपा नेता डॉ. मनीष ने स्वागत किया। यह पर्व साल 14 व 15 जनवरी को मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस काल में मृत्यु प्राप्त करने वाले लोगों को मोक्ष भी मिलता है। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि यह



पर्व समानता-एकता को जोड़ने के साथ सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है जो हमारे जीवन में नए सवेरा की नई उमंग के प्रकाश को बिखेरता है। खिचड़ी का दान और सामूहिक भोज समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाने और जाति-पाति के आपसी भेदभाव मिटा एकजुटता के प्रेम में जुड़ने का संदेश भी देता है। प्रीतिभोज मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, सचिव लाल बिहारी सिंह, प्रो. वीर बहादुर सिंह, कन्हैया सिंह, अमरेंद्र मिश्र, उमाशंकर सिंह, बलवंत सिंह, सुनील सिंह, फैजल अहमद, प्रियतम कुमार, परविंदर सिंह व राजद नेता मुन्ना राय, कृष्णा सिंह, मदन प्रसाद वैश्य, विजय राय, सुनील सिंह, हरिचरण कुशवाहा, जदयू नेता विकास सिंह, नथुनी सिंह, ललन चौरसिया, अंजनी पांडे, बीसीओ अखलेश्वर सिंह, लल्लू सिंह, हरेंद्र हरियाली, गुडु यादव, संजय वर्मा, बीरेंद्र तिवारी, बिट्टू सिंह, ललित मोहन सिंह, अंकित सिंह, नंदा पांडे, पंकज पटेल, फिरोज खां सहित समस्त महाविद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

# शराबी और शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के चितरंजन उम्र 20 वर्ष पिता भगन बिंद जोगिंदर बिंद उम्र 28 वर्ष पिता स्वर्गीय शिवमुनी बिंद धर्मेंद्र बिंद उम्र 20 वर्ष पिता स्वर्गीय राजवंश बिंद ग्राम डेहरिया थाना-चेनारी, जिला-रोहतास को शराब सेवन में विधिवत गिरफ्तार किया गया। कांड संख्या 13/26 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक अभियुक्त सोनू बिन्द पिता शिव मूरत बिन्द ग्राम देव डिही थाना-चेनारी, जिला-रोहतास को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब सेवन और धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया आगे की कार्रवाई की जा रही है।


GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025
*for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/17 Dated : 15.01.2026**

**Notice for Stray Vacancy Round-4 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-4 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling UGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 22.09.2025, 2025/03 dated 03.10.2025, 2025/06 dated 31.10.2025 , 2025/08 dated 05.10.2025, 2025/09 dated 20.11.2025, 2025/12 dated 05.12.2025 & 2025/14 dated 11.12.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year UG Ayush Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2025 Online Stray Vacancy Round-3 counselling held from 19.12.2025 to 20.12.2025.

Consent are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/16 Dated 15.01.2026 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round-3 Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website. **The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.**
3. **Stray Vacancy Round-4 Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Registration and submission of Application will start from 16.01.2026 and close on 18.01.2026 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[UGMAC (Ayush)]-2025/16 Dated 15.01.2026 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**


# कैप्टन की सेवानिवृत्ति के बाद बना उत्सवी माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन विनय कुमार तिवारी का गुरुवार को उनके पैतृक गांव दावथ में भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही विनय कुमार तिवारी दावथ गांव के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले बिठवां के पास पहुंचे, गांव एवं इसके आसपास के सैकड़ों लोग गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत करने के लिए जुलूस के रूप में एकत्रित हो गए। बैंड बाजे और घोड़े के साथ कैप्टन तिवारी को पूरे गांव का भ्रमण कराया गया जहां लोगों ने



फूल की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। कैप्टन विनय कुमार तिवारी ने लोगों के द्वारा किए गए इस स्वागत को लेकर कहा हमारा गांव छोटा जरूर है, लेकिन यहां के लोगों का दिल बहुत बड़ा है। सभी ने मेरे सेवानिवृत्ति को एक उत्सव के रूप में मनाया और यह पल मुझे जीवन भर याद रहेगा। उन्होंने बताया कि मैं 1995 में देश सेवा के लिए गया था और 30 साल की सेवा के बाद आज जो सम्मान मुझे मिला, वह मेरे लिए बहुत विशेष है। मैंने कारगिल युद्ध में भाग लिया और ईमानदारी से देश की सेवा की है। अब मैं गांव के लोगों के लिए काम करूंगा और युवाओं को देशहित में मार्गदर्शन देने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर जवान की मां एवं पत्नी भी भावुक हो गईं। समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह मंत्री ने इस अवसर पर कहा आज भी भारतीय सेना के जवानों पर हमें गर्व है। आचार्य रामजी तिवारी ने कहा कि देश के सभी लोग सेना पर गर्व महसूस करते हैं। आपने कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर उनके उनके भाई विजय तिवारी, सीआईएसफ में कार्यरत विनोद तिवारी, सीआईएसफ में कमांडेंट वीरेंद्र तिवारी, मोद नारायण तिवारी, बीटू तिवारी, मोहन तिवारी, वन जी तिवारी, विक्की श्रीवास्तव, राजू लाल, शशि भूषण सिंह, ढुनमुन सिंह, शिव शंभू सिंह, पूर्व बीडीसी परवेज सिद्दीकी पंडित राम जी तिवारी, शंभू नाथ मिश्रा, रामेश्वर गिरि, शिक्षक मदन प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के निर्देशन में उप निरीक्षक शिव राज साथ सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी देवलास राम एवं आरक्षी उमेश कुमार सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के द्वारा रात्रि गश्त के दौरान एक व्यक्ति राकेश सिंह, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता स्वर्गीय विजय सिंह, ग्राम तोलरा मोहल्ला टोरी, थाना रहेला, जिला पलामू (झारखंड) को 10 अदद पेंड्रोल क्लिप के साथ पकड़ा जिससे पूछने पर अपने पास रखे गए रेल संपत्ति पेंड्रोल क्लिप के संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए एवं बताया कि इसे पी.डब्ल्यू.आई. स्टोर के उत्तर किलोमीटर संख्या 554/1004 के पास रखे हुए को चुरा कर बेचने हेतु ले जा रहा हूं।

# 17 से जैतपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड कैमूर द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल टूर्नामेंट को लेकर गुरुवार को जेडीयू कार्यालय भगवानपुर में बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष अंशु सिंह तथा मंच के संचालन किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने किया। बैठक का मुख्य अतिथि जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि 17 जनवरी 2026(शनिवार) से खेल मैदान जैदपुर (भगवानपुर) में



फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा जिसका उद्घाटन करहगर विधायक सह युवा जेडीयू बिहार प्रभारी वशिष्ठ सिंह मौजूद रहेंगे। जेडीयू मुख्य प्रवक्ता सह आई टी सेल प्रमुख अतुल पटेल ने बताया कि यह टूर्नामेंट भगवानपुर प्रखंड के जैतपुर खेल मैदान जनता दल यूनाइटेड कैमूर के तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आठ टीम भाग लेगी। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय पटेल होंगे। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों ने कमर कस ली है खेल मैदान की सफाई, लाइनिंग और अन्य आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं जिससे आयोजन का भव्य रूप देने की कोशिश हो रही है। यह टूर्नामेंट स्थानीय स्तर पर खेल प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ रहा है। इस टूर्नामेंट का भव्य रूप देने के लिए जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष अंशु सिंह, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पंचायत अध्यक्ष बलिस्टर चौधरी, सचिव प्रीतम खरवार, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी मौजूद रहे।


GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025
for MD (Homeo)

***Advt. No.*- BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/28 Dated : 15.01.2026**

**Notice for Stray Vacancy Round-3 Online Application & Choice Filling**

1. Online Application with Choice Filling after Stray Vacancy Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(PG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-3 Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling PGMAC(Homeopathy)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 26.09.2025 , 2025/15 dated 05.11.2025, 2025/21 dated 24.11.2025 & 2025/25 dated 08.12.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year PG Ayush Courses (MD [Homeo]) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Homeopathy)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online Stray Vacancy Round-2 counselling held from 20.12.2025 to 21.12.2025.

Consent are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/27 Dated 15.01.2026 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round-2 Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website. **The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.** Presently there is no any vacancy in Govt. Homoeopathic College.
3. **Stray Vacancy Round-3 Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Registration and submission of Application will start from 16.01.2026 and close on 18.01.2026 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of PGMAC(Homeopathy)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/27 Dated 15.01.2026 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**


CMYK

# समृद्धि यात्रा 2026 से पहले नालंदा में विकास कार्यों की रफ्तार तेज

## डीएम कुंदन कुमार ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा 2026 को लेकर नालंदा जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। इसी कड़ी में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिले भर में संचालित विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय-2 के तहत किए गए कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास और निरीक्षण से जुड़ी सभी तैयारियां समयसीमा के भीतर सुनिश्चित की जाएं, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी तरह की कमी न रह जाए। सिंचाई योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति




गिरियक प्रखंड स्थित पंचाने सिंचाई योजना के पुनर्स्थापन का कार्य शुरू हो चुका है। 59 किलोमीटर लंबी नहर में से 32 किलोमीटर में मिट्टी कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्य नहरों पर सेतु निर्माण और कैनाल लाइनिंग का कार्य भी प्रगति पर है। वहीं बरगाईन पईन, अधियारा नदी और लोकाईन नदी से जुड़े बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी कार्यों की भी समीक्षा की गई। सरमेरा में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित समेकित कृषि प्रणाली के तहत कृषि अनुसंधान केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है। पॉली हाउस, हाईटेक नर्सरी, शेडनेट, सूक्ष्म एवं स्वचालित सिंचाई प्रणाली, तालाब निर्माण और पौधारोपण जैसे अधिकांश कार्य अंतिम चरण में है। हिलसा बाईपास (पूर्वी), राजगीर बाईपास, एनएच-82 से जुड़े पथों, सकसोहरा मार्ग, बिहारशरीफ-तुंगी सड़क और बख्तियारपुर-पचासा मोड़ पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। कई स्थानों पर आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट और एचपी कल्वर्ट का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। बैठक में राजगीर को ईको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। ब्रह्मकुंड परिसर के समग्र विकास, जेपी उद्यान, वेणुवन, घोड़ा कटोरा, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और प्रस्तावित डायनासोर पार्क निर्माण को लेकर अग्रेत्तर कार्रवाई की जानकारी दी गई। अस्थावां, इस्लामपुर, चंडी, रहुई, हरनौत और गिरियक प्रखंड में नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी विभागीय पदाधिकारियों और कार्यपालक अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेही के साथ निर्वहन करें, ताकि जिले की विकास योजनाएं धरातल पर समय पर दिखाई दें। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित भवन, पथ निर्माण, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, पर्यटन एवं ग्रामीण कार्य विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में भूकम्प सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ, जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार जिले में 'भूकम्प सुरक्षा पखवाड़ा' दिनांक 15.01.2026 से 28.01.2026 तक मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत भूकम्प से सुरक्षा एवं बचाव से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

जिले के विभिन्न प्रखंडों/अंचलों— नवादा सदर, कौआकोल, वारिसलीगंज, काशीचक, रोह, पकरीबरावां एवं नारदीगंज—में कुल 42 स्थलों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इसी क्रम मे गुरुवार को नवादा सदर अंचल में अंचल कार्यालय, नवादा सदर, रेलवे स्टेशन परिसर तथा 03 नम्बर बस स्टैंड में भूकम्प सुरक्षा से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आमजनों को भूकम्प के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्म्स एक्ट के आरोपित गिरफ्तार

**नारदीगंज, नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने उसी गांव के आर्म्स एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कांड संख्या 319 /2025 के आरोपित दलेलपुर निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह आर्म्स एक्ट का आरोपी है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

### 20 सूत्री की बैठक 16 जनवरी को

**नारदीगंज, नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्रियान्वयन समन्वय समिति( 20 सूत्री) की बैठक 16 जनवरी 2026 को होगी। यह बैठ5क प्रखंड मुख्यालय स्थित 20 सूत्री कार्यालय में आयोजित होगी। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा 20 सूत्री की बैठक 16 जनवरी को तीन बजे अपराह्न से शुरू होगी। इस बैठक में शिक्षा,स्वास्थ्य, कृषि,सहकारिता,आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा होगी।

### स्थानांतरित शिक्षक को दी गई विदाई

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय में पदस्थापित संगीत विषय के शिक्षक गुरुशरण यादव के ऐच्छिक स्थानांतरण के बाद विद्यालय में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। प्रभारी



प्राचार्य अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में उन्हें बुके व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि स्थानांतरण और पदस्थापन प्रशासकीय प्रक्रिया है। जो सरकारी कर्मी होते हैं, उन्हें इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। संगीत शिक्षक गुरुशरण यादव ने इस विद्यालय में जो योगदान दिया हैं,वह सदैव स्मरणीय रहेगा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# सांसद के खिलाफ सांगा न्याय सेना की आवाज, कन्हैया कुमार ने उठाए तीखे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा में सांगा न्याय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगा संजीत उर्फ कन्हैया कुमार बादल ने सांसद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने सांसद पर नवादा की जनता के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। कन्हैया कुमार बादल ने सवाल उठाया कि नवादा की जनता का पैसा इंदौर में क्यों खर्च किया गया, जबकि जिले में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

उन्होंने कहा कि सांसद को चुने हुए लगभग दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन नवादा में कोई ठोस विकास कार्य नजर नहीं आता। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद केवल भाषणों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहे। कन्हैया कुमार बादल ने चेतावनी दी कि यदि सांसद ने जल्द जनता के सवालों का जवाब नहीं दिया और विकास कार्यों का हिसाब नहीं रखा, तो न्याय सेना नवादा की जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# उप विकास आयुक्त ने किया अकबरपुर प्रखंड कार्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र व खेल मैदान का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** गुरुवार को उप विकास आयुक्त द्वारा अकबरपुर प्रखंड कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय तथा मनरेगा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यालयों में संधारित सभी पंजियों का अवलोकन किया गया एवं सभी पंजियों को नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यालय में कतिपय पंजियाँ अद्यतन नहीं पाई गईं, जिस पर पीओ, अकबरपुर को चेतावनी देते हुए दो दिनों के भीतर सभी पंजियों को अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। इसके



उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत पचरुखी ग्राम पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-08 (कोड-79) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता की जांच उप विकास आयुक्त द्वारा स्वयं पोषाहार ग्रहण कर की गई। इसी क्रम में पचरुखी पंचायत के महिमा बीघा में संचालित खेल मैदान का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खेल मैदान के समुचित संचालन एवं नियमित रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# पुलिस अवर निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा को लेकर नवादा में प्रशासनिक तैयारी, कदाचारमुक्त परीक्षा के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले में गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर चयन हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 18 एवं 21 जनवरी 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियाँ की हैं।

इसी क्रम में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में




जिला पदाधिकारी ने बताया कि नवादा जिले में कुल 21 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी केन्द्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) अनिवार्य होगी। पुरुष परीक्षार्थियों की जांच पुरुष पुलिस बल एवं महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला पुलिस बल द्वारा हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से की जाएगी। प्रवेश पत्र के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, घड़ी, कैलकुलेटर अथवा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को परीक्षा केन्द्र में ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही बिजली, पेयजल एवं शौचालय की समुचित सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा के दौरान शौचालय जाने पर पुनः फ्रिस्किंग अनिवार्य होगी। रिपोर्टिंग समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा तथा अवैध रूप से प्रवेश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजगीर में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

## एमएलसी रीना यादव ने किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** पर्यटन नगरी राजगीर में नालंदा जिला प्रशासन की पहल पर गुरुवार से दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विधान परिषद सदस्य रीना यादव ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा इलाका अखाड़े के रंग में रंगा नजर आया।

दंगल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखंड एवं बिहार के विभिन्न जिलों से आए कुल 50 जोड़ी पहलवानों ने भाग लिया। पारंपरिक अखाड़े की मिट्टी में हुए रोमांचक मुकाबलों में पहलवानों ने अपनी ताकत, दांव-पेंच और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। हर मुकाबले पर दर्शकों की तालियों और उत्साहपूर्ण नारों से माहौल गूंजता रहा। दंगल के माध्यम से ग्रामीण खेल संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। खिलाड़ियों के जज्बे और अनुशासन की उपस्थित अतिथियों व दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहना की। प्रतियोगिता को देखने आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी रीना यादव ने कहा कि बिहार सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के युवा खेल के माध्यम से आगे बढ़ें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिहार की पहचान बनाएं।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, खेल मैदान, आधुनिक उपकरण एवं प्रोत्साहन राशि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यक्रम में एसडीओ आशीष नारायण, थाना प्रभारी रमन कुमार, वार्ड पार्षद महेंद्र यादव, गोलू यादव, श्रवण यादव, सूरज यादव, प्रशांत कुमार, कुश यादव, नीतिराज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गंभीर एनीमिया से जूझ रही गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन सुक्रोज उपचार से सुरक्षित मातृत्व संभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिरदला।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आयोजित फॉलो-अप दिवस पर एनीमिया प्रबंधन की दिशा में एक सराहनीय और प्रभावी पहल की गई। इस दौरान गंभीर एनीमिया से पीड़ित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिकित्सीय निगरानी में आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया, जिससे सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

डॉ. लालमुनि कुमारी गुप्ता की चिकित्सीय देखरेख में कुल छह गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया। इनमें मनीषा देवी (भट्टबीघा), सपना कुमारी (कुशहान), सोनम कुमारी (बैरियाटंड), पम्पी कुमारी



(अमैना), सोनाली कुमारी (नीचे बाजार, पति—गुड्डू रजक) एवं सरिता कुमारी शामिल हैं। सभी महिलाएं गंभीर एनीमिया से ग्रसित थीं और उन्हें विशेष निगरानी में उपचार प्रदान किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 15 एवं 21 तारीख को विशेष रूप से बुलाकर विस्तृत जांच, समयबद्ध उपचार और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को समय पर आयरन सुक्रोज देने से गर्भावस्था के दौरान होने वाले जटिल जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में मातृ मृत्यु की संभावना लगभग 75 प्रतिशत तक हो सकती है, लेकिन सही प्रबंधन, नियमित जांच और समय पर उपचार से इस खतरे को प्रभावी रूप से घटाया जा सकता है।

इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज कुमार ने गर्भवती महिलाओं को आयरन युक्त आहार लेने, नियमित दवा सेवन करने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल आने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिवार नियोजन सलाहकार ओम प्रकाश, लैब टेक्नीशियन राजेश्वर प्रसाद यादव, एएनएम रूबी कुमारी, रीता कुमारी, दवा वितरणकर्ता राहुल कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

# तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के गायत्री युगल इंटर विद्यालय डोहरा में आयोजित तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 12 जनवरी से शुरू हुआ था। यह प्रशिक्षण विभिन्न विद्यालयों के शिक्षा समिति सदस्यों को दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को विद्यालय विकास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया।

उक्त प्रमाण पत्र को भरकर जमा करने की बात कही गई। इस प्रशिक्षण में विद्यालय के प्रधान शिक्षक के अलावा विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष, सचिव व तीन सदस्यों को प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। डोहरा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार के देखरेख में हुआ। प्रशिक्षक के रुप में विशाल चंद्र, सोनू कुमारी के माध्यम से इस प्रशिक्षण में सात विद्यालय के प्रधान शिक्षक,शिक्षा समिति अध्यक्ष, सचिव के अलावा तीन सदस्यों को विद्यालय के सही संचालन, विद्यालय में सामाजिक भागीदारी, बच्चों का उत्थान,विद्यालय और समाज का आर्थिक समन्वयक, विद्यालय में योगदान के बारें में भूमिका के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारें में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा विद्यालय का सही तरीके से संचालन हो। विद्यालय का विकास का सही तरीके से रूपरेखा तैयार करने के बारें बताया गया। मौके पर मटिहानी के प्रधानाचार्य सोनी कुमारी, फलडु के प्रधानाचार्य संजय कुमार, सिरपतिया के प्रधानाध्यापक रामजी प्रसाद, मोतनाजे के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिन्हा समेत अन्य प्रशिक्षण प्राप्त किये।

# मकर संक्रांति पर राजगीर में उमड़ा आस्था का महासंगम

## ब्रह्मकुंड में स्नान को पहुंचे लाखों श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल राजगीर में आयोजित राजकीय मकर मेले के अवसर पर गुरुवार को आस्था का विराट दृश्य देखने को मिला। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने ब्रह्मकुंड में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। सुबह से ही कुंड क्षेत्र में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण हर-हर गंगे के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। ब्रह्मकुंड सहित आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ नियंत्रण और सुरक्षित



स्नान व्यवस्था में जुटे रहे। राजगीर थाना प्रभारी रमन कुमार ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर ब्रह्मकुंड में स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है और हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है। पंडा कमेटी के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष मकर मेले में श्रद्धालुओं की संख्या अनुमान से कहीं अधिक रही। साफ मौसम के कारण बिहार सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पंडा कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन नवादा शाखा का चुनाव संपन्न, अनिल कुमार की टीम निर्विरोध निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बुधवार को बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा, नवादा के पदाधिकारी एवं डेलिगेट्स सदस्यों के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। यह नामांकन केंद्रीय कार्यालय बिहार, पटना द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं प्रदेश सहायक महामंत्री संजीत पासवान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा भोजपुर के मुख्य चुनाव पदाधिकारी राकेश कुमार (अध्यक्ष) एवं गौरव पासवान (मंत्री) के नेतृत्व में किया गया।

नामांकन के दौरान एक टाई-सीट को छोड़कर किसी अन्य पद पर दूसरा नामांकन नहीं हुआ, जिसके बाद वर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार की पूरी टीम को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में अनिल कुमार अध्यक्ष, कौशलेंद्र पासवान मंत्री, राहुल कुमार कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार उपाध्यक्ष-



01, मो. मुदस्सिर उपाध्यक्ष-02, बलिराम कुमार सहायक सचिव, सरफराज आलम केंद्रीय सदस्य तथा पांडव कुमार अंकेक्षक शामिल हैं। चुनाव के बाद संगठन में हर्ष का माहौल देखा गया।

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर एसडीओ ने की छापेमारी, संचालकों में हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने गुरुवार को शहर में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। यह छापेमारी शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल के पीछे चल रहे केरला अल्ट्रासाउंड तथा गोला बाजार स्थित वैष्णवी अल्ट्रासाउंड में की गई। कार्रवाई से अवैध रूप से संचालन करने वाले संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छापेमारी के दौरान केरल अल्ट्रासाउंड केंद्र में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि केंद्र का संचालन




अवैध तरीके से किया जा रहा था और वहां किसी अधिकृत डॉक्टर की मौजूदगी भी नहीं थी। इसके बावजूद अल्ट्रासाउंड जांच की जा रही थी जो स्वास्थ्य नियमों का खुला उल्लंघन है। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि बिना डॉक्टर और वैध अनुमति के अल्ट्रासाउंड संचालन को गंभीर अपराध माना जाता है। वहीं छापेमारी की सूचना मिलते ही गोला बाजार स्थित वैष्णवी अल्ट्रासाउंड के संचालक एवं अन्य कर्मी केंद्र को बंद कर मौके से फरार हो गए। इससे यह संदेह और गहरा गया कि केंद्र में भी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक जानकारी एकत्र की। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि शहर में अवैध रूप से चल रहे क्लिनिक और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से शहर में अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## यात्री का सामान सही सलामत किया गया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** सुरक्षा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 12398 के गया आगमन के दौरान एक यात्री का सामान पेंट्रीकार और कोच संख्या एस 06 के बीच लावारिस अवस्था में पाया गया। सूचना के आधार पर एक लाल रंग का ट्रॉली बैग और एक काले रंग का टीन का बक्सा जिसमें उपयोगी कपड़े तथा कैंटीन के दैनिक उपयोग का सामान रखा हुआ था, सुरक्षित रूप से उतारकर पोस्ट पर लाया गया। जानकारी के अनुसार लावारिस पाए गए सामान के स्वामी राणा कुमार सिंह हैं जिनके पिता का नाम वृजकिशोर सिंह है। उनका पता पांडेपुर, वार्ड संख्या 13, थाना चौरउआ, जिला सारण बताया गया है। मामले की जानकारी संबंधित यात्री को दी गई। सूचना मिलने पर यात्री की पत्नी राधा कुमारी, पति राणा कुमार सिंह, उपरोक्त पते के अनुसार 15 जनवरी 2026 को पोस्ट पर उपस्थित हुईं। उन्होंने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। दस्तावेजों की जांच और सत्यापन सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार द्वारा किया गया।

# डॉ. शिव कुमार राय बने पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा)

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मूल रूप से बिहार के मूलसर्प निवासी डॉ. शिव कुमार राय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में लगभग तीन दशक की समर्पित सेवा के बाद एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी पदोन्नति पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) के पद पर हुई है। डॉ. शिव कुमार राय ने वर्ष 1995 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सहायक कमांडेंट (चिकित्साधिकारी) के पद पर नियुक्त होकर अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में तैनाती के दौरान बल के जवानों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई। कठिन परिस्थितियों, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और चुनौतीपूर्ण कार्यस्थलों पर भी उन्होंने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। अगस्त



2022 से वे 47 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कमांडेंट (चिकित्सा) सह मुख्य चिकित्साधिकारी (एसजी) के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने बल की चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। लगभग 30 वर्षों के सतत परिश्रम और अनुकरणीय सेवा के बाद 14 जनवरी 2026 को उन्हें पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इसके बाद 15 जनवरी 2026 को पुलिस महानिरीक्षक, बिहार सेक्टर द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से उन्नयन पदोन्नति रैंक प्रदान की गई। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों और सहकर्मियों ने डॉ. शिव कुमार राय को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनकी पदोन्नति को बल में चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में लंबे समय से किए गए योगदान की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

# डेल्हा थाना क्षेत्र से 15 दिनों से लापता राजेश मालाकार, परिवार की बढ़ी चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** डेल्हा थाना क्षेत्र के धनिया बगीचा मोहल्ला निवासी राजेश मालाकार बीते 15 दिनों से लापता हैं। उनके अचानक गायब हो जाने से परिवार में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन किए जाने के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है जिससे परिवारजन मानसिक तनाव में हैं। परिजनों के अनुसार राजेश मालाकार 31 दिसंबर 2025 की शाम से लापता हैं। बताया गया कि उसी दिन शाम के समय राजेश मालाकार और उनकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हुआ था। विवाद के बाद वे नाराज होकर घर से बाहर निकल गए, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। लापता व्यक्ति के पुत्र राहुल कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने पिता को खोजने के लिए रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के मोहल्लों में पूछताछ की, लेकिन कहीं से कोई ठोस सूचना प्राप्त नहीं हुई। इसके बाद राहुल कुमार ने डेल्हा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने पिता की सकुशल वापसी की गुहार लगाई है और पुलिस से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है। परिवार का कहना है कि राजेश मालाकार का किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी और वे पहले कभी इस तरह बिना बताए घर से नहीं गए थे। ऐसे में उनका लंबे समय तक लापता रहना परिवार के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। परिजन आशंका जता रहे हैं कि कहीं उनके साथ कोई अनहोनी न हो गई हो। डेल्हा थाना पुलिस के अनुसार आवेदन प्राप्त हो चुका है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर पूछताछ कर रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल विवरण की भी जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानपुर प्रखंड के रसलपुर गांव के समीप गुरुवार की दोपहर अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से 16 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान रसलपुर महादलित टोला निवासी भूलटन मांझी के बेटे छोटू मांझी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि वह सुबह घर से खाना खाकर ट्रैक्टर पर मजदूरी करने निकला था। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि जिस ट्रैक्टर पर मजदूरी करने निकला था, उसी ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गयी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित परिवार पहले शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं हो रहे थे। उन्हें समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीड़ित के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस घटना से रसलपुर महादलित टोले में कोहराम मच गया। सभी लोग घटना से दुखी थे। परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष से डॉ. मनीष पंकज ने की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने मिलकर उन्हें अंगवस्त्र, गुलदस्ता एवं भगवान बुद्ध का चित्र भेंट कर मकर संक्रांति की बधाई दी। साथ ही नव वर्ष 2026 के अवसर पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी के लिए मंगलकामनएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि संजय सरावगी का संगठन अनुभव, अनुशासन और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत संवाद भारतीय जनता पार्टी को बिहार में और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में पार्टी बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को नई ऊर्जा और



दिशा मिलेगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है और वे स्वयं भी संगठन को मजबूत करने में हर संभव योगदान देंगे। भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और सद्भावना के संदेश से प्रेरणा लेकर पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। नव वर्ष 2026 को उन्होंने सेवा, सुशासन और समर्पण का वर्ष बताते हुए कहा कि यह वर्ष बिहार और देश के लिए प्रगति, समृद्धि और सामाजिक समरसता लेकर आए। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। वहीं प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी और संगठन निरंतर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा।

## हम पार्टी की बैठक में महासदस्यता अभियान की रणनीति तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रखंड कार्यालय वजीरगंज में गुरुवार को महासदस्यता अभियान के संचालन को लेकर कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी को मजबूत करने और उसके संगठनात्मक विस्तार के उद्देश्य से महासदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि आगामी 18 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन द्वारा महासदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच आपसी दायित्वों का निर्धारण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में समर्थकों की पहचान करने और उन्हें पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभियान की अवधि के दौरान अधिक से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया जाएगा। इसके लिए सक्रिय सदस्यों और पार्टी के वरीय कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। ताकि अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## मारपीट में एक की मौत, 22 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** साइकिल सवार किशोरी ने घर के समीप बैठी महिला को चोट लगने पर विरोध करना महंगा पड़ गया। साइकिल चला रही किशोरी के परिजनों ने महिला व अन्य स्वजनों के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में महिला के ससुर की मौत मौके पर हो गई। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घटना टिकारी थाना क्षेत्र के गहरपुर ग्राम में गुरुवार को घटित हुई। मृतक की पहचान गहरपुर ग्राम निवासी स्व चितावन पासवान के 55 वर्षीय पुत्र मधेश पासवान के रूप में हुई। मधेश की मौत के बाद स्वजनों ने अनुमण्डलीय अस्पताल में जमकर बवाल काटा। स्वजन सड़क जाम पर अड़े रहे वहीं पुलिस को सड़क जाम से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत करना पड़ा व हल्का बल का भी प्रयोग करना पड़ा। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल, टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान अनुमण्डल अस्पताल पहुंचे। मधेश के शव को कॉलेज मोड़ के समीप ले जा सड़क जाम करने की जिद पर अड़े जिसके बाद थोड़ी देर के किये स्थिति अफरा तफरी जैसी होगी। पुलिस बल ने किसी तरह से जाम लगाने से आक्रोशितों को रोकने में सफलता पाई। मामला शांत करा कर पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा।

**पुत्र के फर्द बयान पर 22 लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी**

घटना के बाद पुलिस के समक्ष मृतक मधेश पासवान के पुत्र सूरज कुमार के फर्द बयान पर 22 लोगो के विरुद्ध मारपीट करने व मारपीट कर पिता की हत्या करने व कई के घायल होने का शिकायत किया गया। सूरज के अनुसार गुरुवार की दोपहर उनकी पत्नी घर के बाहर सड़क किनारे धूप में बैठी थी। इसी दौरान गांव के ही पंकज पासवान की पुत्री साइकिल से जाने के दौरान सूरज की पत्नी से जा टकराई। जिसके बाद पंकज की पत्नी ने इस तरह से टक्कर मारने का विरोध किया जिसके बाद पंकज व उसके स्वजनों ने सूरज की पत्नी व अन्य लोगो के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट करने वाले ने सूरज के पिता मधेश को तब तक मारा जब तक की मधेश ने दम न तोड़ दिया।

## शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र में शराब पीकर हंगामा करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुरुवार को भेज दिया। आंती थाना कांड संख्या 04/2026 दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने कहा कि पुलिस ने ग्राम काजीबिगहा निवासी सुभाष कुमार (29 वर्ष), पिता सुरेश पासवान को शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर हल्ला-हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## राजद के पूर्व विधायक विनय कुमार यादव ने किया चूड़ा-दही भोज का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड स्थित बाबा बैजू धाम में गुरुवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक विनय कुमार यादव के द्वारा चूड़ा-दही सामूहिक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं आम जन उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनय कुमार यादव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा बैजू धाम की पावन नगरी में चूड़ा-दही भोज का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के साथ



शुभ दिनों की शुरुआत होती है, इसलिए यह पर्व आपसी भाईचारा, प्रेम और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजन से समाज में एकता और सौहार्द का संदेश जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को एक साथ जोड़ना और परंपराओं को जीवित रखना है। मौके पर राजद नेता सुरेंद्र कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष जुमन खान, प्रमुख नीलम कुमारी यादवेंदु, उप प्रमुख नागेंद्र पासवान, राजन मुखिया, परमेश्वर चौधरी, उप मुखिया अमन पाल, चीलोर मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष प्रजापति, राजकुमार पासवान समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार, तीन अन्य वारंटी भी धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**परैया।** थाना क्षेत्र के इटवा गांव से हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी रूपन यादव को गिरफ्तार किया। इस संबंध में बालेश्वर यादव ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी जिसमें हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव से दो एनबीडब्ल्यू वारंटी तथा बुढ़ परैया गांव से एक इश्तिहार वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।


बिहार सरकार

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यालय, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 04/2025–26**
(E-Tendering on website-www.eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक – 13.01.2026
3. निविदा कागजात अपलोड करने की तिथि/समय : दिनांक – 21.01.2026 को 10:00 बजे से। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक – 27.01.2026 अपराहन 15:00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
5. तकनीकी बीड/वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक – 28.01.2026 अपराहन 15:30 बजे से। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
6. अग्रधन सभी मूल शपथ पत्र, Existing Commitment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक– 28.01.2026 के 15:00 बजे तक।
1. नगर कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)।
2. कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद।
3. अधीक्षण अभियंता, नगर विकास मगध प्रमंडल, गया।
7. कार्य का मद :– SBM, आंतरिक संसाधन

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल | Bid Processing Fee (Through Online Payment) | कार्य की समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड संख्या– 07 में बस स्टोप के पास सामुदायिक शौचालय का निर्माण | 6,54,540 | 13100 | 1250 | As Per EPROC 2.0 | 01 माह |

1. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
2. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता हैं।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, रफीगंज

PR- 021892 ( B & C ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# सड़क की गुणवत्ता पर फिर उठे सवाल, चेरकी रोड निर्माण में नियमों की अनदेखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** चेरकी रोड से भरारे पुल तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर गुणवत्ता और निर्माण प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण कार्य के दौरान पुराने अलकतरा (पीच) के अवशेषों को नहर और उसके किनारे फेंके जाने का मामला सामने आने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह लापरवाही स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि संवेदक द्वारा निर्माण नियमों और मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त सड़क का निर्माण पहले भी कराया गया था, लेकिन घटिया कार्य के कारण कुछ ही समय में सड़क जर्जर हो गई



थी। जगह-जगह गड्ढे उभर आने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। अब जब सड़क का दोबारा निर्माण कराया जा रहा है तो लोगों को बेहतर गुणवत्ता की उम्मीद थी, लेकिन मौजूदा कार्यप्रणाली ने उनकी चिंता बढ़ा दी है।

दक्षिण खाप गांव के किसानों ने बताया कि नहर में फेंके गए अलकतरा अवशेषों से पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। सिंचाई के दौरान खेतों तक गंदा पानी पहुंच रहा है जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आगे चलकर गंभीर नुकसान झेलना पड़ सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सड़क निर्माण से निकलने वाले अवशेषों के निपटारे के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं, बावजूद इसके संवेदक द्वारा इन्हें नजरअंदाज किया गया है। इससे पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के साथ-साथ सरकारी निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग शेरघाटी के कार्यपालक अभियंता ई. ब्रजकिशोर प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद विभाग ने मामले का संज्ञान लिया है। संवेदक को नहर और आसपास से अवशेष हटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि तय मानकों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित संवेदक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


**केन्द्रीय विद्यालय औरंगाबाद**
बभंडी, पोस्ट– जोगिया, औरंगाबाद (बिहार) - 824102
वेबसाइट/Website: https://aurangabad.kvs.ac.in/, ईमेल: kvaurangabaad@gmail.com
दूरभाष: 7091360083

**प्रत्यक्ष साक्षात्कार / WALK-IN-INTERVIEW**

केन्द्रीय विद्यालय औरंगाबाद में सत्र 2026–27के लिए आवश्यकतानुसार निम्नलिखित पदों पर संविदात्मक शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है।

| पदनाम | साक्षात्कार की तिथि एवं समय |
|---|---|
| प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (Trained Graduate Teacher - TGT): अंग्रेजी (English), संस्कृत (Sanskrit), कंप्यूटर प्रशिक्षक (Computer Instructor) | दिनांक 24/01/2026 प्रातः 10:00 बजे से |
| प्राथमिक शिक्षक (PRT - Primary Teacher) | |
| विशिष्ट शिक्षक (Special Educator), खेल प्रशिक्षक (Sports Coach) | |

शैक्षणिक योग्यता इत्यादी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट https://aurangabad.kvs.ac.in/ देखें। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को कोई मानदेय नही दिया जाएगा।

ए.के. श्रीवास्तव
प्राचार्य

संपादकीय

## सऊदी अरब और यूएई के बीच तनाव भारत के लिए क्यों मायने रखता है?

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का घनिष्ठ मित्रतापूर्ण संबंधों से प्रतिद्वंद्वी बनने का परिवर्तन नई दिल्ली के लिए सतर्कता की मांग करता है। भारत-कनाडा संबंधों में बरती गई लापरवाही या 2024 में डोनाल्ड ट्रम्प के अमरीकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के बाद से भारत-अमरीका के बीच औपचारिकता की पूर्ण कमी को खाड़ी सहयोग परिषद (जी.सी.सी.) के सदस्य देशों में नहीं दोहराया जाना चाहिए। पिछले 10 वर्षों में भारत की कूटनीति के लिए संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ संबंधों का विस्तार एक शानदार सफलता रही है। लेकिन जैसा कि बंगलादेश ने पिछले साल दिखाया, विदेश नीति कभी स्थिर नहीं होती। पहले भारत इन नव-धनी देशों में बन रही विशाल, पैट्रोडॉलर-वित्त पोषित निर्माण परियोजनाओं, जैसे आवास से लेकर रिफाइनरियों तक, के लिए बड़ी संख्या में गैर-राजनीतिक और भरोसेमंद श्रम का स्रोत मात्र था। भारत अब एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है, न कि मध्य स्तर का विकासशील देश। खाड़ी देशों में तेजी से बदलती परिस्थितियों की भारत को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। भारत में पहले समय की परिस्थितियां खाड़ी देशों की परिस्थितियों के अनुकूल नहीं थीं, सिवाय भारत की आयाओं, भारवाहकों, रसोइयों और चालकों (जिन्हें स्थानीय रूप से ए.बी.सी.डी. कहा जाता था) के लिए काम तलाशने के। संयुक्त अरब अमीरात में 45 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो अमरीका में रहने वाले मूल भारतीयों की संख्या के बाद दूसरे स्थान पर है। सऊदी अरब लगभग 28 लाख भारतीयों के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर है। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब मिलकर भारत में सबसे अधिक धन प्रेषण का स्रोत हैं। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा योगदान जी.सी.सी. देशों का है। भारत का रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार लगभग पूरी तरह से आबू धाबी से प्राप्त कच्चे तेल से बना है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के संबंधों में आई इस गंभीर गिरावट का तात्कालिक कारण यमन को लेकर दोनों देशों का अलग-अलग दृष्टिकोण है। मार्च, 2015 से दोनों देशों ने सना में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को बहाल करने के लिए मिलकर लड़ाई लड़ी, जिसे ईरान के समर्थन से हौथियों ने उखाड़ फैंका था। चार साल बाद, जब संयुक्त अरब अमीरात की मौतें बढने लगीं, तो उसने यमन में अपनी सैन्य उपस्थिति कम करनी शुरू कर दी। दूसरी ओर, सऊदी अरब को उतने लोगों का नुकसान नहीं हुआ क्योंकि उन्होंने हौथियों पर हमले हवाई बमबारी तक ही सीमित रखे। सहानुभूति जताते हुए, यू.ए.ई. के पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर स्थापित खलीफा फाऊंडेशन चैरिटी ने घायल यमनी लोगों को इलाज के लिए भारतीय अस्पतालों में विमानों से भेजा। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' के विघटन के बाद, संयुक्त अरब अमीरात ने अदन में एक अलगाववादी समूह- दक्षिणी संक्रमणकालीन परिषद (एस.टी.सी.). को अपना प्रतिनिधि बना लिया। सऊदी अरब एक एकीकृत यमन चाहता है, जो उसकी कानूनी सरकार के अधीन हो।पिछले सप्ताह, राष्ट्रीय राजधानी में स्थित यू.ए.ई. समर्थित एस.टी.सी. ने व्यावहारिक रूप से उस पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया था, जो पूर्व में दक्षिण यमन कहलाता था। सऊदी अरब के समर्थन से सना से किए गए हमलों के बाद अदन स्थित इस क्षेत्र का मुख्य हवाई अड्डा बंद कर दिया गया था।

# क्या ईरान के लिये अब परमाणु परीक्षण जरूरी हो गया है ?

**वेनेज़ुएला पर की गयी ग़ैर क़ानूनी अमेरिकी कार्रवाई कई संकेतों की ओर इशारा कर रही है। एक तो यह कि क्या यह विश्व की उदारवादी सोच रखने वाली ताक़तों को विश्व की पूंजीवादी व अतिवादी व्यवस्था की ओर से दी जाने वाली यह एक सीधी चुनौती है ? ग़ौरतलब है कि ट्रंप परिवार की गिनती भी अमेरिका के बड़े पूंजीवादी घरानों में की जाती है या फिर यह चीन व रूस जैसे देशों एक साथ ललकारने की ट्रंप की नीति का हिस्सा है ? और अब कोलंबिया, क्यूबा, मैक्सिको और ईरान जैसे देशों पर अमेरिकी सैन्य या आर्थिक दबाव की आशंका व्यक्त की जा रही है। साथ ही अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर भी अधिग्रहण की धमकी दी जा चुकी है।**

**तनवीर जाफ़री**

पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के निर्देश पर जिस तरह वेनेज़ुएला पर सैन्य कार्रवाई करते हुये अमेरिकी सेना ने वेनेज़ुएला की राजधानी कराकस से वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का बलात अपहरण कर उन्हें न्यूयार्क ले जाया गया उसने पूरी दुनिया को न केवल अचंभे में डाल दिया है बल्कि इस घटना ने एक नई विश्व व्यवस्था व नये वैश्विक शक्ति संतुलन के गठन की संभावना को भी प्रबल कर दिया है। कितना आश्चर्य है कि नोबल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी शक्तियों का दुरुपयोग कर इस दुनिया को जंगल राज की तरह चलाना चाह रहे हैं ?

वेनेज़ुएला पर की गयी ग़ैर क़ानूनी अमेरिकी कार्रवाई कई संकेतों की ओर इशारा कर रही है। एक तो यह कि क्या यह विश्व की उदारवादी सोच रखने वाली ताक़तों को विश्व की पूंजीवादी व अतिवादी व्यवस्था की ओर से दी जाने वाली यह एक सीधी चुनौती है? ग़ौरतलब है कि ट्रंप परिवार की गिनती भी अमेरिका के बड़े पूंजीवादी घरानों में की जाती है। या फिर यह चीन व रूस जैसे देशों एक साथ ललकारने की ट्रंप की नीति का हिस्सा है ? और अब कोलंबिया, क्यूबा, मैक्सिको और ईरान जैसे देशों पर अमेरिकी सैन्य या आर्थिक दबाव की आशंका व्यक्त की जा रही है।साथ ही अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर भी अधिग्रहण की धमकी दी जा चुकी है।

ऐसे में दुनिया के सामने दो ही विकल्प बचे हैं एक तो यह कि दूसरे देशों की स्वतंत्रता व संप्रभुता का सम्मान करने वाले सभी देश वेनेज़ुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का विरोध करते हुये हर स्तर पर एकजुट होकर अमेरिका का मुक़ाबला करें। दूसरा यह कि 'जिसकी लाठी उसी की भैंस' वाली अमेरिकी नीति का ही अनुसरण करते हुये पूरी दुनिया ही जंगल राज में बदल जाये। हर ताक़तवर देश अपनी पड़ोसी कमज़ोर देश को निगलने की मानवता व न्याय विरोधी रक्तरंजित योजना पर काम करे। उदाहरण के तौर पर चीन ताइवान को हड़प ले और रूस यूक्रेन पर अपना आधिपत्य स्थापित कर ले? इजराइल, फ़िलिस्तीन लेबनान सीरिया पर नियंत्रण कर अपने वृहत्तर



इजराइल के नापाक मंसूबे पर आगे बढ़े? और इन्हीं ख़तरनाक संभावनाओं के बीच एक उपाय यह भी है कि ईरान परमाणु परीक्षण के द्वारा उत्तर कोरिया की तरह एक ऐसी आत्म रक्षक व 'निवारक' रणनीति पर काम करे जो अमेरिका को भी युद्ध से पीछे हटने पर मजबूर कर दे तो क्या लंबे समय से चले आ रहे तमाम ईरान विरोधी प्रतिबंधों के बावजूद उस के सामने इस समय वैसी ही स्थिति पैदा हो चुकी है कि आत्मरक्षा के लिये अब उसे परमाणु संपन्न देशों के क्लब में शामिल होना ज़रूरी हो गया है ?

ग़ौर तलब है कि गत 13 जून - 24 जून 2025 के मध्य चला बारह दिवसीय ईरान-इज़राइल युद्ध उस समय शुरू हुआ था जब इज़राइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी और ईरान के कई प्रमुख सैन्य अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों व प्रमुख राजनेताओं की हत्या कर दी थी साथ ही अनेक नागरिकों को भी मार दिया था। इज़राइल ने उस समय ईरान की वायु सुरक्षा को भी नुक़्सान पहुँचाया था और कई जगह तो इसे पूरी तरह नष्ट भी कर दिया था। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने भी इस्राईल के समर्थन में 22 जून को तीन ईरानी परमाणु स्थलों पर बमबारी की। परन्तु बाद में मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई करते हुये ईरान ने 550 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और 1,000 से अधिक आत्मघाती ड्रोनों के साथ बड़े पैमाने पर इजराइल में राजधानी तेल अवीव सहित कई शहरों पर भीषण हमले किये।

कम से कम बारह सैन्य, ऊर्जा और सरकारी स्थलों को निशाना बनाया। यहाँ तक कि कई अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों को भी निशाना बनाया। उस दौरान भी पश्चिमी मीडिया ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह ख़ामनेई को लेकर बार बार तरह तरह की अफ़वाह उड़ा रहा था। कभी उन्हें भूमिगत बता देता था तो कभी उनके ईरान छोड़कर भाग जाने की ख़बर फैला देता था। उस समय भी आयतुल्लाह ख़ामनेई जनता को संबोधित करने के लिये सार्वजनिक रूप से दिखाई देते थे और पिछले दिनों भी बिल्कुल वैसा ही दृश्य देखने को मिला। इस बार भी 'भूमिगत' होने व 'मास्को भागने की तैयारी' जैसी अफ़वाहों के बीच गत शुक्रवार को पुनः आयतुल्लाह ख़ामनेई जनता के सामने आये तथा बेख़ौफ़ होकर ख़ुद अमेरिका को ही हिदायत व नसीहत करते सुने गए।

परन्तु ट्रंप के नेतृत्व वाला वर्तमान अमेरिका वेनेज़ुएला की घटना के बाद तो पूरी तरह बेनक़ाब हो चुका है। दुनिया में सबसे अधिक तेल भण्डार रखने वाले अमेरिका को विश्व के अन्य तेल उत्पादक देशों से अपनी शर्तों पर तेल चाहिये। चाहे इसके लिये कोई भी बहाना बनाकर किसी राष्ट्रपति का अपहरण तक क्यों न करना पड़े। ज़ाहिर है ईरान भी वेनेज़ुएला की ही तरह दुनिया के उन गिने चुने तेल उत्पादक देशों में एक है जो अमेरिका को 'सर्वशक्तिमान' भी नहीं मानता और न ही उसकी 'वैश्विक थानेदारी' को स्वीकार करता है। जबकि 1979 की ईरानी इस्लामिक क्रांति से पहले का रज़ा शाह पहलवी का ईरानी शासन अमेरिका का पिट्ठू शासन था। उसी समय से ईरान न केवल अमेरिकी बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा लगाये गयी अनेक प्रतिबंध भी झेलता आ रहा है जोकि निश्चित रूप से ईरान की अर्थव्यवस्था को बेहद कमज़ोर कर रहा है। इन प्रतिबंधों के बावजूद अपने अत्यंत सीमित संसाधनों के बल पर ईरान ने शिक्षा,विज्ञान यहाँ तक कि अंतरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में जो तरक़्क़ी की है उसी की झलक गत वर्ष के बारह दिवसीय ईरान-इज़राइल युद्ध में भी देखने को मिली।

परन्तु अब बात इस्राईल की नहीं बल्कि ईरान को सीधे अमेरिका चुनौती दे रहा है। ईरान में चल रहे सरकार विरोधी व अमेरिका - इजराइल समर्थित प्रदर्शनों को लेकर अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो अमेरिका ईरान पर बड़े हमले करेगा। ऐसे में ईरान,अमेरिकी हमलों से बचने के लिये आख़िर कौन सी रणनीति अपना सकता है ? क्या ईरान द्वारा परमाणु परीक्षण किया जाना भी इन्हीं संभावनाओं में एक सबसे प्रमुख है? क्या निकट भविष्य में ईरान भी परमाणु परीक्षण कर 'परमाणु क्लब' में शामिल हो जाएगा ताकि अमेरिका व इज़राइल जैसे देशों को सैन्य हमले से रोका जा सके ? यदि ईरान में उपजे सत्ता विरोधी प्रदर्शनों के बीच ईरान रूस और चीन जैसे सहयोगी देशों की मदद से परमाणु परीक्षण करता है तो इससे ईरान की जनता में सुरक्षा,स्वाभिमान तथा राष्ट्रवाद बढ़ेगा तो बढ़ेगा ही साथ ही वहां आंतरिक राष्ट्रीय एकता भी बढ़ेगी। इसके अलावा ईरान का क्षेत्रीय प्रभाव भी बढ़ेगा साथ ही अमेरिकी एकध्रुवीयता का विरोध करने वाले देशों को भी मज़बूती मिलेगी। इसके अलावा दशकों से अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण दबाव का सामना करती आ रही ईरान की अर्थव्यवस्था में इस परीक्षण से जैसीपीओए के रूप में कई नई संभावनाएँ भी खुल सकती हैं। वैसे भी उत्तर कोरिया द्वारा किये गये परमाणु परीक्षण के बाद ही ट्रंप - की उत्तर कोरिया राष्ट्रपति किम जोंग के साथ 27-28 फ़रवरी 2019 को वेतनाम के हनोई में मुलाक़ात हुई थी। गोया आज की दुनिया में ख़ासकर अमेरिकी वर्चस्व वाली दुनिया में यदि किसी देश को अपना अस्तित्व बचाकर रखना है तो उसका परमाणु संपन्न देश होना ज़रूरी हो चुका है। अन्यथा कभी भी इराक़-वेनेज़ुएला-ग़ज़ा-सीरिया-लेबनान यानी कहीं भी कुछ भी हो सकता है?

अध्यात्म

## श्रम करने के कारण ही किसान सच्चा सुखी है



चाँदपुर इलाके के राजा कुँवरसिंह जी बड़े अमीर थे। उन्हें किसी चीज़ की कमी नहीं थी, फिर भी उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था। बीमारी के मारे वे सदा परेशान रहते थे। कई वैद्यों ने उनका इलाज किया, लेकिन उनको कुछ फ़ायदा नहीं हुआ।

राजा की बीमारी बढ़ती गई। सारे नगर में यह बात फैल गई। तब एक बूढ़े ने राजा के पास आकर कहा, ''महाराज, आपकी बीमारी का इलाज करने की मुझे आज्ञा दीजिए।'' राजा से अनुमति पाकर वह बोला, ''आप किसी सुखी मनुष्य का कुरता पहनिए, अवश्य स्वस्थ हो जाएँगे।''

बूढ़े की बात सुनकर सभी दरबारी हँसने लगे, लेकिन राजा ने सोचा, ''इतने इलाज किए हैं तो एक और सही।'' राजा के सेवकों ने सुखी मनुष्य की बहुत खोज की, लेकिन उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य नहीं मिला। सभी लोगों को किसी न किसी बात का दुख था।

अब राजा स्वयं सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़े। बहुत तलाश के बाद वे एक खेत में जा पहुँचे। जेठ की धूर में एक किसान अपने काम में लगा हुआ था। राजा ने उससे पूछा, ''क्यों जी, तुम सुखी हो?'' किसान की आँखें चमक उठी, चेहरा मुस्करा उठा। वह बोला, ''ईश्वर की कृपा से मुझे कोई दुख नहीं है।'' यह सुनकर राजा का अंग-अंग मुस्करा उठा। उस किसान का कुरता माँगने के लिए ज्यों ही उन्होंने उसके शरीर की ओर देखा, उन्हें मालूम हुआ कि किसान सिर्फ़ धोती पहने हुए है और उसकी सारी देह पसीने से तर है।

राजा समझ गया कि श्रम करने के कारण ही यह किसान सच्चा सुखी है। उन्होंने आराम-चैन छोड़कर परिश्रम करने का संकल्प किया। थोड़े ही दिनों में राजा की बीमारी दूर हो गई।

# हाथी और मानव के बीच बढ़ता संघर्ष

**उत्पाती हाथियों को पकड़कर बीस साल पहले मध्य-प्रदेश में 'ऑपरेशन खेदा' चलाया गया था। हालांकि पूर्ण वयस्क हो चुके हाथियों को पालतू बनाना एक चुनौती व जोखिम भरा काम है। हाथियों को बाल्यावस्था में ही आसानी से पालतू बनाया जा सकता है। हाथी देखने में भले ही सीधा और भोला लगे पर आदमी की जान के लिए जो सबसे ज्यादा खतरनाक प्राणी हैं, उनमें एक हाथी है और दूसरा है भालू है। हाथी उत्तेजित हो जाए तो उसे संभालना मुश्किल होता है। फिलहाल इस तरह हाथी को पालतू बनाए जाने के उपाय बंद हैं। आखिर, जिस वन अमले पर अरबों रुपए का बजट सालभर में खर्च होता है, उसके पास इस समस्या से निपटने के लिए कोई कारगर उपाय क्यों नहीं है ? अतएव हाथियों की मौत हो या वे उत्पात मचाएं, मरना ग्रामीणों का ही होता है,जो कमोबेश निर्दोष होते हैं।**

**प्रमोद भार्गव**

आजकल समूचे देश में वन्यजीवों और मनुष्यों के बीच संघर्ष बढ़ता दिखाई दे रहा है। झारखंड में एक पखवाड़े के भीतर मात्र एक हाथी ने 22 लोगों को मर गिराया। इसी तरह उत्तराखंड में वन्यजीवों ने साल 2025 में 45 लोगों की और उत्तरप्रदेश में 60 लोगों को मर डाला। मध्य-प्रदेश और छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्रों के इर्दगिर्द निरंतर हाथियों और मानवों के बीच संघर्ष छिड़े रहने की खबरें आ रही हैं। हाथियों की असामयिक मौतें होती हैं तो मौत का ठीकरा वनाधिकारी किसानों पर फोड़ देते हैं। मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के उद्यान में जब भी हाथी या बाघों की मौत होती है तो हाथियों की मौत को जहर खिलाना और बाघों की मौत को आपसी संघर्ष में मरना बताकर वन विभाग अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। दो साल पहले हाथियों के गुस्से के शिकार उद्यान से 10 किमी दूर देवरा गांव के ग्रामीण हुए थे। 13 हाथियों के एक झुंड से तीन हाथी अलग हुए और देवरा ग्राम पहुंचकर तीन लोगों को मार दिया था। इस मदांध हाथी को बाद में वनकर्मियों ने पकड़ लिया। यह हाथी उन्माद (मुस्थ) की अवस्था में था। इस अवस्था का मतलब होता है कि हाथी प्रजनन काल से गुजर रहा है। इस अवधी में इसके शरीर में टेस्टास्टेरान का स्तर बढ़ने लगता है और यह आक्रामक हो जाता है। ऐसे में यह आक्रामक हो जाता है।

भारत सरकार ने हाथी को दुर्लभ प्राणी व राष्ट्रीय धरोहर मानते हुए इसे वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 में सूचीबद्ध करके कानूनी सुरक्षा दी हुई है। इसलिए जंगलों में हाथियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। हालांकि हमारी सनातन संस्कृति में हाथी सह-जीवन का हिस्सा है। इसीलिए हाथी पाले और पूजे जाते हैं। असम के जंगलों में हाथी लकड़ी ढुलाई का काम करते हैं। सर्कस के खिलाड़ी और सड़कों पर तमाशा दिखाने वाले मदारी इन्हें पढ़ा व सिखाकर अजूबे दिखाने का काम भी करते रहे हैं। साधु-संत और सेनाओं ने भी हाथियों का खूब उपयोग किया है। कई उद्यानों में पर्यटकों को हाथी की पीठ पर बिठाकर बाघ के दर्शन कराए जाते हैं। वन संरक्षण अधिनियम लागू होने के बाद अब ये केवल प्राणी उद्यानों और चिड़ियाघरों में ही सिमट गए हैं। बावजूद इन उद्यानों में इसकी हड्डियों और दातों के लिए खूब शिकार हो रहा है। हाथी के शिकार पर प्रतिबंध है, लेकिन व्यवहार में हाथी का शिकार करने वालों से लेकर आम लोग भी इस तरह के कानूनों की परवाह नहीं करते ? कर्नाटक के जंगलों में कुख्यात तस्कर वीरप्पन ने इसके दांतों की तस्करी के लिए सैंकड़ों हाथियों को मारा था। चीन हाथी दांत का सबसे बड़ा खरीददार है। जिन जंगलों के बीच में रेल पटरियां बिछी हैं, वहां ये रेलों की चपेट में आकर भी बड़ी संख्या में प्राण गंवाते रहते हैं। उत्तराखंड में हाल ही में 10 हाथी रेल की चपेट में आकर मारे गए हैं।

मनुष्य के जंगली व्यवहार के विपरीत हाथियों का भी मनुष्य के प्रति क्रूर आचरण देखने में आता है। जैसा कि बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश और कर्नाटक के जंगली हाथी अक्सर जंगल से भटककर ग्रामीण इलाकों में उत्पात मचाते रहते हैं। कुछ साल पहले छत्तीसगढ़ में हाथियों ने इतना भयानक उत्पात मचाया था कि यहां 22 निर्दोष आदिवासियों की जान ले ली थी। कर्नाटक और बिहार में इन हाथियों द्वारा मारे गए लोगों की संख्या जोड़ लें तो ये हाथी दस-बारह साल के भीतर करीब सवा-सौ लोगों की जान ले चुके हैं। शहडोल, रायगढ़, सरगुजा जिलों के दूर-दराज के गांवों में रहने वाले आदिवासियों के घरों में उतारी जाने वाली शराब को पीने की तड़प में भी हाथी गंध के सहारे आदिवासियों की झोंपड़ियों को तोड़ते हुए



घुसते चले जाते हैं और जो भी सामने आता है उसे सूंड से पकड़कर पटका और पेट पर भारी-भरकम पैर रख उसकी जीवन लीला खत्म कर देते हैं। इस तरह से इन मदांध हाथियों द्वारा हत्या का सिलसिला हर साल अनेक गांवों में देखने में आता रहता है।

पालतू हाथी भी कई बार गुस्से में आ जाते हैं। ये गुस्से में क्यों आते हैं, इसे समझने के लिए इनके आचार, व्यवहार और प्रजनन संबंधी क्रियाओं व भावनाओं को समझना जरूरी है। हाथी मद की अवस्था में आने के बाद ही मदांध होकर अपना आपा खोता है। हाथियों की इस मनस्थिति के सिलसिले में प्रसिद्ध वन्य प्राणी विशेषज्ञ रमेश बेदी ने लिखा है कि जब हाथी प्रजनन की अवस्था में आता है तो वह समागम के लिए मादा को ढूंढता है। ऐसी अवस्था में पालतू नर हाथियों को लोगों के बीच नहीं ले जाना चाहिए। मद में आने से पूर्व हाथी संकेत भी देते हैं। हाथियों की आंखों से तेल जैसे तरल पदार्थ का रिसाव होने लगता है और उनके पैर पेशाब से गीले रहने लगते हैं। ऐसी स्थिति में महावतों को चाहिए कि वे हाथियों को भीड़ वाले इलाके से दूर बंदी अवस्था में ही रखें, क्योंकि अन्य मादा प्राणियों की तरह रजस्वला स्त्रियों से एस्ट्रोजन हार्मोन्स की महक उठती है और हाथी ऐसे में बेकाबू होकर उन्मादित हो उठते हैं। त्रिचूर, मैसूर और वाराणसी में ऐसे हालातों के चलते अनेक घटनाएं, घट चुकी हैं। ये प्राणी मनोविज्ञान की ऐसी ही मनस्थितियों से उपजी घटनाएं हैं। वैसे हाथियों के ऐसे व्यवहार को लेकर काफी नासमझी की स्थिति है, मगर समझदारी इसी में है कि धन के लालच में मद में आए हाथी को किसी उत्सव या समारोह में न ले जाया जाए।

उत्पाती हाथियों को पकड़कर बीस साल पहले मध्य-प्रदेश में 'ऑपरेशन खेदा' चलाया गया था। हालांकि पूर्ण वयस्क हो चुके हाथियों को पालतू बनाना एक चुनौती व जोखिम भरा काम है। हाथियों को बाल्यावस्था में ही आसानी से पालतू बनाया जा सकता है। हाथी देखने में भले ही सीधा और भोला लगे पर आदमी की जान के लिए जो सबसे ज्यादा खतरनाक प्राणी हैं, उनमें एक हाथी है और दूसरा है भालू है। हाथी उत्तेजित हो जाए तो उसे संभालना मुश्किल होता है। फिलहाल इस तरह हाथी को पालतू बनाए जाने के उपाय बंद हैं। आखिर, जिस वन अमले पर अरबों रुपए का बजट सालभर में खर्च होता है, उसके पास इस समस्या से निपटने के लिए कोई कारगर उपाय क्यों नहीं है ? अतएव हाथियों की मौत हो या वे उत्पात मचाएं, मरना ग्रामीणों का ही होता है,जो कमोबेश निर्दोष होते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम सम्बन्धों को लेकर आज का दिन अत्यन्त शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

**वृषभ**
अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे। परिवार में किसी कारण अशान्ति हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें।

**मिथुन**
घर का वातावरण सुखद रहने वाला है। अपनी जीवनशैली पर आप खर्च करेंगे। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा।

**कर्क**
आपका मन किसी कारण अशान्त रहेगा। सिरदर्द और कब्ज के रोगियों के लिये दिन शुभ नहीं है। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**सिंह**
जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध रोमान्टिक हो सकते हैं। आपको प्रेमीजन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**कन्या**
पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

**तुला**
सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रकल्पों में आप निवेश कर सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर अत्यन्त गम्भीर रहेंगे।

**वृश्चिक**
परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**धनु**
व्यापार से आपको धन लाभ मिल सकता है। नये अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा।

**मकर**
नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किये गये पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की सम्भावना बन रही है।

**कुंभ**
आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आप की उपलब्धियों से आपके अधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

**मीन**
आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में मशीनरी सम्बन्धी समस्या हो सकती है। अनजान लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### उर्स की सफलता के लिए बैठक आज

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उर्स की सफलता के लिए अनुमण्डलस्तरीय बैठक शुक्रवार को मनेर खानकाह में होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए खानकाह मनेर के गद्दीनशीं शाह तारिक एनायतुल्लाह फिरदौसी ने कहा कि उर्स मुबारक की तैयारियों के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में उत्साह पूर्वक उर्स की सफलता के लिए विचार विमर्श किया जाएगा।

### जीआरपी ने 10 किलोग्राम गांजा बरामद किया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीआरपी ने बुधवार को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पूछताछ कार्यालय के पास से लावारिश एक पिट्ठू व एक झोला बरामद किया गया और बैग और झोला का तलाशी लेने पर 10 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है. पुअनि राकेश कुमार ने बताया कि स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पूछताछ कार्यालय के पास लावारिश हालत में एक बैग और झोला से 10 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है.

### दानापुर में 44 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीआरपी पुलिस ने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक ए पर बने पूर्वी छोर के यात्री शेड से लावारिश हालत में 44 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है. सपुअनि शिल्पा श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक ए बने पूर्वी छोर पर स्थित यात्री शेड से लावारिश हालत में 44 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है जो 40. 500 लीटर है. मामले की छानबीन किया जा रहा है.

### कुर्की के बाद अभियुक्त ने किया सरेंडर

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने राष्ट्रीय गंज इलाके में स्मैक व अन्य नशीले पदार्थ के मामले में फरार चल रहे एक अभ्युक्ति के घर की कुर्की जप्ती कार्रवाई की हालांकि दूसरे दिन उसने सरेंडर कर दिया. फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि चंदन कुमार, निवासी राष्ट्रीय गंज, के विरुद्ध स्मैक एवं अन्य नशीले पदार्थों से जुड़े मामले दर्ज हैं. उक्त अभियुक्त को पूर्व में इस कांड में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था. जमानत मिलने के बाद अभियुक्त दोबारा न्यायालय में पेश नहीं हुआ, जिसके कारण न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया गया था. न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस ने अभियुक्त के घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की. कुर्की की कार्रवाई के दूसरे ही दिन अभियुक्त चंदन कुमार ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया है. पुलिस के अनुसार मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है.

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक स्थगित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों पर विचार-विमर्श हेतु 15 जनवरी 2026 को प्रस्तावित बैठक को स्थगित कर दिया गया है। अब यह बैठक 19 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत एक कर्मी का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया है। इसी कारण बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने समस्त सदस्यगण, संबंधित पदाधिकारियों तथा गणतंत्र दिवस आयोजन समिति से अपील की है कि 19 जनवरी को आयोजित बैठक में सभी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया जा सके।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से बच्ची जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमल गोला प्रखंड के फुलेलपुर गांव के समीप फोर लाइन पर बाइक सवार ने एक बच्ची को रौंदा।जिससे बच्चे की हालत गंभीर है इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बच्चे के पिता ने बताया कि फोर लाइन के किनारे छोटी मोटी दुकान है बच्ची सड़क पर थी इसी दौरान हादसा हो गया।बच्ची का नाम सुहानी कुमारी उम्र 7 साल है।

### अस्पताल लाने के दौरान वृद्ध महिला की हुई मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भटगांव पंचायत की एक 60 वर्षीय महिला की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों के द्वारा जल्दबाजी में उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में लाकर चिकित्सक से जांच पड़ताल कराई गई महिला को एडमिट करने से पहले ही चिकित्सक ने जांच पड़ताल करने के बाद महिला को मृत्यु घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि ठंड लगने के चलते महिला की मौत हो गई बाद में महिला की लाश को ऑटो में डालकर परिजन गांव ले गए।

### एम्स पटना के सामने दवा दुकानदार पर लाठी से हमला करने का आरोप, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भागलपुर से पटना एम्स में इलाज कराने आए दो भाई को दवा खरीदने के हुए विवाद में एम्स के सामने का एक दवा दुकानदार और उसके स्टाफ ने मिलकर पिटाई किया . इस मामले में फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन देकर मारपीट करने वाले दवा दुकानदार और उसके स्टाफ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है पटना एम्स के गेट संख्या-एक के सामने स्थित एक दवा दुकान के संचालक पर युवक से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया गया है. आवेदन में अभिषेक कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता रंजीत कुमार रंजन, निवासी ग्राम ईटवा, थाना गोराडीह, जिला भागलपुर ने बताया कि वह 14 जनवरी 2026 को अपने भाई अभिनंदन कुमार के साथ इलाज कराने एम्स पटना आया था. इसी दौरान उसने गेट संख्या-एक के सामने स्थित आर.एम. फार्मा दवा दुकान से कुछ दवाइयां खरीदी थीं, जिसका भुगतान उसने ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से किया था.

### ट्रक की टक्कर से एक बच्चे की मौत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचरुखिया थाना अंतर्गत बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक पर सवार करीब एक वर्ष के बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है. बिहटा-सरमेरा पर मोटरसाइकिल पर दो पुरुष, एक महिला और एक मासूम बच्चा सवार थे. इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया. हादसे में बाइक सवार अन्य लोग भी घायल हो गए, जिनमें से दो की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही पचरुखिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से ट्रक चालक को पकड़कर थाने ले आई. पचरुखिया थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि घायलों को आनन-फानन में मसाढी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने दो घायलों की हालत गंभीर बताई है. मृत बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि में पहुंचे कृषि मंत्री ने किया माल्यार्पण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को पूर्व मंत्री व समाजवादी नेता स्वर्गीय राम नगीना सिंह की 42वीं पुण्यतिथि मनेर पड़ाव तथा रामनगीना सिंह कॉलेज स्थित उनके स्मारक पर बेहद भावपूर्ण माहौल में मनाई गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री की धर्मपत्नी और पूर्व विधायिका श्रीमती राजमती देवी तथा उनके पुत्र एवं पूर्व विधायक श्रीकांत निराला सहित हजारों लोगों ने नम





आंखों से अपने नेता को याद किया। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने स्वर्गीय राम नगीना सिंह के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि राम नगीना बाबू ने अपना पूरा जीवन गरीबों, किसानों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, "उनकी कमी आज भी बिहार की राजनीति में खलती है, लेकिन उनके विचार हमें सदैव जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। स्वर्गीय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व विधायिका श्रीमती राजमती देवी ने अपने पति को श्रद्धांजलि देते हुए पुराने दिनों को याद किया और आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। वहीं उनके पुत्र और पूर्व विधायक श्रीकांत निराला ने पिता के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर नगर सभापति विद्याधर विनोद, समाजसेवी सत्यजीत कुमार, रवि रौशन पाठक, राजीव रंजन सिंह, चंद्रभुषण मंडल, रवि रंजन, त्रिलोक सिंह, प्रशांत निराला, मैनेजर सिंह, रामसुजान सिंह, विकास कुमार, संजीव कुमार, उपेन्द्र यादव, आसिफ अहमद, मनोज शर्मा, शशांकधर शर्मा, उदयशंकर गुप्ता, राजकुमार शर्मा, यमुना सिंह, दीपक सोनी सहित कई लोग थे।

# सेना दिवस पर शहीदों को किया गया नमन





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय सेना के 78 वां सेना दिवस के मौके पर गुरूवार को बिहार रेजिमेंट सेंटर के शहीद स्मारक (अमर जवान) पर मेजर हसन खान ने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया. मातृभूमि की आन, बान व शान की खातिर जान न्यौछावर करने वाले शहीद सैनिकों व वीर जवानों को याद कर नमन किया. सैनिकों ने शस्त्र झुकाकर वीर शहीदों को श्र द्धांजलि अर्पित की. मेजर हसन खान ने राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को याद करते हुए पुष्पचक्र अर्पित किया. उन्होंने ने कहा कि वीर शहीदों की भक्ति, संकल्प और बलिदान से प्रेरणा लेने और भारतीय सेना के मूल्यों को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया. उन्होंने ने कहा कि भारतीय सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ने 15 जनवरी 1949 को जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान ली थी. इसी उपलक्ष्य में इस दिन को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है. वीर स्मृति पर सैन्य अधिकारी व जवानो ने भी वीर शहीदो को श्रद्धांजलि दी. जवानों ने शहीद स्मारक पर वीर शहीदो को सलामी दी. मौके पर रेजिमेंट के सैन्य अधिकरियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये. श्रद्धांजलि समारोह में पारंपरिक बिगुल धुन बजाई गई . सैनिकों ने वीर सेनानी व शहीदों द्वारा देश रक्षा, कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राष्ट्र के लिए सर्वाच्च बलिदान देने पर याद किया और उनकी आत्मिक शांति को दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि दी.

## भारतीय सेना सर्जिकल स्ट्राइक ऑपरेशन बंद नहीं की इससे बडा ऑपरेशन चलाने में सक्षम : ले जनरल

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक ऑपरेशन बंद नहीं किए हैं और आवश्यकता पड़ने पर दुश्मन को पहले से भी बड़ा जवाब दिया जाएगा. बिहार की धरती पर खड़े हैं, जहां से निकले जवानों ने हर युद्ध और हर आतंकी चुनौती में दुश्मनों को धूल चटाई है.पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नही आए तो बिहार रेजिमेंट के जवानों ने पहले भी दुश्मनों को करारा जवाब दिया है और अगर जरूरत पड़ी तो इससे भी बड़ा ऑपरेशन चलाने में सक्षम हैं. बीआरसी के कलिंगा स्टेडियम में 10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर सेना के मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने बिहार की धरती से पाकिस्तान में आतंकी कैंप चलाने को लेकर कडी चेतावनी दी. उन्होंने कहा अपनी हरकत से बाज आए पाकिस्तान, नहीं तो ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ अगर पाकिस्तान दोबारा हरकत करेगा तो पहले से भी ज्यादा कार्रवाई होगी ले जनरन श्री सेनागुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान में चल रहे आठ आतंकी ट्रेनिंग कैंप को लेकर भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है. सेना प्रमुख के हाल ही बयान के बाद अब बिहार की धरती से पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया गया है.

# पांच दिनों से लापता व्यक्ति का शव बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गुरूवार को गोला रोड के पुलिस कॉलोनी के समीप पानी भरे नाला से एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक का पहचान मनेर के मौलानीपुर निवासी स्व रामजी राय के 40 वर्षीय पुत्र जितेंद्र राय के रूप में की गई है. गुरूवार को सुबह नाला से शव मिलने की सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद नाला से शव को बाहर निकाला गया है. घटनास्थल पर लोगों ने शव को पहचान किया तो पुलिस ने उसके परिजनों को फोन कर सूचना दी. सूचना पर मृतक के परिजनों पहुंचे और मृतक का पहचान जितेंद्र राय के रूप में की. मृतक के परिजनों ने मनेर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है. मृतक के साले सुशील कुमार ने बताया कि पिछले 10 जनवरी को अपनी सास के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए घर से सुलतानपुर गोसाई टोला आया था और श्राद्धकर्म में ससुराल भी नहीं पहुंचे थे. मृतक को मोबाइल भी बंद मिल रहा था. जब मृतक के परिजनों



को पता चला कि अपने ससुराल में भी नही गया है और घर भी नही आया है तो खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल और अपने रिश्तेदारों के पास भी खोजबीन किया तो पता नहीं चला था. गुरुवार को सुबह थाने के झाखड़ी महादेव के पास पानी भर गड्ढे से शव मिलने की सूचना मिली तो परिजनों ने देखा तो जितेंद्र का शव था और शव को देखते ही परिजनों चित्कार कर उठे. मृतक के परिजनों ने बताया कि मारपीट कर शव को पानी भरे हुए गड्ढे में फेंक देने का आरोप लगाया है.मृतक के पांच बच्चे है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने का प्रयास किया तो परिजनों ने इसका विरोध किया और कहा कि परिजनों के आने के बाद एक घंटे बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है.

# बैरिया सूर्य मंदिर परिसर में पावर सब-स्टेशन के विरोध में ग्रामीण और नगर परिषद एकजुट

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया सूर्य मंदिर परिसर की खाली जमीन पर बिजली विभाग द्वारा प्रस्तावित पावर सब-स्टेशन के निर्माण के विरोध में मंगलवार को बैरिया गांव और संपतचक नगर परिषद वार्ड संख्या 24 के गणमान्य नागरिकों की एक आपात बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का प्रतिकार करने का निर्णय लिया गया. बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और मंदिर समिति के पदाधिकारी शामिल हुए. सभी ने एक स्वर में कहा कि प्रस्तावित भूमि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयोग में लाई जाती है और यहां पावर सब-स्टेशन बनने से आम जनजीवन और सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न होगा.ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि स्थानीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और जान-माल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर सभी मिलकर संघर्ष करेंगे. संपतचक नगर परिषद के अध्यक्ष अमित कुमार ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना और स्थानीय लोगों से परामर्श किए पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अचानक पिलर-पाइलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया. इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है.

# विशेष अभियान में दो थाना क्षेत्रों में कार्रवाई, पुलिस पर हमला और धोखाधड़ी के मामलों के अभियुक्त गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फुलवारी शरीफ और बेउर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग कांडों में पुलिस ने कार्रवाई की है. पटना के सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि पुलिस पर





हमला का मामला में पांच लोग पकड़े गए है. उन्होंने आगे बताया कि फुलवारीशरीफ थाना कांड संख्या 82/26, दिनांक 14.01.26, धारा 126(2) एवं 132(5) बीएनएस तथा 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत पुलिस पर हमला के मामले में कार्रवाई की गई. इस कांड में अभियुक्त किशन कुमार, उम्र 28 वर्ष, पिता दशरथ पासवान, निवासी गोसाई मठ काली मंदिर के पास, थाना फुलवारीशरीफ, जिला पटना, बुटक मांझी, उम्र 25 वर्ष, पिता सुखदेव मांझी, निवासी सोना आहुआरा, थाना नौबतपुर, ससुराल छेदी टोला, टिंकु कुमार पिता शंभु मांझी उर्फ बाले मांझी, विकास कुमार पिता विजय मांझी तथा लड्डु कुमार पिता सिद्ध मांझी, तीनों निवासी छेदी टोला, थाना फुलवारीशरीफ, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया है. दूसरी तरफ धोखाधड़ी के मामले में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है. बेउर थाना कांड संख्या 3070/उ/21, धारा 420 भादवि के अंतर्गत धोखाधड़ी के मामले में अभियुक्त विद्या उर्फ सुनील कुमार, पिता स्वर्गीय लाल बिहारी सिंह, निवासी दशरथा, थाना बेउर, पटना के विरुद्ध कार्रवाई की गई है. पुलिस के अनुसार कांड में अभियुक्त की संलिप्तता पाई गई है . जिसमें गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है.

# पतंग उड़ाने के दौरान एक बच्चे की कुएं में गिर जाने से हुई मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के जमुनिचक मुहल्ले में पतंग उड़ाने के दौरान एक पांच वर्षीय बच्चा खुले कुएं में गिर गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजन खोजबीन करनी शुरू कर दी बहुत खोजने के बाद किसी ने कुएं के भीतर बच्चों को के कपड़े पहचान कर इसकी सूचना परिजनों को दी परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सीढ़ी की मदद से बच्चे को किसी तरह कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच की बाद उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता अनिल शर्मा ने बताया कि घटना के समय वे स्टेशन परिसर के पास लकड़ी का काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि उनका बेटा कुएं में गिर गया है। खबर मिलते ही वे बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार बच्चा घर के पास ही पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से खुले कुएं में गिर गया और डूबने से उसकी जान चली गई। जब तक बच्चे को बाहर निकाला गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के बाद मोहल्ले में शोक की लहर फैल गई है।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर खुले कुओं की सुरक्षा और बच्चों की जान की अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## दानापुर में मकर संक्रांति पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल के बाबू चक स्थित श्री श्री राम जानकी देवलोक धाम मंदिर परिसर में मकर संक्रांति पर्व धार्मिक उल्लास और सेवा भाव के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया. विनोद नारायण कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मानवता की सेवा का संकल्प दोहराते हुए समाजसेवी विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में चार हजार बुजुर्गों, दिव्यांगों और असहाय महिलाओं के बीच कंबलों का वितरण किया गया. कड़ाके की ठंड को देखते हुए ट्रस्ट की यह पहल स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आई. इस अवसर पर सभी आगंतुकों और लाभार्थियों को पारंपरिक व्यंजन दही-चूड़ा और तिलकुट का भोज भी कराया गया. मौके पर खगौल नप के मुख्य पार्षद सुजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे. ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने समाजसेवियों, चर्चित रंगकर्मी नवाब आलम और उपस्थित पत्रकारों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन और संयोजन प्रो. प्रसिद्ध कुमार द्वारा किया गया.

## धूप खिलते ही बदला मौसम का मिजाज

# ठंडी हवाओं के बीच दिनभर खुशनुमा रहा वातावरण

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना समेत आसपास के जिलों में गुरुवार की सुबह धूप के साथ हुई. सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज ठंड के बावजूद सूर्य की किरणें जमीन तक पहुंचती रहीं. दिन चढ़ने के साथ धूप और तेज होती गई, जिससे ठंडी हवाओं के बीच भी मौसम खुशनुमा बना रहा. सड़कों, पार्कों और खुले स्थानों पर लोग धूप का आनंद लेते नजर आए और ठंड से काफी हद तक राहत मिली. हालांकि बीच-बीच में चलती ठंडी हवाओं ने सुबह और शाम के समय हल्की ठिठुरन बनाए रखी.बिहार में ठंड का असर लगातार बना हुआ है. भारत मौसम विज्ञान विभाग, पटना द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 20 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार का मौसम शुष्क बना रहा और राज्य के किसी भी हिस्से में वर्षा दर्ज नहीं की गई. इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 20.9 से 26.3 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया. सबसे अधिक अधिकतम तापमान किशनगंज में 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बांका में सबसे कम अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अधिकतम तापमान में अधिकांश स्थानों पर कोई खास बदलाव नहीं देखा गया है. न्यूनतम तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस सबौर, भागलपुर में दर्ज किया गया. राज्य का न्यूनतम तापमान 5.9 से 12.5 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा. वहीं सुबह के समय कोहरे का भी असर देखा गया, जहां न्यूनतम दृश्यता 400 मीटर मोतिहारी, पूर्वी चंपारण में रिकॉर्ड की गई. मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले सात दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा. इस दौरान अनेक जिलों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रह सकता है. अगले दो से तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है, इसके बाद अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल दिन में धूप लोगों को राहत देती रहेगी, लेकिन सुबह और रात के समय ठंड का असर बरकरार रहेगा, ऐसे में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है.मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड और बढ़ सकती है, जिससे सुबह के समय कोहरा और ठिठुरन का असर देखने को मिल सकता है.

# राज्य के पशु अस्पतालों में जल्द शुरू होगी डायग्नोस्टिक सेंटर और एक्स-रे की सुविधा

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशु विज्ञान विवि में फीड इंडस्ट्रीझअकादेमिया इंटरफेस मीट, गुणवत्ता और मानकीकरण पर मंथन. फुलवारी शरीफ स्थित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के पशु पोषण विभाग द्वारा गुरुवार को फीड इंडस्ट्रीझअकादेमिया इंटरफेस मीट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में फीड की गुणवत्ता, मानकीकरण और पशुपालकों को बेहतर एवं किफायती पशु आहार उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के निदेशक, पशुपालन उज्ज्वल कुमार सिंह ने कहा कि फीड इंडस्ट्री, सरकार और वैज्ञानिकों का एक मंच पर आना सराहनीय पहल है. यह राज्य और पशुपालकों के हित में मील का पत्थर साबित होगी. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण पशु आहार से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है और दूध, मांस व अंडा उत्पादन में वृद्धि होती है. उन्होंने फीड निर्माण से लेकर वितरण तक गुणवत्ता नियंत्रण और निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में जल्द ही पशुओं के लिए आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर और एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई

## बिहार पशु विज्ञान विवि में फीड इंडस्ट्री और वैज्ञानिकों की बैठक




जाएगी. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि फीड इंडस्ट्री के माध्यम से ही पशुपालकों और किसानों तक वास्तविक लाभ पहुंच सकता है. उन्होंने बताया कि पशुपालन में लगभग 70 प्रतिशत खर्च फीड पर होता है, इसलिए उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाला फीड उपलब्ध कराना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि बिहार मक्का उत्पादन में अग्रणी है और स्थानीय स्तर पर मक्का उपयोग से फीड की लागत कम की जा सकती है. गुरु अंगद देव पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना के अतिरिक्त निदेशक डॉ. परमिंदर सिंह ने पशुधन एवं कुक्कुट आहार की वर्तमान स्थिति पर व्याख्यान दिया. उन्होंने फीड की उपलब्धता, गुणवत्ता और लागत से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डाला. डीन, स्नातकोत्तर शिक्षा प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मक्का, सोयाबीन, सरसों खली, डीडीजीएस और राइस पॉलिश जैसे कच्चे माल की वैज्ञानिक जांच आवश्यक है. उन्होंने फीड में पोषक तत्वों के संतुलन और अफ्लाटॉक्सिन नियंत्रण पर जोर दिया. पशु पोषण विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने विभागीय गतिविधियों और बिहार के लिए विकसित मिनरल मिक्सचर ह्यबासुमिनह्न की जानकारी दी. स्वागत भाषण सह-प्राध्यापक डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने दिया. बैठक में कई फीड उद्योगों ने विश्वविद्यालय के छात्रों को अपने प्लांट में प्रशिक्षण देने पर सहमति जताई. इस मीट में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से 28 से अधिक फीड कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम में बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद, संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के डीन डॉ. उमेश सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एन.एस. दहिया, निदेशक शोध डॉ. एन.के. सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, शिक्षक, उद्योग प्रतिनिधि और छात्र उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक नहीं होंगे शामिल

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 17 जनवरी की समृद्धि यात्रा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार शामिल नहीं होंगे। बताते कि विधायक प्रमोद कुमार की आँख का ऑपरेशन दिल्ली में किया गया। श्री कुमार अभी दिल्ली में ही अस्पताल में भर्ती हैं। प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लोगो से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।



### फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने को लेकर अंचल में सीओ-बीडीओ की बैठक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक अंचल परिसर में फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी निर्माण की प्रगति को लेकर अंचलाधिकारी सुमंत कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पंचायतों के वीएलई एवं सीएससी संचालक मौजूद रहे। सीओ सुमंत कुमार ने निर्देश दिया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी जमाबंदी रैयतों का शत-प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी शीघ्र तैयार किया जाए। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि जिन लोगों के नाम से जमाबंदी दर्ज है, उनसे सीधे संपर्क कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जमाबंदी धारकों की सूची संबंधित कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न हो। बैठक में प्रिंस बाबा, सतीश बाबा, विकास सिंह, सुजीत कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### बाइक की टक्कर व मारपीट, चार लोग घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में सड़क दुर्घटना और मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक सवार ने पैदल जा रहे गलिमापुर गांव निवासी सवलिया सिंह को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं अरना बाड़ोपुर गांव में बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट में कुंदन कुमार, हरीचरण राय और मुन्नी देवी घायल हो गए। तीनों को सीएचसी मशरक लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमन राजीव द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय में ताला काटकर चोरी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के गंडामण गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकिशोर साह ने बताया कि रात्री प्रहरी धर्मेंद्र कुमार द्वारा चोरी की जानकारी दी गई। रात्री प्रहरी ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण वह कुछ समय के लिए घर चला गया था, इसी दौरान चोरी की घटना हुई। चोरी गए सामानों में दो प्रिंटर, दो सीपीयू, दस मॉनिटर और तीन बैट्री शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बिजली चोरी में 10 नामजद, जेई ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी का नेतृत्व कर रहे बिजली विभाग के जेई वेद प्रकाश ओझा ने विद्युत ऊर्जा की चोरी के आरोप में 10 लोगों के खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई है। साथ ही निर्धारित प्रावधानों के तहत सभी आरोपियों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। छापेमारी दल में जेई वेद प्रकाश ओझा, मानव बल नरेश कुमार, मैनुद्दीन अंसारी, स्वामीनाथ, नीरज कुमार, गणेश ठाकुर समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

### नए अनुमंडल पदाधिकारी ने पदभार ग्रहण किया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में बुधवार को अभिजीत कुमार गोविंदा ने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने अनुमंडल कार्यालय के विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के कर्मियों और अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। नवागत एसडीएम ने स्पष्ट किया कि अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखना और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान बीडीओ सूरज कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी आदि उपस्थित थे।

### मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025-29 की परीक्षा दिनांक 15 जनवरी 2026 से प्रारंभ हो गई। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी. कॉलेज, मोतिहारी एवं एम. एस. एस. जी. कॉलेज, अरेराज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप -ए के अंतर्गत इतिहास विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 426 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में मेजर ग्रुप - बी के अंतर्गत फिजिक्स, दर्शनशास्त्र, हिंदी और इकोनॉमिक्स विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 1292 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

### बेतिया राज की जमीन पर 205 कब्जाधारियों को नोटिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत 12 गांव में बेतिया राज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जाधारियों पर अंचल प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इस कड़ी में अब तक कुल करीब 205 लोगों को अतिक्रमण का नोटिस जारी किया गया है।इसमें मुख्य रूप से राजपुर तुमकड़िया पंचायत के सोनासती गांव में 30 लोगों पर, तुमकड़िया में सात, सुगौली पंचायत के मुरली में दस, चौड़बल में 13, डुमरिया के खरकटवा में 27, मधुबनी में दस, भसुरारी के नरकटिया में 15, कटघरवा में पांच, भभटा के हैंसवा में 38, भेड़ीहरवा में 35, परोराहा के भगौना में पांच, पुरैनिया हरसरी के कोइरगांवा में दस अतिक्रमणकारी को नोटिस अंचल प्रशासन द्वारा भेजा गया है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि बेतिया राज की भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित फिलहाल एक दर्जन गांवों के 205 लोगों पर अतिक्रमण का प्रपत्र एक नोटिस जारी किया गया है। राजस्व कर्मचारी द्वारा जांच प्रतिवेदन मांगा गया था। शहर समेत अन्य पंचायतों का नोटिस तैयार करवाया जा रहा है। जल्द हीं उसे भी भेजा जाएगा।

### विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**नकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के हरदिया देवी स्थान परिसर में पेंशनर्स समाज, बुद्धिजीवी समाज व नागरिक समाज द्वारा निवर्तमान एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र मिश्र ने किया वही संचालन आचार्य मधुसूदन चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान उ. मा. वि. के सेवानिवृत्त प्राचार्य अवधेश तिवारी ने निवर्तमान एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता को अंगवस्त्र तथा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं योगेन्द्र मिश्र ने अधिकारी के सम्मान में अभिनन्दन पत्र का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान सम्मान पाकर निवर्तमान एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता भावुक हो गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरकटियागंज की मिट्टी काफी समृद्ध है। यहां की मिट्टी ने चाणक्य से लेकर गांधी तक को सींचा है। यहां के लोगों से जो स्नेह मिला वो सदैव स्मरण रहेगा। मौके पर नरेंद्र तिवारी, विक्रमा ठाकुर, लक्ष्मण भगत, मेवालाल प्रसाद, सतीश प्रसाद श्रीवास्तव, उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज, महेश्वर चतुर्वेदी, विद्यानन्द तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर संयुक्त ब्रीफिंग

**18 जनवरी एवं 21 जनवरी को को दो पाली में आयोजित होगी परीक्षा**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई संयुक्त ब्रीफिंग मे बताया गया कि बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा गृह विभाग (आरक्षी शाखा) में पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 18.01. 2026 एवं 21.01. 2026 को प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए पूर्वी चंपारण जिला में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां प्रत्येक पाली 7969 परीक्षार्थी सहित कुल 31876 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा की प्रथम पाली पूर्वाहन 10:00 बजे से मध्यान 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02: 30 बजे से 4:30 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रथम पाली में परीक्षा केंद्र पर 08:30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा एवं द्वितीय पाली में प्रवेश 01:00 बजे से होगी। केंद्र पर प्रतिनियुक्त सभी वीक्षक सहित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी समय से पूर्वाहन 8:00 बजे तक आवंटित परीक्षा केंद्र पर पहुचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी परीक्षा केंद्र पर जैमर एवं सीसीटीवी कैमरे लगा जाएंगे। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।संयुक्त ब्रीफिंग में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय मुख्य द्वार पर कड़ाई से फ्रिस्किंग का निर्देश दिया गया। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस / गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी ' संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा केंद्र पर निर्धारित अवधि के बाद परीक्षार्थियों का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा जहां अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फोटोग्राफी भी कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से जैमर लगाए गए हैं। किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी कर्मी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं है। सभी परीक्षा केंद्रों पर 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा - 144 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा को स्वच्छ निष्पक्ष एवं कदाचार रहित संचालन के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना दूरभाष संख्या 06252- 242418 पर की गई है जो परीक्षा के दिन लगातार कार्यरत रहेगा। संयुक्त ब्रीफिंग में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, डीपीओ नित्यम कुमार गौरव, सहायक को सरकार पदाधिकारी श्री शीतेश कुमार के द्वारा भी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित केंद्र अधीक्षक को संबोधित किया गया ' इस अवसर पर सभी 13 परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, प्रतिनियुक्ति स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी सहित जोनल दंडाधिकारी उपस्थित थे।

## आटा चक्की के पट्टे की चपेट में आने से संचालक की हुई दर्दनाक मौत

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में बुधवार को आटा चक्की के पट्टे(बेल्ट) में जैकेट उलझने से चक्की संचालक की मौत हो गई। दरअसल, संचालक ने जैकेट पहन रखी थी। जिसका चेन खुला हुआ था। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी स्व. विनोद सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह(40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना के समय आटा चक्की चल रहा था। इसी दौरान संचालक द्वारा आटा चक्की के पट्टे को चालू स्थिति में बदला जा रहा था। इसी दौरान पट्टे में उसका जैकेट जा फंसा। जिसमें उलझने से उसका हाथ कई टुकड़ों में कट गया। वहां मौजूद ग्राहक जबतक कुछ समझ पाते तब तक घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी सरिता देवी के अलावा दो पुत्र 12 वर्षीय आकाश कुमार व 10 वर्षीय ओसन कुमार हैं। उसकी आटा चक्की का मिल उच्च माध्यमिक विद्यालय राघोपुर के समीप स्थित है। संचालक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। पत्नी व दोनों बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक का छोटा भाई रविन्द्र सिंह सपरिवार दिल्ली में रहता है। गुरुवार को उसके घर पहुंचने के बाद शव का दाह संस्कार किया जाएगा। चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद कि शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जिला लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनयम ने 'न्याय आपके द्वारा की अवधारणा' को किया साकार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परिवाद सं0- 9999901181 2255 90260 परिवादी- धर्मेन्द्र पंडित बनाम लोक प्राधिकार पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण। बिहार सरकार नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और सुशासन की स्थापना हेतु संकल्पित है। इसी दिशा में लागू किया गया 'बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार' अधिनियम-2015 आज राज्य में जन शिकायतों के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम बन चूका है। इस अधिनियम के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक नागरिको को अपनी समस्या बिना किसी बिचौलिए के एक निर्धारित समय -सीमा के भीतर हल कराने का वैधानिक अधिकार प्रदान किया गया है। इसी कड़ी में परिवादी धर्मेन्द्र पंडित, पिता-स्व. विन्देश्वरी पंडित, ग्राम - बरकुरवा, पो0-सोनवल, प्रखण्ड - मोतिहारी सदर, जिला-पूर्वी चम्पारण द्वारा इंस्ट्राग्राम आईडी के माध्यम से एआई तकनीक का दुरूपयोग कर अश्लील एवं आपत्तिजनक फोटो/स्टोरी/पोस्ट प्रसारित किये जाने के संबंध में ऑनलाईन के माध्यम से जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, पूर्वी चम्पारण में शिकायत दायर किया गया था। प्राप्त शिकायत के उपरांत त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को निवारण प्रतिवेदन के साथ स्वयं /प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत किया गया। परिवादी धर्मेन्द्र पंडित द्वारा सुनवाई के दौरान दि. -15.01.2026 को न्यायालय में एक लिखित आवेदन दिया गया कि मैं धर्मेन्द्र पंडित, पिता-स्व विन्देश्वरी पंडित, ग्राम- बरकुरवा, थाना- पहाड़पुर, जिला-पूर्वी चम्पारण का निवासी हूँ। बहुत खुशी के साथ सूचित करते हुए कहना है कि अनन्य सं. - 9999901 181225590260 में आपके न्यायालय द्वारा नोटिस होने के बाद साईबर थाना मोतिहारी द्वारा कांड संख्या-07/26, दि.08.01. 2026 दर्ज करने से मेरे परिवाद पूर्ण रूप से निवारण हो चुका है। यह समाधान बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम - 2015 की प्रभावशीलता और पारदर्शी शासन के प्रति सरकार की प्रतिवद्धता का प्रतीक है। हर नागरिक को सुशासन के अन्तर्गत अपनी समस्या का समाधान समय पर मिलना सुनिश्चित किया जा रहा है। विदित हो कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम - 2015 , नागरिकों को यह अधिकार प्रदान करता है कि वे सरकारी सेवाओं में आई समस्याओं की शिकायत कर सके और तय समय-सीमा में उनका समाधान पा सके। जिला लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनयम राज्य 'न्याय आपके द्वारा की अवधारणा' को साकार कर रहा है ।



## चिरैया में आगामी 8 फरवरी को हिन्दू सम्मेलन को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के महुआवा गांव स्थित ब्रह्म स्थान में प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राम उद्देश्य पासवान ने की। ग्रामीणों ने सर्व सम्मति से आगामी 8 फरवरी रविवार को उक्त गांव के झंडा गाछी स्थित हनुमान मंदिर में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया। उक्त सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर लोगों ने महुआवा पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत के अलावा आसपास के गांवों के लोगों की सामूहिक सहभागिता का आह्वान किया। इस दौरान हिन्दू सम्मेलन की रूपरेखा, दायित्व निर्धारण तथा संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। वही कार्यक्रम के प्रचार प्रसार व धन संग्रह से लेकर लोगों को कार्यक्रम स्थल व समय की जानकारी देने के लिए कमिटी का गठन किया गया। कमिटी के सचिव सुबोध पासवान ने बताया कि उक्त सम्मेलन की शुरूआत दीप प्रज्वलन व वंदना से की जाएगी। जिसके बाद हनुमान चालीसा पाठ, सामूहिक हवन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिन्दू सम्मेलन का आयोजन देश भर में 14 जनवरी से 15 फरवरी तक विभिन्न स्थानों पर किया जाना है। मौके पर सुनील पांडे, राहुल शुक्ला, देवकी पासवान, झमन राय, रणजीत साह मंशी पासवान, वीरेंद्र साह, माधो साह, जनक महतो, विजय पांडे, प्रेम पासवान, ओम कुमार, प्रमोद साह, गौरी पासवान, राजू साह सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### रक्सौल बनेगा इंटरनेशनल गेटवे, 2360 मीटर रनवे पर राफेल से बोइंग तक की लैंडिंग संभव

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। नागरिक उड्डयन विभाग और जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सामरिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टि से यह परियोजना उत्तर बिहार और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए गेम-चेंजर मानी जा रही है। परियोजना के तहत रक्सौल एयरपोर्ट के रनवे को 2360 मीटर लंबा किया जाएगा। मौजूदा रनवे की तुलना में लगभग 1000 मीटर की अतिरिक्त वृद्धि की जा रही है। यह रनवे तिलावे नदी से करीब 500 मीटर पश्चिम सिसवा गांव तक विस्तारित होगा। इसके लिए कुल 139 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

## विधायक ने एकमा नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

**वार्डों में सड़क-नाली कार्यों का लिया जायजा, दलित बस्तियों में सड़क निर्माण का आश्वासन**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा के नवनिर्वाचित विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने एकमा नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर के कार्यकलापों को लेकर मुख्य पार्षद श्वेता रानी एवं कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में नगर कार्यालय परिसर में खड़े दर्जनों वाहनों की अव्यवस्थित स्थिति देखकर विधायक ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक ने मुख्य पार्षद के साथ नगर के वार्ड संख्या 14, 15, 16 एवं 17 का भ्रमण कर सड़क और नाली निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों की दलित बस्तियों में संपर्क सड़क की कमी सामने आई, जिस पर विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिपिन सिंह, राजेश सिंह, रौशन सिंह उर्फ भवानी, पूर्व वार्ड पार्षद अरविंद दुबे उर्फ भिंडी बाबा, वार्ड पार्षद राकेश कुमार, शेषनाथ राम, कन्हैया राम, रघुवर मांझी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## मुआवजे की दर पर भड़के भूस्वामी, रक्सौल हवाई अड्डा विस्तार की पैमाइश का कड़ा विरोध

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल हवाई अड्डा निर्माण की कवायद के बीच भूमि अधिग्रहण को लेकर प्रशासन और किसानों के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। कम मुआवजा और दरों में असमानता के आरोप लगाते हुए भूस्वामियों ने बुधवार को पैमाइश कार्य का जोरदार विरोध किया। हालात ऐसे बने कि जमीन की मापी कराने पहुंचे जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को बिना कार्य किए ही लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, हवाई अड्डा विस्तार के तीसरे चरण में कुल 139 एकड़ भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। इसी क्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विकास कुमार अपनी टीम के साथ पैमाइश कराने पहुंचे थे, लेकिन किसानों ने मुआवजे की दरों को लेकर आपत्ति जताते हुए कार्य रोक दिया। मुआवजे की दर में अंतर से किसानों में आक्रोश, भूस्वामियों का आरोप है कि अलग-अलग मौजा के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। किसानों के मुताबिक हरैया, चंदूली और चिकनी मौजा में अलग रेट निर्धारित किए गए हैं, जबकि भरतमही मौजा के किसानों को सबसे कम 4 लाख 73 हजार रुपये प्रति कट्ठा का मुआवजा दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह दर न तो वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप है और न ही वर्ष 2018 में तय की गई दरों के बराबर। उनका साफ कहना है कि एक ही पंचायत में अधिग्रहित हो रही भूमि के लिए सभी रैयतों को समान दर पर मुआवजा मिलना चाहिए।

**पैमाइश नहीं हो सकी, अधिकारी लौटे**

विरोध प्रदर्शन इतना तीव्र था कि पैमाइश की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक उचित और समान मुआवजा तय नहीं किया जाता, वे अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। स्थिति को देखते हुए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को टीम के साथ लौटना पड़ा। पूर्वी चंपारण के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि तीसरे चरण में भरतमही, एकडेरवा, चिकनी, सिंहपुर, चंदूली और सिसवा मौजा की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है।

## प्रखंड स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : डॉ. रोहित कुमार

**छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार व उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। स्वच्छता, व्यवस्था और मरीजों की सुविधा के मापदंडों पर उत्कृष्ट कार्य के चलते मांझी सीएचसी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार तीन बार कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। राज्य स्तरीय रैंकिंग में इस स्वास्थ्य केंद्र को 93.38 अंक प्राप्त हुए हैं, जो इसकी कार्यकुशलता और सेवा गुणवत्ता को दर्शाता है। राज्य सरकार द्वारा मांझी सीएचसी को मॉडल हेल्थ सेंटर के रूप में विकसित किए जाने के निर्णय से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि मॉडल हेल्थ सेंटर बनने के बाद यहां गंभीर बीमारियों के इलाज और बड़े ऑपरेशन की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। मरीजों को अब जिला मुख्यालय या बड़े शहरों में रेफर नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत चयनित इस केंद्र में प्रसव कक्ष, लेबर रूम, मातृ एवं स्त्री रोग ऑपरेशन कक्ष को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। इससे ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और नवजात शिशुओं को बेहतर देखभाल की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आरओ पेयजल व्यवस्था, जिम पार्क, आकर्षक डेकोरेशन, झरना एवं अत्याधुनिक गार्डन विकसित किए गए हैं, जिससे मरीजों को मानसिक सुकून के साथ स्वच्छ वातावरण में इलाज मिल सके।




## चंदन एच पी फ्यूल मार्ट के लक्की ड्रॉ में शिवहर के मुकेश को मिली हीरो बाइक

**चकिया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय राजमार्ग सेमरा गांव के समीप स्थित चंदन एच पी फ्यूल मार्ट हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर गुरुवार को लक्की ड्रॉ सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लक्की ड्रॉ में शिवहर जिला मुकेश कुमार झा को प्रथम पुरस्कार में हीरो डीलक्स बाइक मिला। वहीं द्वितीय पुरस्कार में चकिया के ज्योति इलेक्ट्रॉनिक के प्रोपराइटर राजेश कुमार को एल ई टीवी व मोहम्मद आलम को वाशिंग मशीन मिला। वहीं सैकड़ों लोगों को सांत्वना पुरस्कार में पानी का थर्मस, पानी का जग, बिजली का आयरन, को प्लेट सेट, कंबल, घड़ी सहित अन्य पुरस्कार मिला। इसकी जानकारी देते हुए पंप मालिक चंदन सिंह ने बताया कि जो भी ग्राहक हमारे इस पेट्रोल पंप से बीते वर्ष 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा से कूपन की शुरूआतबकी गई। जो बाइक ग्राहक पांच सौ का पेट्रोल अपने बाइक में डलवाए उन्हें कूपन दिया गया।



## मुख्यमंत्री करेंगे 182 करोड़ की 161 योजनाओं का उदघाटन शिलान्यास

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान जिले को 182 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान जिले में 153 करोड़ की लागत से 125 योजनाओं का शिलान्यास तथा 29 करोड़ की लागत से निर्मित 36 योजनाओं का उद्घाटन करेंगें। कार्यक्रम के दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से किसान मेला-सह-यांत्रिकीकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आद्योगिक क्षेत्र कुमारबाग का स्थलीय निरीक्षण भी किया जायेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सांसद,विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद होंगे। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने बताया कि समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु यातायात, स्वास्थ्य, विधि-व्यवस्था एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री की 'सुशासन से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे पश्चिम चम्पारण के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। विदित हो कि मुख्यमंत्री का 11.30 बजे कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र, में नव निर्मित हेलीपैड पर आगमन होगा जहाँ वे औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण एवं विभिन्न प्लांटों का निरीक्षण करेंगे। वहीं 12.15 बजे अप० रमना मैदान, बेतिया में नव निर्मित हेलीपैड पर आगमन एवं कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रगति यात्रा की घोषणाओं के प्रगति का प्रस्तुतीकरण देखेंगे एवं योजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन एवं कृषि मेला का उद्घाटन करेंगे।




### Affidavit

I Awadhesh Kumar Keshri S/O Paras Nath Keshri, R/o+Vill-Mitra Sweets chitkohra Bazar Road no-34 Phulwari P.o-Anisabad Dist-Patna, Bihar-800002 hereby affirm and declare as follows vide Affidavit No. 10, Date: 10.01.2026. That YASH RAJ KESHRI is my Son. That in YASH RAJ KESHRI 10th all educational certificate my name mistakenly mentioned as Awadhesh Keshri. That in my Aadhar card my name mentioned as Awadhesh Kumar Keshri. That I shall be known as Awadhesh Kumar Keshri for all purposes.

### Affidavit

I Mohammad Nazib Akhtar S/O Mohammad Abu Saleh R/o Vill+mohalla-Dargah road patthar ki masjid, ward no. as Affidavit No. 03, Date: 10.01.2026 That in my aadhar card my name mentioned as Mohammad Nazib Akhtar. That instead of Nazib Akhtar I shall be known as Mohammad Nazib Akhtar for all purposes.

# छात्र-छात्राओं के हितों से कोई समझौता नहीं : विधायक

## विद्यालय परिवार की ओर से हुआ विधायक का भव्य स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** सदानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरिया पहुचने पर स्थानीय विधायक सह विद्यालय प्रबंध समिति के पदेन अध्यक्ष दुलाल चंद्र गोस्वामी का स्वागत किया गया।विधायक ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया एवं प्रभारी प्राचार्य से उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली तथा कमियों को चिह्नित कर दूर करने का निर्देश भी दिया।

विधायक ने परिसर में अवस्थित कल्याण छात्रावास का निरीक्षण कर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार तथा छात्रों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यालय सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक राघवेन्द्र कुमार झा ने उन्हें बुके और दाता सदस्य रामानंद झा ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।वहीं संगीत शिक्षक कुमार प्रत्युष एवं अमृतांश गुप्ता की देखरेख में छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों मणिपुरी लोकनृत्य, झिझिया नृत्य, देशभक्ति गीत आदि को विधायक सहित अन्य अतिथियों ने काफी सराहा। प्रभारी प्राचार्य श्री झा ने स्वागत भाषण में विधायक को विद्यालय संचालन में आ रही परेशानियों से अवगत कराया तो मंच संचालन करते हुए वरीय शिक्षक निरंजन कुमार सिंह ने उनसे शिक्षकों एवं वर्ग कक्ष की कमी को दूर करने की दिशा में आवश्यक कारवाई करने की मांग की।विधायक श्री गोस्वामी ने अपने संबोधन में जहां विद्यालय परिसर की स्थिति एवं छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर संतोष जताया। वहीं जगह रहने के बाबजूद अबतक उच्च एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए संचालन के लिए वर्गवार कक्ष नहीं होने पर चिंता जताई।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विगत 20 वर्षों में राज्य का सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में तो विशेष प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि साइकिल योजना, पोषाक योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, शिक्षकों नियोजन, विद्यालय भवन निर्माण, पंचायतस्तर पर उच्च माध्यमिक शिक्षा शुरू होने से राज्य की शिक्षा व्यवस्था में आमूल परिवर्तन हुआ है। उन्होंने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि राशि आवंटित होने के बाबजूद भवन निर्माण नहीं हो पाना स्थानीय स्तर रुचि नहीं लेना हीं माना जाएगा। उन्होंने विद्यालय प्रधान को स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्र हित में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होने कहा कि सभी शिक्षक प्रतिभाशाली हैं। आवश्यकता छात्र-छात्राओं के बीच इसे बांटने की है। उन्होंने विद्यालय में आधारभूत संरचना सहित शिक्षकों की कमी को दूर करने को लेकर हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विधायक ने छात्र-छात्राओं से नियमित विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने तथा अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षा प्रेमियों से दैनिक उपस्थिति बढाने के लिए प्रयास करने की अपील की।समारोह आयोजन में सहायक शिक्षक सुनील कुमार झा,रंजीत कुमार शशांक शेखर सहित कई अन्य सक्रिय रहे। वही अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह पुलिस बलों के साथ मौजूद थे। समारोह में अतिथि के रुप में प्रमुख शुभम कुमार, मुखिया आलोक चौहान, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सूरज साह, पंचायत समिति सदस्य बरुण कुमार राय, पूर्व मुखिया बिशुनदेव हांसदा, विद्यालय के प्रथम सत्र के छात्र एवं सेवानिवृत सैन्य अधिकारी सोनेलाल चौहान,उदयानंद झा, मुखिया प्रतिनिधि अरुण मिस्त्री सहित दर्जनों एनडीए नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।जब विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति भी काफी देखी गई।

# आग ने उजाड़ दी ज़िंदगी

## दो परिवार बेघर, समेली में दर्दनाक अग्निकांड



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मलहरिया पंचायत अंतर्गत बखरी नया टोला गांव, वार्ड संख्या 12 में बीती रात लगी भीषण आग ने दो परिवारों की पूरी दुनिया राख में बदल दी। आग इतनी भयावह थी कि डोली देवी और दीपू मंडल के कच्चे घर कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गए। वर्षों की मेहनत, सपनों का आशियाना और रोजमर्रा की जरूरतें सब कुछ आग की लपटों में समा गया। अग्निपीड़िता डोली देवी पति-प्रभु मंडल फूट-फूट कर रोते हुए बताती हैं।

आग लगते ही बच्चों को लेकर बाहर भागी, कुछ भी बचाने का मौका नहीं मिला। अनाज, कपड़े, बर्तन, पैस सब खत्म हो गया। अब सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची। वहीं दीपू मंडल पिता शीतल मंडल की आंखों में लाचारगी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि पिता के जाने के बाद यही घर मेरा सहारा था। अब सब कुछ जल गया। समझ नहीं आ रहा कि परिवार को कैसे संभालेंगे। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद प्रतिनिधि रौशन कुमार मंडल, मुखिया राज कुमार भारती, पूर्व मुखिया महेश्वरी प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुमन शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और प्रशासन से तत्काल राहत, मुआवजा एवं आवास सहायता की मांग की। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए बताया कि समेली प्रखंड में बीते एक महीने के भीतर अब तक 13 घर आग की भेंट चढ़ चुके हैं, लेकिन आग से बचाव और राहत की कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो ऐसी घटनाएं और भी परिवारों को उजाड़ती रहेंगी। बखरी नया टोला गांव में सिर्फ जली हुई लकड़ियां और राख नहीं बची है, बल्कि दो परिवारों की टूटी हुई उम्मीदें और असहाय आंखों का दर्द भी साफ देखा जा सकता है।

# कथित आरोपों को ले गैप इंस्टीट्यूट के संचालक पुलिस हिरासत में

## पुलिस जांच के बाद ही सच सामने आ सकेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के मनिहारी में इन दिनों एक ऐसा मामला ऊफान पर है जिसने शिक्षा के नाम पर चल रही संस्थाओं,सरकारी योजनाओं की निगरानी और स्थानीय प्रशासन की चौकसी तीनों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना की आड़ लेकर गैप इंस्टीट्यूट ट्रस्ट के नाम पर छात्रों से कथित रूप से उगाही की गई।

> ■ बिहार सरकार की महात्वाकांक्षी योजना सात निश्चय में कथितरूप से राशि उगाही सहित पहचान छुपाकर नैतिक कानूनी सीमा लांघने का आरोप

पहचान छुपाई गई और नैतिक-कानूनी सीमाओं को लांघने के गंभीर प्रयास हुए। मनिहारी के सामाजिक ताने-बाने को झकझोर देने वाला मामला बनता जा रहा है।उक्त इंस्टीट्यूट से जूडे कुछ छात्रों का कहना है कि इस कथित इंस्टीट्यूट का संचालक खुद को पूरे इलाके में आर्यन सिंह के नाम से परिचित कराता था। जबकि बाद में उसकी पहचान मोहम्मद फंटूह्ल के रूप में सामने आने का दावा किया जा रहा है। यहीं से सवालों की श्रृंखला शुरू होती है। अगर संस्था और कामकाज पारदर्शी था तो असली नाम छुपाने की जरूरत क्यों पड़ी? पहचान बदलने के पीछे क्या मंशा थी? छात्रों के आरोप हैं कि सात निश्चय योजना के तहत मैट्रिक और इंटर के बाद आगे की पढ़ाई के लिए मिलने वाले सरकारी लोन और सुविधाओं का हवाला देकर उनसे बोनाफाइड प्रमाणपत्र के नाम पर 5000 वसूले गए। पढ़ाई के सपने लेकर पहुंचे छात्रों का दावा है कि उन्हें कागजी वादों में उलझाकर पैसे लिए गए, जबकि वास्तविक लाभ तक पहुंचाने की प्रक्रिया संदिग्ध रहा. सबसे गंभीर और संवेदनशील आरोप यह हैं कि कथित संचालक ने अपने कार्यालय में काम करने आई कुछ युवतियों पर निजी रिश्तों का दबाव बनाने की कोशिश की। आरोपों के मुताबिक नौकरी और काम के बहाने बुलाकर रिलेशनशिप की शर्तें रखी जाती थीं। ये दावे सामने आते ही मनिहारी में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों और छात्रों का कहना है कि अगर यह न सिर्फ. कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के भरोसे पर सीधा हमला भी है। इन तमाम आरोपों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर एक छोटे से कमरे में चल रही संस्था कैसे वर्षों तक बिना ठोस जांच-पड़ताल के संचालित होती रही? किसकी अनदेखी या ढिलाई ने ऐसे हालात बनने दिए? क्या सरकारी योजनाओं के नाम पर आम छात्रों की जेब काटी जा रही थी, या फिर पहचान बदलकर भरोसे का दुरुपयोग किया जा रहा था—इन सवालों के जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएंगे।घटना ने तब और तूल पकड़ लिया जब स्थानीय लोगों ने कथित संचालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में मनिहारी डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन का यह आश्वासन जरूर आया है। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि जनता अब बयान नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है।यह प्रकरण जिला प्रशासन और मनिहारी प्रशासन के लिए एक खुली चेतावनी है। शिक्षा के नाम पर चल रही हर संस्था की सघन जांच, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की पारदर्शिता और युवतियों की सुरक्षा—इन तीनों मोर्चों पर अब ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं बची है। फिलहाल, सारे आरोप कथित हैं और जांच जारी है, पुलिस आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जूटी है.लेकिन इतना तय है कि मनिहारी का यह मामला आने वाले दिनों में कई और परतें खोल सकता है। सच्चाई क्या है? यह कानून तय करेगा, मगर सवालों की गूंज अब दूर तक सुनाई दे रही है।

# पक्का मकान व चार चक्का वाहन वाले को प्रधानमंत्री आवास का नहीं मिलेगा लाभ : बीडीओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** पक्का मकान एवं चार चक्का वाहन वाले को प्रधानमंत्री आवास का नहीं मिलेगा लाभ यह बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के प्रतीक्षा सूची में नाम वाले घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन के दरवियान कहीं।

इस मौके पर बीडीओ श्री कुमारी ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायत में घूमकर जिस भी व्यक्ति का नाम प्रधानमंत्री आवास के प्रतीक्षा सूची में हैं, उनके घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन किए। इससे पूर्व पंचायत रोजगार सेवक के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था। इनके बाद फिर एक बार सभी प्रतीक्षा सूची के लाभुक का भौतिक सत्यापन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या 11 में आवास सहायक के साथ प्रतीक्षा सूची में नाम वाले लाभुक का भौतिक सत्यापन किए। जिन भी व्यक्ति का घर पक्का मकान का हैं एवं चार चक्का वाहन हैं। उन लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिलेगा। इस अवसर पर आवास सहायक कंचन कुमार आदि मौजूद रहे ।

# पूर्णिया-नारायणपुर फोरलेन सड़क पर पतंग के धागे से कई लोग घायल

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार के आदेश को अनदेखा करते हुए पतंग बाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। जिसके कारण आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा हैं,जिसका ताजा उदाहरण गुरुवार की सुबह करीब दस बजे नारायणपुरा - पूर्णिया हाईवे पर देखने को मिल रहा हैं। इस पर मनसाही और लालबाग के बीच खासकर मनिहारी थाना क्षेत्र के कुमारीपुर के पास पतंगबाजों का आतंक देखने को मिल रहा यहां के पतंगबाज हाईवे के किनारे पतंगबाजी करते हैं,कई बार पतंग कट कर उसके धागे हाईवे पर झूलते रह गए जिसकी चपेट में कई बाइक चालक आ गए हालांकि, हेलमेट व गले में मफलर रहने के कारण कोई गंभीर घटना नहीं घटी,कुछ बाइक चालकों के चेहरे पतंग के धागे से कट गए।

# 7 पुलिस पदाधिकारी स्थानांतरित

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर जिले के सात पुलिस पदाधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। पुलिस कार्यालय के आदेश संख्या 67/26, दिनांक-15. 01.2026 के अनुसार नगर थानाध्यक्ष पुनि सुमन कुमार सिंह को पुलिस केन्द्र,कटिहार भेजा गया है और आजमनगर थानाध्यक्ष पुनि कुंदन कुमार सिंह नगर थाना अध्यक्ष होंगे।वहीं अपर थानाध्यक्ष बारसोई पुनि निरज कुमार आजमनगर के थानाध्यक्ष होंगे। अंचल पुलिस निरीक्षक कोढा पुनि उमेश कुमार अब बारसोई के नये थानाध्यक्ष होंगे।जबकि प्रभारी अभियोजन शाखा पुनि साजेद आलम कोढा के अंचल पुलिस निरीक्षक का दायित्व संभालेंगे।वहीं सहायक थानाध्यक्ष पुअनि आनंद कुमार को पुलिस केन्द्र भेजा गया है, तो प्रभारी डीआईयू शाखा पुअनि कुमार विश्वास सहायक थाना के नये थानाध्यक्ष होंगे।

# जागेश्वर उच्च विद्यालय मैदान में क्रिकेट क्लब सीजन-3 की शुरूआत

## खेल से मिल रही नई दिशा, बरारी में आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** बरारी नगर पंचायत क्षेत्र के जागेश्वर उच्च विद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में बरारी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सीजन-3 क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में नगर पंचायत की मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार कश्यप उर्फ हिटलर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मैदान में उतरने वाली टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना सिखाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तेजी से डिजिटल दुनिया की ओर आकर्षित हो रहा है, जिससे शारीरिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक मंच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। बरारी क्रिकेट क्लब के व्यवस्थापक गौरव कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टूर्नामेंट आठ दिनों तक चलेगा, जिसमें बरारी, सेमापुर, कोढ़ा सहित आसपास के क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मुकाबला पवई और सेमापुर टीम के बीच खेला गया। सेमापुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 134 रन बनाए, जिससे पवई टीम को 135 रनों का लक्ष्य मिला।उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रीतम कुमार, मो. अकील उर्फ राजू, मुकेश चौधरी, रजत कुमार कश्यप, क्रिकेट संघ के सुब्रत कश्यप, सत्यम कुमार, मो. शहाबुद्दीन, प्रिंस कुमार,सन्नी कुमार, सुधीर चौधरी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति के अवसर पर सार्वजनिक शिव मंदिर मनसाही में खिचड़ी प्रसाद का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के शिव मंदिर मनसाही हाट में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण मनसाही प्रखंड के समाजसेवी के द्वारा किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर जगह पर कुछ ना कुछ प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता हैं। अभी कई जगहों पर दही चूड़ा भोज का आयोजन भी किया जा रहा हैं।

इसी कड़ी में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर मनसाही हाट के प्रांगण में स्थानीय ग्रामीण के द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोज खिलाया गया जहां खिचड़ी भोज खाने के लिए लोगों को काफी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बबन कुमार सिंह,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार झा,प्रदीप कुमार सिंह,गुरुदेव मंडल,साहेबनगर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया, कृष्णा पासवान,अमर झा, विजय झा, बासुदेव पासवान, राजेंद्र मंडल, उपेंद्र मंडल, रामाशंकर पांडेय, शिवम कुमार पोद्दार,मंटू झा,दीपक कुमार झा, चंदन कुमार पोद्दार, रामचंद्र रजक आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर आदिवासियों ने सदियों से चली आ रही शिकार की परम्परा निभाई

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के चितोरिया के आदिवासियों ने सदियों से चली आ रही मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर शिकार की परम्परा को निभाते हुए, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बहियारों में जा कर शिकार खेला। इस परम्परा के तहत आदिवासियों ने ऐसे जंगली जीवों का शिकार किया जो खाने योग्य हो,शिकार के बाद शाम को घर लौटने पर खंभे पर तीर से निशाना लगा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर अपने पर्व का समापन करते हैं। आदिवासियों के मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति को संथाल लोग शिकार पर जाते हैं, यह उनके पौराणिक कथा से जुड़ी सदियों पुरानी परम्परा हैं,जो बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रकृति के साथ उनके गहरे जुड़ाव का प्रतीक हैं।

# बिजली चोरी के आरोप में 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज

## अवैध रुप से बिजली जलाने वालों के विरूद्ध विभाग सख्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** विद्युत सब स्टेशन से संबंद्ध एवं बिजली उपभोग करनेवाले ऊपभोक्ताओं के पास बकाये बिजली विपत्र भुगतान को लेकर विभाग की ओर से ढीठ उपभोक्ताओं के विरूद्ध सख्त कदम उठाये हैं। बिजली विभाग की ओर से बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं पर पैनी नजर रखी जा रही है।

पूर्व से लाइन कटे हुए विद्युत बकायेदारों पर नीलामवाद दायर की प्रक्रिया शुरू की गई है। कनीय अभियंता श्री कुमार ने बताया कि 3.4000 उपभोक्ता ने पिछ्ले 2 साल से बिजली बिल जमा नहीं किया है। 3500 उपभोक्ता ने पिछ्ले 1 साल से बिजली बिल जमा नहीं किया है।इस माह अबतक 200 बकायेदारों की लाइन कटी जा चुकी है। लाइन कटने के बाद जो उपभोक्ता अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे है। उनपर लगातार पैनी नजर रख रही है विद्युत विभाग एवं ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर प्राथमिकी भी दर्ज किया जा रहा है। कनीय विद्यूत अभियंता अभिजीत कुमार ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है की वो जल्द से जल्द अपना बकाये बिजली बिल का भुगतान कर निर्बाध बिजली उपभोग करें।

# मकर संक्रांति पर शिव मंदिर फाउंडेशन के संयोजक के आवास पर दही-चूड़ा भोज सह मिलन समारोह आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** शिव मंदिर फाउंडेशन के संयोजक सह समाजसेवी विकास तिवारी के निज आवास पर गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दही-चूड़ा भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, मुख्य पार्षद बबिता कुमारी,भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय सहित अन्य अतिथियों का आयोजक द्वारा स्वागत किया गया। पारंपरिक दही-चूड़ा भोज के माध्यम से सभी ने पर्व की खुशियाँ साझा कीं। जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज के सभी वर्ग एक मंच पर आते हैं, जिससे आपसी सौहार्द बढ़ता है। मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने कहा कि मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है,जो आपसी प्रेम, सहयोग और एकता का संदेश देता है। शिव मंदिर फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सराहनीय है,जो समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि दही-चूड़ा भोज जैसे पारंपरिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम हैं। समाजसेवी विकास तिवारी द्वारा किया गया यह प्रयास सामाजिक एकजुटता की मिसाल है। कार्यक्रम में उप मुख्य पार्षद अमन कुमार, कांग्रेस नेत्री संयोगिता सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि राजीव भारती, सरपंच अमित यादव, राजद युवा नेता बंटी यादव, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय कुमार भारद्वाज, भाजपा नेता मनोरंजन पाल, मनोज चौधरी, बैरिस्टर चौधरी, हेमंत कुमार, मांगन यादव,राहुल झा,सोनू तिवारी,सुभाष साह एवं देवकांत यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।आयोजक विकास तिवारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा।

# पैक्स गोदाम में गड़बड़ी पर छपी खबर आधारहीन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पैक्स गोदाम में गड़बड़ी पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने अनुमंडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता बारसोई सुश्री प्रियंका कुमारी को पैक्स गोदाम का जॉच करने का निर्देश दिया।

निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुश्री प्रियंका कुमारी ने बेलवा पैक्स गोदाम में भंडारित धान का सत्यापन, गोदामों में संधारित धान क्रय सह भुगतान पंजी का दिनांक 14 जनवरी 2026 को जांच किया। जांच के क्रम में पाया गया कि दिनांक 13 जनवरी 2026 तक बेलवा पैक्स के द्वारा कृषकों से क्रय की गई धान से संबंधित रिपोर्ट के अनुसार पैक्स गोदाम में धान भंडारित पाया गया। अधिप्राप्त धान के भुगतान के संबंध में पैक्स में निबंधित किसानो से रैंडम तरीके से सम्पर्क किया गया। जिसमें किसानों द्वारा बताया गया कि उन्होंने धान की बिक्री पैक्स को किया है और उनके द्वारा बेची गई धान की राशि का बैंक खाते के माध्यम से भुगतान भी हो गया है। कुछ किसानों ने यह भी बताया है कि वे पूर्व से ही धान की बिक्री पैक्स में करते रहें हैं और धान की राशि उनके बैंक खातों के माध्यम से आसानी से प्राप्त भी हुआ है। पैक्सों में धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होती है।इस आधार पर दिनांक 14 जनवरी 2026 को एक दैनिक समाचार पत्र के पेज नंबर 07 पर "पैक्स गोदाम पर ताला, जमीन पर नहीं धान का एक भी दाना"निराधार, तथ्यहीन व गलत है। उक्त प्रकाशित खबर का जिला जिला प्रशासन पूर्ण रूप से खंडन करता है। वहीं जिला पदाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता कार्यालय के माध्यम से अन्य सभी पैक्स गोदामों की जॉच करने का आदेश निर्गत किया गया है।

# विभिन्न योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

## सात निश्चय पार्ट 3 से डीएम ने कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारी को आवेदनों पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया जहां जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उसके बाद सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस सामाजिक सुरक्षा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की वहीं लोगों ने सात निश्चय पार्ट 3 सहित विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा किया। करीब दो घंटे तक चली बैठक में जिलाधिकारी ने लोगों से रूबरु हुए। वही बैठक में उपस्थित अधिकारियों को इससे निजात पाने का निर्देश दिया। बैठक में आम लोगों ने जिलाधिकारी से अपनी अपनी बातें को उनके समक्ष रखा। मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने भी जिलाधिकारी के सामने अपनी बातें रखी। उक्त मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता कि समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हम तत्पर है। जिलाधिकारी ने आम लोगों से कहा कि जो भी समस्या है उसे प्रशासन के समक्ष बेहिचक कहिए हम उसके निपटारे के लिए पूरी प्रयास करेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख जलस देवी, एसडीएम राकेश कुमार, सिविल सर्जन अशोक कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता मनकेश्वर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रागनी कुमारी, अंचलाधिकारी सुजीत कुमार सुधन, सीडीपीओ, मो. महताब ग्यास, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय, प्रखंड नाजिर अमित कुमार झा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी तेघड़ा विजय कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनय कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी जयप्रकाश मिश्रा, श्रम प्रबर्तन पदाधिकारी मुन्ना कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अवधेश कुमार, मनरेगा पीओ दीपू कुमार, कृषि पदाधिकारी विकास विकास, कनीय विद्युत अभियंता हर्ष कुमार मौर्य, पंचायती राज पदाधिकारी किरण मंडल,समसा दो पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी, समसा एक पंचायत मुखिया डा. दिनेश कुमार राय, साठा पंचायत मुखिया नासरीन खातून, मंसूरचक मुखिया यासमीन खातून, गणपतौल मुखिया हीरा कुमारी, अरमान कुरैशी, बहरामपुर मुखिया धर्मवीर सिंह कुंदन, राजाराम पासवान, उप प्रमुख रंजीत कुमार सिंह, चंद्रहास सिंह, रौशन लाल सहित अन्य मौजूद थे।

## एलएनएमयू के सीबीसीएस सत्र 2024-28 का परीक्षा परिणाम घोषित

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय द्वारा अगस्त 2025 में आयोजित परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया है। मालूम हो कि सीबीसीएस, सत्र 2024-28, द्वितीय सेमेस्टर के कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों का परीक्षा फल परीक्षा अनुभाग द्वारा घोषित कर दिया गया है। कला संकाय में कुल 85940 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनकी उत्तीर्णता 91.48 प्रतिशत रही। वाणिज्य संकाय में 94.39 प्रतिशत उत्तीर्णता के साथ 6445 विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं विज्ञान संकाय में कुल 22595 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिनमें 289 असफल रहे। विज्ञान संकाय में उत्तीर्णता 88.33 प्रतिशत रही।

# ज्वेर दुकान का शटर तोड़ पांच लाख के जेवर की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा बाजार में एक ज्वेलरी की दुकान से 5 लाख के गहना व नगदी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। यह घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यमुना मार्केट बबुरा में हरिओम मां ज्वेलर्स व बर्तन भंडार की संचालित दुकान थी। दुकानदार प्रदुम्न कुमार अपनी दुकान बुधवार शाम 6:30 बजे बंद कर घर चला गया था। गुरुवार सुबह बगल के एक दुकानदार ने चोरी की घटना से संबंधित जानकारी ज्वेलरी दुकानदार प्रदुम्न कुमार को दी। जैसे ही प्रदुम्न चोरी की घटना सुना तुरत अपने गांव कपुर दियारा से बबुरा पहुंचे। देखा कि यमुना मार्केट के मेन गेट के ताला को काटकर चोर अंदर घुसे और ज्वेलरी दुकान के सटर को लोहे रॉड से कबाड़ कर चोर ज्वेलरी दुकान में घुस गये। अंदर रखे लॉकर का ताला तोड़ा और सोने का सिकरी, झुमका, पुराना गहना समेत अन्य सामान चोरी कर ली। इस घटना की सूचना पीड़ित दुकानदार ने बबुरा थाना को दिया। थाना ने चोरी की गंभीर घटना को देखते हुए फिंगर प्रिंट ब्यूरो पटना और डॉग स्क्वायड डिहरी बिहार को जांच के लिए बुलाया गया। दोनों टीम घटनास्थल पर पहुंचकर सैंपल लिया। उसके बाद चले गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को अभी तक अहम सुराग नहीं मिल सके हैं।

# एलन कैम्पस में संक्रांति पर पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** राजधानी पटना में सफल दो वर्ष के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के भरोसे को और अधिक मजबूती देने के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अब बिहार के छह अन्य महत्वपूर्ण शहरों में भी शुरू हो चुका है। इसी क्रम में दरभंगा में 20 जनवरी से कक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट एवं जोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने बताया कि दरभंगा में कैम्पस का कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां वीआईपी रोड़ पर मारुति एरिना स्थित एलन के एडमिशन ऑफिस एवं क्लासरूम कैम्पस की

## 20 से कक्षाएं होंगी शुरू

मकर सक्रांति के अवसर पर एकेडमिक हेड वीरन्द्र वर्मा ने पूजा की और कैम्पस का शुभारंभ किया। वर्मा को 18 वर्षों से मैथ्स अध्यापन का अनुभव है। अकेडमिक हेड वीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि एलन कोटा की तर्ज पर एलन दरभंगा में वातानुकूलित क्लासरूम कैम्पस, पर्सनलाइज्ड डाउट सॉल्विंग काउंटर्स एवं पर्सनल मेंटरशिप के साथ अध्यापन कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही 10वीं बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए रिवीजन क्लासेज एवं 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भी कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं। वहीं कक्षा 6 से 9वीं तक के विद्यार्थियों के फाइनल एग्जाम के लिए भी रिवीजन क्लासेज शुरू हो चुकी हैं। विद्यार्थियों को घर बैठे एआईओटी एवं सीबीटी जैसे नेशनलाइज्ड टेस्ट सिस्टम्स भी मिलेंगे। इससे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से पूर्व अपने स्तर का आंकलन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के ट्रांसपोर्ट एवं हॉस्टल सुविधाओं पर भी एलन का सुपरविजन रहेगा, ताकि आसपास के क्षेत्रों से भी विद्यार्थी आकर पढ़ सकें।

# पीएचसी में गर्भवतियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पीएचसी भगवानपुर में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैंप में परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 72 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। कैंप में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों के बारे में समझाया और जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दिए गए। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरीन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डा अनुपमा और डा शिखा की उपस्थिति में एलटी फिरोज आलम, सीएचओ निशा भारती, राखी, नवीन, राजू और करण आदि के द्वारा की गई। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया की प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से किसी भी प्रकार की परेशानी का शुरुआती दौर में ही पता चल जाने से उसे आसानी से दूर किया जा सकता है। खानपान के बारे में बताते हुए सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल की टेबलेट व ओआरएस दी गई।

# पूजा कमेटियों को लाइसेंस लेना होगा जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** सरस्वती पूजा के मद्देनजर पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा आमजनों के साथ शांति समिति की बैठक गुरुवार को थाना परिसर नावकोठी में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने की। उन्होंने सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। इसके लिए प्रतिमा स्थापित करने वाले पूजा पंडाल के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। बिना वैध लाइसेंस के पूजा पंडाल में पूजा होने की जानकारी प्रशासन को नहीं होने से प्रशासनिक व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। लाइसेंस में

## शांति समिति

विसर्जन मार्ग तथा समय अंकित करना अनिवार्य है। पूजा तथा विसर्जन के क्रम में डीजे बजाने पर पूरी तरह पाबंदी है। इस नियम के उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक का डीजे जब्त कर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इंस्पेक्टर रामकुमार ने कहा कि पूजा में अभिभावकों की सहभागिता अनिवार्य है। इससे कानून के दायरे में रहकर बच्चों के द्वारा शांति पूर्ण पूजा सम्पन्न कराने में सहयोग मिलेगा तथा किसी भी प्रकार के अप्रिय वारदात से बचा जा सकता है। किसी प्रकार की अप्रिय सूचना को पुलिस प्रशासन को देने का अनुरोध किया गया ताकि उसे ससमय नियंत्रण किया जा सके। उपद्रवियों तथा अराजक तत्वों पर प्रशासन की पैनी निगाह है। इसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर सीओ सूरज कुमार, सरपंच अर्जुन पासवान, सुशील कुमार, बाबु साहब कुंवर, प्रतिनिधि घूरन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन पोद्दार, पंसस अनिता देवी, सुरेश पासवान, सुरेन्द्र पासवान, अंजनी सिंह, मुकेश कुमार, शुभाकर मिश्र, गंगा राम महतो, मुन्ना सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

# प्रखंड कार्यालय स्थानांतरण के विरूद्ध धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** प्रखंड के विभिन्न जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता ने वीरपुर प्रखंड कार्यालय को वीरपुर से अलग नहीं करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। साथ ही धरना प्रदर्शन के लिए वीरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के लिए तीस सदस्यीय हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र प्रखंड के नाजिर रतन कुमार को दे दिए हैं। जानकारी देते हुए वीरपुर पश्चिम पंचायत के पूर्व मुखिया सह प्रखंड बचाओ अभियान समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि हम लोगों को जानकारी मिल रही है कि वीरपुर प्रखंड कार्यालय वीरपुर गांव से इतर कहीं और बनेगा जो लोगों के जरूरत के ख्याल से बेहतर नहीं होगा। इस लिए हम लोगों ने ये निर्णय लिया है कि प्रखंड कार्यालय वीरपुर में ही रहे इसके लिए शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं वीरपुर पूर्वी के पैक्स अध्यक्ष सह प्रखंड बचाओ अभियान समिति के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय वीरपुर में ही रहना चाहिए जिससे प्रखंड से संबंधित किसी भी काम के लिए लोगों को आने जाने में सहूलियत हो। वीरपुर से इधर उधर कहीं भी प्रखंड कार्यालय बनता है तो लोगों को आने जाने में यातायात की समस्या होगी। प्रखंड बचाओ अभियान के संयुक्त सचिव मनोज सिंह ने बताया कि ये धरना प्रदर्शन कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय पर 16 जनवरी दिन शुक्रवार को समय 11 बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। मौके पर वीरपुर पश्चिम पंचायत के सरपंच दयानंद झा, पुर्व उप मुखिया राजेश ठाकुर, वीरपुर प्रखंड के वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, वीरपुर पूर्वी के उप मुखिया विकास कुमार, विनोद कुमार, सुशील कुमार, बबन कुमार, रामाधार राय समेत कई जनप्रतिनिधि समेत सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नवनिर्मित चहारदीवारी का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के गेंहरपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय (102) खरमौली में नवनिर्मित चहारदीवारी एवं मुख्य द्वार का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को वीरपुर के जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी के द्वारा समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। जिसकी जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्या प्रतिनिधि रौशन चौरसिया ने बताया कि यह निर्माण कार्य पंद्रहवीं वित्त आयोग की मद से 8.98 लाख की लागत से प्रस्तावित था, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण कर विद्यालय को मुख्य द्वार की चाबी औपचारिक रूप से समर्पित की गई।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पार्षद शिल्पी कुमारी ने कहा कि विद्यालय परिसर में चहारदीवारी एवं मुख्य द्वार के निर्माण से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इससे छात्र छात्राओं को सुरक्षित वातावरण के साथ-साथ एक अनुशासित एवं अनुकूल शैक्षणिक माहौल प्राप्त होगा, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक है। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी की सक्रिय भूमिका की सराहना की। साथ ही विद्यालय के प्रधान व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संत कुमार सहनी एवं रामानंदन महतो एवं बैजनाथ साह के प्रयासों को भी सराहा।

# भागलपुर के पांच आकांक्षी प्रखंडों की हुई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पांच आकांक्षी प्रखंडों की प्रगति की समीक्षा एवं अवलोकन के लिए आज यहां नीति आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सीपीओ एवं भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निदेशक प्रवीण रंजन की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई।




जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने पौधा देकर वित्त मंत्रालय के निदेशक का हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद जिला योजना पदाधिकारी मोनू कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी आकांक्षी प्रखंडों में सभी विभागों के लिए निर्धारित अलग अलग 40 प्रगति सूचक में वर्ष 2023 से अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया गया। वहीं नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंडों के लिए कुल 40 सूचक बनाए गए हैं, जिनकी प्रगति के आधार पर आकांक्षी प्रखंड को सामान्य प्रखंड में लाया जा सके। उन्होंने बताया कि भागलपुर जिला के सभी पांच आकांक्षी प्रखंडों- जगदीशपुर, सन्हौला, सबौर, पीरपैंती और सुल्तानगंज में कई सूचको में लगभग शत प्रतिशत उपलब्धि मिल गई है। जिसके बाबत स्वास्थ्य विभाग के लिए निर्धारित सातों सूचकों प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, निम्न जन्म दर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह नियंत्रण, टीवी केसेस कम करने में लगभग शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर लिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि विगत वर्ष 2024 में इन प्रखंडों में संपूर्णता अभियान चलाया गया था जिनके सभी 6 सूचकांकों (प्रसव पूर्व जांच, हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की स्क्रीनइंग, सॉईल हेल्थ कार्ड, गर्भवती महिलाओं को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन तथा जीविका) में शत प्रतिशत संतृप्तता के लिए सभी पांच प्रखंडों को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। भागलपुर भारत का एकमात्र जिला है जिसके सभी के सभी पांच आकांक्षी प्रखंडों को पुरस्कृत किया गया था। जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि न्यूट्रिशन (पोषण) के लिए निर्धारित सात पैरामीटर में भी लगभग शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त हुई है। अति कुपोषित बच्चों को सामान्य बच्चों में तब्दील करने के लिए मिशन- 45 भागलपुर में चलाया गया। इसकी प्रशंसा राज्य एवं केंद्र स्तर पर की गई है। शिक्षा विभाग के निर्धारित 11 पैरामीटर, कृषि विभाग के पांच पैरामीटर, आधारभूत संरचना के पांच पैरामीटर तथा सामाजिक विकास के पैरामीटर में भागलपुर के आकांक्षी प्रखंडों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप सिंह, सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# जिले के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाने की घोषणा पर अभाविप ने जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के सभी प्रखंड में सरकार द्वारा डिग्री कलेज खोलने की घोषणा पर विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओ ने हर्ष मनाया है। सरकार ने सात निश्चय तीन कार्यक्रम योजना के तहत प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा अब धरातल पर उतरता दिख रहा है। इस आशय का एक पत्र सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजा गया है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जीडी कलेज परिसर में गुलाल लगाकर एवं लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता इस मुद्दे पर लंबे समय से संघर्ष करते रहे हैं एवं चुनाव में भी यह एक गंभीर मुद्दा रहा है। इस

## इसी सत्र से पढ़ाई की व्यवस्था हो प्रारंभ

पर प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद के मांग के आगे सरकार झुकी है। प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कलेज खोलने हेतु सरकार ने अच्छी पहल की है। प्रदेश मंत्री पुरूषोत्तम कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुरूप प्रत्येक डिग्री कलेज में वर्ग, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की संख्या तय की जाए एवं इसी सत्र से नामांकन प्रारंभ हो इसके लिए हमारा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। नगर मंत्री अजीत कुमार एवं जिला मीडिया संयोजक अमन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हितों के लिए इस प्रकार की लड़ाई लड़ते आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। नगर सह मंत्री प्रहलाद कुमार, सूरज कुमार एवं सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एक मात्र ऐसा छात्र संगठन है। जो सरकार और सत्ता की चिंता किए बिना किसी विषय पर संघर्ष करती है। इस लड़ाई को हमने अंजाम तक पहुंचाया है। मौके पर जीडी कलेजअध्यक्ष अभिषेक कुमार, सुमित चौरसिया, हर्ष ,गुलशन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गांजा सहित चार कारोबारी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा वार्ड नंबर 11 से पुलिस ने छापेमारी कर लगभग डेढ़ किलो गांजा के साथ चार कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर संध्या छापेमारी के दौरान वीरपुर थाने के पर्रा निवासी गुलशन कुमार,पकड़ी निवासी अमर कुमार व पवन कुमार तथा नावकोठी थाने के डफरपुर निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इन कारोबारी पर बहुत दिनों से नजर रखी जा रही थी। लेकिन सही सुराग नहीं मिलने के कारण यह कारोबारी गिरफ्त से बाहर थे। छापेमारी में अंचलाधिकारी सूरज कुमार के अतिरिक्त प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी,एसआई रंजीत कुमार,एएस आई युगल किशोर मंडल सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के समसा में छापेमारी कर आठ लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि समसा में देसी चुलाई शराब बेची जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर सूचना के सत्यापन के लिए की गयी। छापेमारी में शराब कारोबारी राम बाबू पासवान को आठ लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस छापेमारी में एस आई रंजीत कुमार सहित सशस्त्र बल थे।

## दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन आज

**बेगूसराय।** भारत सरकार की 11 साल की उपलब्धि एवं जन कल्याणकारी योजनओ पर दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया जयगा। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को करूणानिधि प्रसाद आर्या सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किया जाएगा।दो दिवसीय कार्यक्रम 16 जनवरी एवं 17 जनवरी को है। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व कार्यक्रम स्थल पर बीपी इन्टर स्कूल बेगूसराय मे छात्र छात्राओ का कबड्डी प्रतियोगिता कराया गया।


बिहार सरकार

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,**
**नगर पंचायत, रफीगंज औरंगाबाद**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2025–26 (E.T)**
**(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 13.01.2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :– दिनांक 27.01.2026 को 02:00 बजे अपा0 से (on www.eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 10.02.2026 को 03.00 बजे अपा0 तक (on www.eproc2.bihar.gov.in)
5. तकनिकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.02.2026 को 11.00 बजे पूर्वा0 के बाद (on www.eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात ।
7. निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे – सभी शपथ पत्र (मूल में), Existing Commitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति/ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) , परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा ।
8. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत रफीगंज क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं०– 11 में सम्राट अशोक भवन का निर्माण कार्य । | 16719419.00 | 334500.00 | 10000.00 | As Per E-Proc2 | 12 माह |

**Note :-** Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website https://eproc2.bihar.gov.in/

9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता है।

**PR. No. 21887 (B&C) 25-26**

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, रफीगंज**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**


# बेटी जन्मोत्सव कन्या रत्न समारोह में 20 बच्चियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा सभागार में गुरुवार को बेटी जन्मोत्सव-कन्या रत्न सम्मान समारोह सम्पन्न कराया गया। इस दौरान 20 बच्चियों को शुभकामना संदेश जन्म प्रमाण पत्र एवं हिमालय का नवजात शिशु किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के बारे में उपस्थित लाभुकों को उनसे जुड़े हुए योजना लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी संयुक्त रूप से मो कमर आलम (एडीएम आपदा), सैय्यद अदील मोहसिन (आईएएस प्रोवेशनर) बीडीओ बड़हरा के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में बीडीओ बड़हरा मोहित भारद्वाज, अंचलाधिकारी अंशु प्रसुन्न, बीपीआरओ गोविंद कुमार, एलईओ सृष्टि कुमारी, आईसीडीएस से सभी महिला पर्यवेक्षिका,



अस्पताल से चिकित्सा पदाधिकारी, जियाउल हक (एमओ) शिव शंकर कुमार (बीएचएम), कमलेश कुमार, धनंजय कुमार, अर्जुन कुमार एवं अन्य सभी अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला योजना कार्यालय)**
**–: कोटेशन आमंत्रण सूचना :–**
**(अति अल्पकालीन)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री उपेन्द्र कुशवाहा माननीय सांसद (राज्यसभा) द्वारा श्री सिकन्दर कुमार, पिता–श्री महेन्द्र मेहता, ग्राम–जागा बिगहा, पो0– अनेहा अंछा, प्रखंड–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद को Fitment of Left Below Knee Prosthesis which includes Vaccum assisted socket Silicone Liner Ossur Shuttle lock Adapter Tube clamp Proflex XC Torsion Foot Ossur Foam Covr Stump Socks Cosmetic Socks Gait. उपलब्ध कराने हेतु की गई अनुशंसा के आलोक में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा योग्य आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म निम्न वर्णित शर्तों को पूरा करते हुए अपना–अपना कोटेशन बन्द लिफाफा में कार्यालय अवधि (पूर्वा0 10:30 बजे से अप0 5:00 बजे तक) में दिनांक **20.01.2026** के अप0 04:00 बजे तक निम्न शर्तो के अधीन जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में समर्पित कर सकते है। शर्ते निम्नवत है :–

**जिला योजना पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

PR- 021927 (Planning) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# पुनपुन के राजघाट-नवादा तट पर मकर संक्रांति पर लगा भव्य मेला

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, आस्था और विश्वास का दिखा संगम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मकर संक्रांति पर्व को लेकर एक और जहां पुनपुन के पावन तट पर सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। हर किसी ने आदी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई, स्नान कर भगवान भास्कर को जल अर्पित किए। पूर्व मुखिया जयप्रकाश पासवान ने बताया कि हमारे याद से 2001 से यह मेला राजघाट में लगाया जा रहा है जहां पर तकरीबन 50 हजार से अधिक की संख्या में भीड़ उमड़ती है। मेले का खास आयोजन मकर संक्रांति पर के मौके पर किया जाता है। जहां दूर-दूराज से कई जिलों से यहां पर दुकानदार अपनी दुकान लगाते हैं और तरह-तरह के सामान की बिक्री भी करते हैं। इस मेले का खास आकर्षण झूला होता है। पहले यह मेल किसी तरह से लग जाया करते थे, लेकिन अब भाकपा माले कमेटी की टीम के द्वारा यह मेले का आयोजन किया जाता है। वही सत्यनारायण पासवान ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सरकार को यह जिला स्तर पर यह मेले का आयोजन किया जाना चाहिए और यह मेला एक दिन की बजाय तीन दिन तक लगना चाहिए ताकि यहां जो दूर दराज से अपना सामान बेचने के लिए आते हैं उनका एक रोजगार के अवसर मिल सके। तरह-तरह के खिलौने झूला समेत लकड़ी से बने इमारती लकड़ी भी बिक्री की जाती है। बहरहाल मकर संक्रांति पर्व के मौके पर लगने वाले मेले में काफी संख्या में भीड़ उमडती है। वहीं शिक्षक गजेन्द्र ने बताया की यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक मेला है जो मकर संक्रांति पर्व पर न केवल श्रद्धालुओं की भीड उमडती है बल्कि सैकड़ों दुकानदारों के लिए रोजगार का अवसर भी देता है।

# पूजा पर हथियार प्रदर्शन करने वालों पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना परिसर में गुरुवार को सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर थानाध्यक्ष बेबी कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रशासन ने सरस्वती पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बैठक में कहा गया कि अगर कोई इस आदेश का उल्लंघन करेंगे तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सहायक थानाध्यक्ष भावना कुमारी ने बताया कि सरस्वती पूजा के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न गांवों और स्थानों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से नियमों का पूर्ण पालन करने, समय पर लाइसेंस प्राप्त करने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की, थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने भी उपस्थित लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस अवसर पर पुनपुन के समाजसेवी कई पुलिस अधिकारी समेत गणमान्य लोग शामिल रहे।

# खेत से पटवन कर लौट रहे युवक को मारी गोली, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव में गुरुवार की शाम को अपने खेत से पटवन कर लौट रहे एक युवक को गोली मार देने की घटना सामने आई है। जख्मी युवा का नाम रितिक रोशन उर्फ रिंकूउम्र (36 वर्ष) पिता संतोष शर्मा बताया जा रहा है। जिसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक इलाज करते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जख्मी युवक अपने खेत में पटवन कर आरी बांध कर लौट रहा था उसी दौरान मीरपुर गांव के कुछ लड़के बेवजह जोर-जोर से

### अफरा-तफरी

गाली गलौज करते हुए उसी रास्ते से गुजर रहा था, उसी क्रम में रितिक रोशन ने गाली गलौज किसे दे रहा है पर टोका, इसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज हुई हाथापाई हुई। इस दौरान एक युवक ने अपनी कमर से पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी, गोली कमर के पिछले हिस्से के नीचे में लगी है और गोली चल कर वे सभी युवक भाग है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जख्मी युवक को अनुमंडल अस्पताल लाई जिसे पटना रेफर कर दिया गया है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को स्थानीय जूनियर स्कॉटिश स्कूल, अररिया में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुप कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित भुगतान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई से सम्बद्ध विद्यालयों को दिया गया निर्धारित प्रारूप भी सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया, जिसे 27-जनवरी-2026 तक जमा करना अनिवार्य बताया गया। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिन्हा एवं जिला महासचिव खुर्शीद खान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने एन.एच. किया जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय राजमिस्त्री की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-22 को जाम कर दिया। जाम के कारण करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान परस बिगहा थाना क्षेत्र के शकुरगंज गांव निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद गुड्डू अंसारी के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री था और बुधवार शाम लगभग 5 बजे जहानाबाद से काम



समाप्त कर घर लौट रहा था। इसी दौरान मेघड़िया गांव के पास बाइपास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर गया-पटना एन.एच.-22 को जाम कर दिया और कुछ स्थानों पर आगजनी भी की। प्रदर्शनकारियों ने मुआवजे और स्थायी समाधान की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रहने से गया और पटना की ओर जाने वाले वाहन फंसे रहे। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंसे नजर आए। परस बिगहा थाना अध्यक्ष शिशुपाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद एनएच-22 जाम कर दिया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वरीय पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया गया।

### ओवरब्रिज/अंडरपास नहीं होने से बढ़ रहा खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि बाइपास सड़क बनने के बाद इस स्थान पर लगातार हादसे हो रहे हैं। ओवरब्रिज या अंडरपास की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को सड़क पार करते समय जान जोखिम में डालनी पड़ती है। कई बार प्रशासन और सरकार से मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।ग्रामीण जसीम अख्तर ने बताया कि मोहम्मद गुड्डू अंसारी अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और राजमिस्त्री का काम कर घर चलाता था। बाइपास पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हुआ और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सुशासन की लहर में दिखेगा चौमुखी विकास : अरुण मांझी

## मसौढ़ी के पीपला में नवनिर्वाचित विधायक का हुआ नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढी।** मसौढी के नव निर्वाचित विधायक अरुण मांझी का मसौढ़ी के पिपला गांव में गुरुवार को नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ पूर्व मुखिया नसीम उद्दीन मल्लिक की अध्यक्षता में पिपला ग्रुप की टीम द्वारा विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल के अरुण मांझ का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधायक अरुण मांझी एवं शिक्षिका मुश्तरी खातून को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। संबोधन में विधायक अरुण मांझी ने कहा कि सुशासन की सरकार में हर गांव में विकास की लहर दिखेगी और हम यहां विधायक बनकर राज करने नहीं बल्कि बेटा बनकर सेवा करने आए हैं, वहीं स्व. जियाउद्दीन साहब की मार्केट ग्राम पिपला में एक दुकान रामबाबू चौधरी की स्वीट शॉप का भी विधिवत उद्घाटन भी विधायक अरुण मांझी एवं शिक्षिका मुश्तरी खातून के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर विधायक से उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवी लाल दिनकर, शिक्षिका शिवानी सिंहा, लाडली बानो, खदीजा शमश, वसीम अलम, अजहर इमाम एवं रामायतन कुमार ने विद्यालय से संबंधित समस्या के निदान हेतु एक आवेदन पत्र समर्पित किया तथा पिपला ग्रामीणों द्वारा घुटन टोला से पिपला महादलित टोला तक सड़क निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। सम्मान समारोह सह उदघाटन में सज्जाद हसन, रजी अहमद, इरशाद अलम, बरांवा मुखिया सिमरन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, रविन्द्र शर्मा, मनोज कुमार, इम्तियाज अलम, एहरार निजामी, शारिक हसन, अहमद रज़ा साकिब मल्लिक, युवा नेता नुरुल्लाह उर्फ शागिल एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक के द्वारा अपने पोलिंग एजेंट मुस्ताक मल्लिक एवं आफताब आलम को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। विजय शर्मा पैक्स अध्यक्ष बेर्रा आदी शामिल रहे।

# किसानों की डिजिटल पहचान के लिए फार्मर रजिस्ट्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह की अध्यक्षता में कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मसौढ़ी प्रखंड धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, राजस्व कर्मचारी व किसान सलाहकार को फार्मर रजिस्ट्री का प्रशिक्षण दिया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया कि किसानों की डिजिटल पहचान बनाने और सरकारी योजनाओं (जैसे पीएम किसान) का लाभ सीधे उन तक पहुँचाने के लिए है, जिसमें आधार, भूमि रिकॉर्ड का सत्यापन और तकनीकी प्रक्रिया पर जोर दिया जाता है, ताकि सभी किसानों का सटीक डेटाबेस तैयार हो सके और पारदर्शिता बढ़े, जिसके लिए कृषि पदाधिकारी से लेकर किसान सलाहकार तक सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के स्तर से सभी कर्मियों को ई-केवाईसी व फार्मर आईडी जेनरेटर के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। वहीं प्रशिक्षण के दौरान बताया की फार्मर रजिस्ट्री राज्य सरकार की प्राथमिकता प्राप्त योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक किसान को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, कृषि सेवाओं को आधुनिक एवं पारदर्शी बनाना और हर किसान का एक डिजिटल पहचान पत्र तैयार करना है। इस फार्मर आईडी में किसान की भूमि से संबंधित विवरण, आधार जानकारी एवं अन्य आवश्यक डाटा दर्ज रहेगा। जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुगमता होगी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सभी पात्र किसानों को विभिन्न सरकारी कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्षित पटेल आदी शामिल रहे।

# सीडीपीओ ने टीएचआर वितरण व पोषाहार का किया निरीक्षण

## शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को सेविकाओं ने टीएचआर (टेक होम राशन) का वितरण किया। ऐसे मसौढ़ी सीडीपीओ अनिता कुमारी ने टीएचआर वितरण का निरीक्षण किया। सीडीपीओ ने सभी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के संबंध में निर्देश दिये। डाटा अपलोडिंग वितरण के सभी आंकड़े वितरण के तुरंत बाद पोषण ट्रैकर एप पर शत-प्रतिशत अपलोड किये जाय, स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का एफआरएस (फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम) दो दिनों के भीतर पूरा किया जाये। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लक्ष्य के अनुरूप आवेदन एकत्र कर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड किया जाय. इसके अलावा सीडीपीओ ने बताया कि टीएचआर का वितरण गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं (स्तनपान कराने वाली) तथा सामान्य, कुपोषित व अति कुपोषित लाभार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर लगातार जारी है। पोषण ट्रैकर एप का उपयोग प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की टीएचआर वितरण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण हो रहा था। कुछ केंद्रों पर बच्चों की कमी देखी गई। इस संबंध में संबंधित सेविका को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का निर्देश दिया गया है।

## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल ने बांटे कंबल

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार को स्कॉटिश परिवार की ओर से हर वर्ष की भांति जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से यह सामाजिक सेवा कार्यक्रम जूनियर स्कॉटिश स्कूल, शास्त्री नगर परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल, शिक्षकगण एवं प्रबंधक अनुप कुमार स्वयं उपस्थित रहे। कंबल वितरण के दौरान प्रबंधक अनुप कुमार ने कहा कि स्कॉटिश परिवार समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझता है और इसी भावना के साथ हर वर्ष जरूरतमंदों की सहायता करता आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ भी और जब भी जरूरत होगी, स्कॉटिश परिवार आगे बढ़कर मदद करता रहेगा।

# हथियारों के साथ दर्जनों की संख्या में घर में घुसकर की मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के कोसूत गांव में एक घर में घुसकर हरवे हथियार के साथ एक परिवार के साथ जानलेवा हमला करने के मामले में पीड़ित ललिता देवी पति राजेश कुमार ने तकरीबन 10 लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

दरअसल ललिता देवी के द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है की 14.01.2026 की रात्रि करीब 8:00 बजे अपने घर पर थे कि अचानक सुदर्शन कुमार सीताश्री कुमार, टुन्नु पासवान, विनय पासवान, छोटे पासवान, बजरंगी पासवान, समेत तकरीबन 10 लोग हरवे हथियार के साथ घर में घुस आए और पिस्तौल के बट से मारना शुरू कर दिए, जिसमें हमारे सभी घर के लोग भयभीत हो गये। वहीं निशी कुम्हार और सितावी कुमार ने हमारे भैसूर संतोष कुमार के आंख में गंभीर चोट लगी है। वहीं सभी लाठी डंडे से लैस थे और सभी सदस्यों को गाली-गलौज कर मारपीट किए। इस दौरान घर का सारा सामान तोड़फोड़ करते हुए सभी आभूषण छीन छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए दिए गए आवेदन के आरोप में पुलिस पूरे मामले की बिंदुवार छानबीन करने में जुटी है।

# मुखिया पति के असामयिक निधन से गुरुवार को धनरूआ बाजार रहा बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रहे पप्पु चंद्रवंशी की असमायिक निधन पर गुरुवार को पुरा धनरूआ बाजार की दुकानें बंद रही। सभी दुकानदारों ने उनकी दुकानें बंद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया। दरअसल दिवगंत पप्पू चंद्रवंशी की हृदयाघात रुकने से सोमवार की रात मृत्यु हो गई थी, पप्पू चंद्रवंशी ने अपने मुखिया कार्यकाल मे कई योजनाओं मे बेहतर कार्य कर दिखाया था, जो आज भी उन्हे याद करते है।बाद के दिनो में धनरूआ बाजार में संगीता मिष्ठान भंडार के ऑनर थे। बहरहाल गुरुवार को धनरूआ में शोक की लहर छाई है और इस गमगीन माहौल में बाजार बंद रहा। वहीं इस दुखद खबर सुनकर विधायक अरूण मांझी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी शोककुल परीवार से मुलाकात कर उन्हे ढढांस बंधाई, और एक मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं पूर्व विधायिका रेखा देवी, पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, पूर्व प्रमुख राजकिशोर प्रसाद, दिनेश चंद्रवंशी योगेंद्र चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव, गौरव कुमार, उपेंद्र पंडित, विजय प्रसाद चंद्रवंशी, संतोष कुमार, अमित चंद्रवंशी, माले नेता जितेंद्र राम, पूर्व मुखिया राजकिशोर प्रसाद, चितरंजन कुमार उर्फ घंटू सहित अन्य कई लोग भी शामिल रहे।

# युवा समाजसेवी ने किया कंबल वितरण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मकर संक्रांति पर्व के मौके पर और बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए और अपने जन्मदिन की मौके पर असहाय गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसके अलावा नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का नागरिक अभिनंदन करते हुए सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया। दरअसल बिजली संवेदक महानंद राय ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व के मौके पर इसी दिन हमारा जन्म दिवस रहा है। और प्रत्येक साल हम मसौढ़ी के रेवां पंचायत के खरजामा गांव में गरीबों असहायों, वृद्धों के बीच कंबल वितरण कर उन सभी असहाय बुजुर्गो का आशीर्वाद लेते हैं। वहीं इस मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने इस नेक कार्य के लिए समाजसेवी को सराहा। इस मौके पर मसौढी विधायक अरुण मांझी, निहोरा प्रसाद यादव, डॉ राम जयपाल, विश्वरंजन, नवल भारती, लालमोहन सिंह, डॉ सुनील गावस्कर, सुनील वर्मा , ई. नंदकिशोर समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे, सबों ने कंबल वितरण कार्य को सराहा।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–19, दिनांक: 13.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. : टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–19, कार्य का नाम:** कार्य का निम्नलिखित टीआरडी अंश: (क): कालूबथान स्टेशन यार्ड में अप और डाउन लूप लाइनों का विस्तार (ख): जगदीशपुर में पूरी लंबाई की व्यवस्था। **निविदा मूल्य:** रु. 2,22,29,368.59, **बयाना राशि:** रु. 2,62,100/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 16.02.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-307/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–402, दिनांक 14.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "मालदा टाउन मंडल के तहत स्टेशन पर लाइटिंग्स के लिए आपातकालीन पावर सप्लाई (एटी) के साथ प्लेटफॉर्म शेड पर लाइट, पंखे का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,96,32,914.18, **बयाना राशि :** रु. 2,48,200/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 22.01.2026 से 05.02.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पट : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-295/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ता है महोत्सव : प्रमोद





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। महोत्सव केवल खेल और संस्कृति का मंच नहीं, बल्कि हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी है। महोत्सव नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ती है तथा बच्चों एवं युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराते हैं। यह बात रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नबीनगर प्रखंड अंतर्गत बड़ेम स्थित सूर्य राघव मंदिर परिसर में आयोजित भव्य सोननद महोत्सव में कहीं। सर्वप्रथम रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारीगण, नबीनगर प्रखंड प्रमुख लव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर विधिवत महोत्सव का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता द्वारा आगत अतिथियों को पौधा, शाल एवं सोननद का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। वहीं, विधायक द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल, तिलकुट एवं चुड़ा का वितरण भी किया गया। महोत्सव के दौरान सुप्रसिद्ध कलाकार करीना पांडे, सविता पांडे एवं आर्यन बाबू द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनका उपस्थित ग्रामीणों एवं दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

रफीगंज विधायक ने कहा कि सोननद महोत्सव औरंगाबाद जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिला भगवान सूर्य की नगरी के रूप में जाना जाता है और यहां सूर्य उपासना एवं मकर संक्रांति से जुड़े उत्सवों की विशेष परंपरा रही है। सोन नदी अमरकंटक पर्वत से निकलकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए बिहार में प्रवेश करती है और इस क्षेत्र की संस्कृति, सभ्यता एवं कृषि व्यवस्था को जीवन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सोन नदी के माध्यम से किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाता है, इसलिए नदी का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से नदियों की स्वच्छता एवं सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कुटुंबा विधायक ललन राम ने सोन नदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोन नदी हम सभी के लिए पूजनीय एवं जीवनदायिनी है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का पूजन किया जाता है, क्योंकि मानव जीवन का अस्तित्व इन्हीं पर निर्भर है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधनों के साथ हो रही छेड़छाड़ से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने वृक्षारोपण, नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि सोननद महोत्सव जैसे आयोजनों से न केवल सांस्कृतिक चेतना जागृत होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाता है। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सोननद महोत्सव सोन नदी तट पर अवस्थित ग्राम बड़ेम में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोकसंस्कृति, आस्था एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना है। उन्होंने सोन नदी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है। सोन नदी गंगा की प्रमुख सहायक नदी होने के साथ-साथ इस क्षेत्र की जीवनरेखा भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नदियों को प्रदूषणमुक्त रखना, पर्यावरण में उनकी भूमिका को समझना तथा नदियों के संरक्षण एवं विकास के माध्यम से समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने औरंगाबाद नगर की पेयजल समस्या का उल्लेख करते हुए बताया कि सोन नदी शहर को जल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत है। राज्य सरकार के प्रयास से स्थापित हो रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सोन नदी की स्वच्छता और संरक्षण अनिवार्य है। अंत में उन्होंने सभी से नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रदर्शनी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं बेबी प्रिया, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर, अंचल अधिकारी नबीनगर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।।

## आग तापने के दौरान महिला झुलसी, इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। आग की चपेट में आकर एक महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के मस्जिद गली वार्ड नंबर तीन की है। मृतका की पहचान मो. मुस्तकिम की पत्नी 75 वर्षीया मानो खातून के रूप की गई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने घर में आग ताप रही थी। इसी दौरान अचानक उसके कपड़े में आग पकड़ लिया। जब तक आग बुझाई जाती वह काफी जल गई थी। घटना के बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती करवाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मगध मेडिकल में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में शोक व्याप्त है। मो. तौफीक अंसारी ने बताया कि मृतका के दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। इधर, पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि सर्दी के मौसम में आग तापते समय अत्यंत सावधानी बरतें।

## नहर की मांग के लिए अनिश्चितकालीन धरना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। उत्तर कोयल नहर की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले प्रखंड कार्यालय परिसर में चल रहे अनिश्चित कालीन धरना के एक वर्ष पूरा होने पर वर्षगांठ समारोह मनाया गया जिसकी अध्यक्षता चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत धरना स्थल से जुलूस निकाल कर किया। जुलूस ब्लॉक रोड, महराजगंज मोड़, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, संगत, मुरली चौक, स्टेशन रोड होते हुए आम सभा में परिणत हो गयी। वक्ताओं ने अपनी बातें रखते हुए कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना 1970 में शुरू हुआ और आज तक अधर में पड़ा है। इस के कार्य को पूरा कराने के लिए किसान मजदूर मोर्चा 2004 से लगातार संघर्षरत है। वर्तमान में प्रखंड कार्यालय में 15 जनवरी 2025 से लगातार अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है जिसका परिणाम कुछ देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पूर्व मोर्चा के कुछ किसान झारखंड के मंडल डैम पहुंचे। जहां देखा कि डैम में लग ने वाला कुछ गेट रखा है। वहीं नहर लाइनिंग का कार्य प्रगति में है। परंतु झारखंड के पलामू, गढ़वा बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिला में किसानों के खेतों में लाल पानी नहीं पहुंचता है। तब तक सरकार पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। परियोजना के 55 वर्ष के समय में इस प्रकार के कई बार छोटे-मोटे कार्य करके किसानों के साथ छल किया गया है। इसलिए किसान मजदूर मोर्चा संकल्पित है कि जब तक नहर के अधूरे कार्य को पूरा नहीं किया जाएगा और किसानों के खेत में लाल पानी नहीं आएगा तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक मंडल सदस्य अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान, डॉ. तुलसी यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सीधी यादव, संतोष गिरी, पूर्व जिला पार्षद रामचंद्र आजाद, डॉ. शिवनंदन यादव, महेश यादव, किसान संघर्ष समिति जहानाबाद के मंजय कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, पूर्व मुखिया एस शहजादा शाही, भोला प्रसाद वर्मा, पाल कुमार यादव, बेचू यादव, लालदेव यादव, राम, दिनेश सिंह, नरेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जनता दरबार लगा जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण को सुनिश्चित करना था। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित परिवाद जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, घर में चोरी होने, आगजनी से हुए नुकसान पर मुआवजा, अतिक्रमण हटाने, भूमि विवाद, रास्ता अवरुद्ध होने, शस्त्र अनुज्ञप्ति, प्रमाण-पत्र निर्गमन सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में औरंगाबाद शहर के न्यू एरिया अंतर्गत लक्ष्मण बिगहा निवासी राहुल कुमार द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति से संबंधित, अंबा थाना क्षेत्र के हरदता निवासी दमोदर दूबे द्वारा घर में चोरी की घटना से संबंधित, नवीनगर प्रखंड के माली पंचायत अंतर्गत गम्हरिया निवासी प्रिया देवी द्वारा दाखिल-खारिज से संबंधित, नवीनगर के वार्ड संख्या-06 निवासी रिंकु देवी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के पीछे, सड़क निर्माण में घर के सामने सड़क ऊंची किए जाने से संबंधित, रफीगंज थाना क्षेत्र के लहास गांव निवासी नवीन कुमार द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कक्षा आठ के अंक पर प्रतिहस्ताक्षर नहीं किए जाने से संबंधित, सदर प्रखंड के रायपुरा दिवाकर कुमार निवासी दिवाकर कुमार द्वारा ग्राम-मौजा घनहारा, हल्का-पवई के खाता संख्या-16, प्लॉट संख्या-37, एराजी 50 डी० की भूमि के अवैध बिक्री अनुबंध से संबंधित, रोहतास जिले के डिहरी थाना क्षेत्र के मकराईन निवासी दयानंद सिंह द्वारा उनकी भूमि पर विपक्षियों द्वारा बालू घाट खोलवाने के कथित षड्यंत्र से संबंधित, नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर नवाब गली निवासी विजय कुमार द्वारा ओबीसी प्रमाण-पत्र निर्गमन से संबंधित सहित अन्य परिवादियों द्वारा भी जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखी गईं। जिलाधिकारी द्वारा सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच करते हुए त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## वायरल वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद पुलिस ने सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा बताया जा रहा है कि संडा पंचायत के मुखिया गुलाम सरवर ने गाली-गलौज करते हुए जान मारने की धमकी दी और उसके कार को जला दिया। वायरल विडियो में दिखने वाले व्यक्ति की पहचान संडा गांव निवासी इरफान अंसारी के रूप में हुई है। मामले में इरफान की मां सलेहा खातून उर्फ रजिया बानो ने कुछ माह पूर्व कुटुंबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में उन्होंने जिक्र किया है कि संडा पंचायत के मुखिया गुलाम सरवर, अंबा थाना क्षेत्र के मंसारा गांव निवासी इबरार अंसारी और समीर अंसारी ने 20 अक्टूबर 2025 को मेरे घर आकर धमकी दिया कि तुमको बर्बाद कर देंगे। तुम लोगों को जान से हाथ धोना पड़ेगा, देखेंगे हम लोगों को कौन क्या कर लेगा। इसके बाद 21 अक्टूबर 2025 की रात्रि दो - तीन बजे के बीच इन लोगों ने मेरे घर के बाहर खड़ी इनोवा कार को आग के हवाले कर दिया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए कह रहे थे कि देख लो हमसे टकराने का अंजाम क्या होता है। उन्होंने बताया कि इस घटना से पूरे परिवार में दहशत का माहौल है।

## औरंगाबाद डाक प्रमंडल के सौजन्य से बांटा गया कंबल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। मकरसंक्रांति के अवसर पर औरंगाबाद डाक प्रमंडल द्वारा सामाजिक सरोकार एवं जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए एक विशेष अभियान का सफल आयोजन किया गया। 14 एवं 15 जनवरी को डाक अधीक्षक प्रिय रंजन एवं डाक निरीक्षक (ग्राहक संतुष्टि) रमन राज के नेतृत्व में औरंगाबाद एवं अरवल जिले के कुल 403 डाकघरों के माध्यम से बच्चियों के सुरक्षित भविष्य हेतु सुकन्या समृद्धि खाता खोलने की विशेष मुहिम चलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य था कि प्रत्येक डाकघर से कम से कम एक सुकन्या समृद्धि खाता अवश्य खोला जाए, जिसे डाक परिवार ने पूर्ण निष्ठा एवं उत्साह के साथ साकार किया। परिणामस्वरूप सुकन्या समृद्धि योजना के कुल 403 खाते सफलतापूर्वक खोले गए, जो बालिकाओं के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। साथ ही ग्रामीण अंचलों में जीवन सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु ग्रामीण डाक जीवन बीमा के अंतर्गत 140 बीमा प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनका कुल बीमा मूल्य 3 करोड़ 66 लाख रूपये तथा प्रीमियम मूल्य 3 लाख 10 हजार रूपये है। यह उपलब्धि ग्रामीण जनता के डाक विभाग पर विश्वास एवं जागरूकता को दर्शाती है। इस पावन पर्व पर औरंगाबाद डाक परिवार ने केवल विभागीय दायित्व ही नहीं निभाया, बल्कि अपनी व्यक्तिगत सामाजिक जिम्मेदारी का भी अनुकरणीय परिचय दिया। डाक कर्मियों द्वारा अपने निजी कोष से 420 कंबलों का वितरण सभी डाकघरों के माध्यम से जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच कराया गया। ठंड के इस मौसम में यह पहल न केवल शरीर को, बल्कि मानवता के प्रति विश्वास को भी गर्माहट देने वाली रही। उक्त समस्त कार्यक्रम अरवल के सहायक डाक अधीक्षक मुकेश कुमार, दाउदनगर के डाक निरीक्षक अभय कुमार, औरंगाबाद पश्चिमी के डाक निरीक्षक मिथिलेश कुमार, औरंगाबाद पूर्वी के डाक निरीक्षक ओम प्रकाश गोंड तथा औरंगाबाद प्रधान डाकघर के डाकपाल सरोज कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग केवल सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षा, सम्मान और सहयोग पहुंचाना भी हमारा दायित्व है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

## एसपी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की शिकायतें




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार रफीगंज थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

इस दौरान एसपी ने आम लोगों और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सीधे सुनीं। फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें एसडीपीओ के समक्ष रखीं। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामले सबसे अधिक छाए रहे। इन मामलों को गंभीरता से सुनते हुए एसपी ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। एसपी ने बताया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों को काफी लाभ होगा और थाना स्तर पर ही मामलों का त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट किया कि महिलाओं, किशोरियों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत अलग-अलग थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार थानाध्यक्ष शंभू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## भारत माला परियोजना में भू-अर्जन मुआवजा वितरण में तेजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। भारत माला परियोजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में जिले में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। प्रशासन की सक्रियता और पारदर्शी कार्यप्रणाली के चलते बड़ी संख्या में रैयतों के बैंक खातों में मुआवजा राशि का सीधा हस्तांतरण किया जा चुका है। परियोजना के तहत जिले में भूमि अधिग्रहण का कार्य तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में अब तक 4 मौजा में 5 किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण पूरा किया गया है। इस चरण में 60 रैयतों को कुल 7 करोड़ 18 लाख 59 हजार 17 रुपये का भुगतान किया गया है। द्वितीय चरण के अंतर्गत 33 मौजा में 27 किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इसमें 481 रैयतों को 83 करोड़ 22 लाख 84 हजार 135 रुपये की मुआवजा राशि वितरित की जा चुकी है। तृतीय चरण में अब तक 36 मौजा में 20 किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इस चरण में 158 रैयतों को 14 करोड़ 1 लाख 41 हजार 862 रुपये का भुगतान किया गया है। पिछले डेढ़ माह की अवधि, यानी 1 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 के बीच, विशेष प्रयासों के तहत 235 रैयतों के खातों में कुल 24 करोड़ 9 लाख 60 हजार 147 रुपये की राशि सफलतापूर्वक स्थानांतरित की गई है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने उन रैयतों से अपील की है, जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं दिया है या जिनके दस्तावेज अधूरे हैं, वे आवश्यक कागजात के साथ शीघ्र कार्यालय में आवेदन जमा करें। वहीं जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुआवजा भुगतान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो और शेष सभी पात्र रैयतों को प्राथमिकता के आधार पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## रात में दुर्घटनाओं से बचने के लिए लगाया जा रहा है रिफ्लेक्टिंग टेप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की भौतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न सड़क सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में जिले के विभिन्न मार्गों पर निर्धारित स्पीड लिमिट के अनुपालन, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के निर्माण, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), पब्लिक अंडर पास (पीयूपी) एवं व्हीकल अंडर पास (वीयूपी) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके। साथ ही आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रचार–प्रसार गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने पर विशेष बल दिया गया।

## एक नजर

### क्रिकेट फाइनल में टेरी की टीम ने पीरू को 9 विकेट से हराया



**हसपुरा/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड के पीरू खेल मैदान में स्टार जूनियर क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पीरू और टेरी की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में टेरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीरू को 9 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के अवसर पर गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खां, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिन्हा, मुखिया गोपाल सिंह, सरपंच अरविंद सिंह, पंसस धनंजय कुमार मुन्ना सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए विधायक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि क्रिकेट अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गांव-गांव में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल में हार नहीं होती, बल्कि कभी-कभी प्रदर्शन में कमी रह जाती है। मैच में टॉस जीतकर टेरी की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीरू की टीम निर्धारित ओवरों में 7 गेंद शेष रहते 97 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में टेरी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 9 विकेट से मैच जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोरंजन को 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार प्रदान किया गया। अंपायर की भूमिका जितेन्द्र और अंशु ने निभाई, जबकि स्कोरिंग शिबु ने की। कमेंट्री मनोज कुमार और अफगान द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भैरोनाथ से और संचालन जय प्रकाश कुमार ने किया।

### मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली धावा नदी डैम के समीप मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26वां सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मगध सम्राट बिरहा गायक अखिलेश लाल यादव एवं प्रसिद्ध गायिका संजना चौधरी ने भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से किया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक चंदन यादव उर्फ पुलिस भाई ने बताया कि 10 जनवरी को उनके बड़े पिताजी का निधन हो गया था। ऐसे में यह आयोजन उनकी पुण्य स्मृति में तथा आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना स्वरूप किया गया। उन्होंने कहा कि आयोजन में सांस्कृतिक परंपरा के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी निहित रहा। कार्यक्रम के दौरान मगध सम्राट अखिलेश लाल यादव और उत्तर प्रदेश की गायिका संजना चौधरी के बीच बिरहा मुकाबला हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अखिलेश लाल यादव ने अपनी गायिकी के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने भविष्य में भी निःशुल्क अपनी टीम के साथ कार्यक्रम करने का आश्वासन देकर आयोजकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर डॉ. तुलसी यादव, बबलू यादव, रंजीत उर्फ जमादार यादव, मंटू सिंह, उदय सिंह, भोला सिंह, विकास यादव, अनिल कुमार यादव, भोलानाथ वर्मा, शिक्षक राकेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम देर रात तक चला और क्षेत्र में सांस्कृतिक उल्लास की गूंज बनी रही।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड पर देव होल्ट स्टेशन कड़सारा और चंद्रेहटा गांव के बीच एक दर्दनाक हादसे में 29 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना रेलवे पोल संख्या 511/22 के पास की है। मृतक की पहचान झारखंड के गढ़वा जिले के कांडी थाना अंतर्गत लमारी कला पोस्ट के चनपटिया गांव निवासी चंद्रदीप यादव (29) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक रेलवे लाइन पर चल रहे कार्य में मजदूरी करता था। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### परिवहन मंत्री से मांगः पटना से भृगु ऋषि आश्रम तक शुरू हो बिहार राज्य पथ परिवहन की बस सेवा

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार से जदयू कार्यकर्ताओं ने पटना से भृगु ऋषि आश्रम तक नई बस सेवा शुरू करने की मांग की है। गुरुवार को राजगीर में आयोजित एक वनभोज कार्यक्रम के दौरान गोह से आए कार्यकर्ताओं ने मंत्री को इस संबंध में एक मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम में शामिल जदयू नेता मधुसूदन सिंह और विनय पटेल ने परिवहन मंत्री से विशेष रूप से आग्रह किया कि पटना से चमन ऋषि आश्रम, अमझर शरीफ मजार और देवकुंड होते हुए भृगु ऋषि आश्रम तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसें चलाई जाएं। कार्यकर्ताओं का तर्क है कि इन ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के बीच सीधी बस सेवा न होने से श्रद्धालुओं और स्थानीय यात्रियों को काफी असुविधा होती है। इस मार्ग पर सरकारी बस सेवा शुरू होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यकर्ताओं की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस रूट की उपयोगिता की जांच कराकर जल्द ही परिवहन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि आम जनता को सुलभ परिवहन का लाभ मिल सके।

## देव में मकर संक्रांति पर दिखा सांस्कृतिक जुड़ाव



**देव (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। भगवान भास्कर की पावन नगरी देव में मकर संक्रांति के अवसर पर सांस्कृतिक परंपरा, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का अनूठा दृश्य देखने को मिला। यहां दही-चूड़ा केवल भोजन नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और आपसी एकता का सशक्त माध्यम बनकर सामने आया। मकर संक्रांति के अवसर पर 85 वर्षीय वैजनाथ प्रसाद ने युवाओं को एकत्र कर सबसे पहले भगवान सूर्य का विधिवत पूजन किया। इसके बाद दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया, जिसमें लोग ऊंच-नीच और भेदभाव भूलकर एक साथ बैठकर भोजन करते नजर आए। यह आयोजन सामाजिक समानता और भाईचारे का प्रतीक बना। इसके साथ ही देव मुख्य बाजार में एक स्टाल लगाकर जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य किया गया। स्टाल के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को एक पैकेट में चूड़ा, तिलकुट और गुड़ वितरित किया गया। साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए ठंड से राहत के लिए कंबल का भी वितरण किया गया, जिससे गरीब और असहाय लोगों को काफी सहारा मिला। वृद्धावस्था में भी वैजनाथ प्रसाद द्वारा किए गए इस सेवा कार्य ने सभी को प्रेरित किया। इस आयोजन में युवाओं में संजय, संतोष, राकेश और नंदलाल कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई और सेवा कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाजसेवियों ने कहा कि सौर तीर्थ नगरी देव में मकर संक्रांति का पर्व आध्यात्मिक चेतना और नई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इसी दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं, जिसे देवताओं का दिन कहा गया है। ऐसे अवसर पर सेवा, सहयोग और सामाजिक एकता के कार्य समाज को नई दिशा देते हैं।